मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 36.7 | 27.9 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 24.6 |
| डालटनगंज | 36.8 | 22.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 04 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 4 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,000 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

## ब्रीफ खबरें

### एक और 'ढाका त्रासदी' की आशंका : इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने देश के हालिया घटनाक्रम और 1971 की ढाका त्रासदी की परिस्थितियों के बीच तुलना की और आगाह किया कि नकदी संकट से जूझ रहे देश में मौजूदा हालात के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था ठप पड़ सकती है. समाचार पत्र डॉन ने अपनी एक खबर में बताया कि पीटीआई के संस्थापक अध्यक्ष खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल से एक संदेश में मौजूदा सरकार को याद दिलाया कि देश और संस्थान स्थिर अर्थव्यवस्था के बिना नहीं बच सकते. खान ने अपने संदेश में कहा, मैं हमूदुर रहमान आयोग की रिपोर्ट की याद दिलाना चाहता हूं कि हम फिर से वही गलतियां दोहराने जा रहे हैं, जो हमने अतीत में की थीं

### महिला पूर्व पति को गुजारा भत्ता दे : कोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने एक कामकाजी महिला को उसके पूर्व पति को 10,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया है, जो अपनी बीमारियों के कारण जीवन यापन का खर्च नहीं उठा पा रहा है. न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हिंदू विवाह एक्ट के प्रावधानों में शब्द स्पाउस (जीवनसाथी) का उल्लेख है और इसमें पति और पत्नी दोनों आते हैं. जब पति खुद का गुजारा करने में सक्षम नहीं है और पत्नी की आय का कोई स्रोत है, तो वह अंतरिम गुजारा भत्ता देने के लिए जवाबदेह है.

### हरियाणा में स्कूल बस पलटी, 6 बच्चों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही एक बस के पलट जाने से छह विद्यार्थियों की मौत हो गई और करीब 20 अन्य घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. बताया गया है कि बस चालक नशे में था, जिससे यह हादसा हुआ.

### थरूर बोले-भाजपा कर रही है दुष्प्रचार

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने गुरुवार को लोकसभा चुनावों में दक्षिण भारत में मजबूत प्रदर्शन के भाजपा के दावे को उसके दुष्प्रचार का परिणाम बताया और कहा कि सत्ताधारी दल उत्तर में साम्प्रदायिकता, धार्मिक विभाजन और मूलनिवासी सामाजिक विभाजन जैसे जो विमर्श गढ़ता है, वे वहां लागू नहीं होते.

### यशवंत सिन्हा ने भाजपा को घेरा

**नयी दिल्ली।** चुनावी बॉण्ड को बड़ा घोटाला और नोटबंदी को काले धन को सफेद में बदलने का तरीका करार देते हुए पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने भ्रष्ट कृत्यों पर गोपनीयता की चादर ढंक देती है और उम्मीद करती है कि लोगों को उनके बारे में कभी पता नहीं चलेगा.

### अब सीबीआई ने कविता को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. हालांकि उन्हें पहले ही ईडी ने गिरफ्तार किया था और वह तिहाड़ जेल में हैं.

### पुलवामा में लश्कर का आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया. पुलिस ने बताया कि मारे गये आतंकी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गई है.

# राज्य में उल्लास के साथ निकली सरहुल की शोभायात्रा और मनी ईद



**सरहुल का जश्न** रांची के आदिवासी छात्रावास के सरनास्थल पर सीएम चंपाई सोरेन ने की प्रार्थना.



**ईद की खुशी** ईद के मौके पर मुस्लिमों ने नमाज अदा कर मांगी खुशहाली की दुआ. फोटो। रमीज

# 15 नक्सलियों ने पहली बार एक साथ किया आत्मसमर्पण

**बड़ी उपलब्धि :** एक करोड़ के इनामी मांझी व बेसरा के शोषण से थे परेशान




संवाददाता। रांची/चाईबासा

भाकपा माओवादी संगठन के 15 नक्सलियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष एकसाथ आत्मसमर्पण कर दिया. एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों का आत्मसमर्पण करना, पुलिस और सुरक्षा बलों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. सरेंडर करने वाले सभी नक्सली एक करोड़ इनामी के पतिराम मांझी और मिसिर बेसरा के शोषण से परेशान थे. सरेंडर करने वालों में एक नाबालिग भी शामिल है. गुरुवार को चाईबासा पुलिस लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सभी नक्सलियों ने डीआईजी मनोज रतन चौथे, डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी आशुतोष शेखर के समक्ष आत्मसमर्पण किया. सरेंडर करने वाले 14 नक्सलियों का आपराधिक इतिहास रहा है, इनके खिलाफ चाईबासा जिले के अलग अलग थानों में अलग-अलग मामले दर्ज हैं. बता दें कि कोल्हान के जंगल में पिछले एक साल से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है.

बूढ़ा पहाड़, बुलबुल जंगल, खूंटी, चाईबासा और सरायकेला खरसावां के ट्राई जंक्शन क्षेत्र को नक्सलमुक्त करने के बाद सुरक्षा बल पश्चिम सिंहभूम के सारंडा क्षेत्र पर फोकस किये हुए हैं. बताया जाता है कि अधिकांश बड़े नक्सली इसी क्षेत्र में अपना ठिकाना बनाए हुए हैं. झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ जवानों द्वारा इस क्षेत्र की लगातार घेराबंदी की जा रही है. हाल के वर्षों में नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा है. यही कारण है कि नक्सलियों के प्रभाव वाले कई गांवों को मुक्त करा लिया गया है. हालांकि, इस अभियान में सुरक्षा बलों को भी नुकसान पहुंचा है.

### इन्होंने किया सरेंडर, जानें कितने मामले दर्ज थे

1. प्रधान कोड़ा : आठ मामले
2. चंद्रोमोहन : सात मामले
3. पगला गोप : पांच मामले
4. विजय बोयपाई : चार मामले
5. गंगा राम पूर्ति : तीन मामले
6. बोयो कोड़ा : दो मामले
7. जोगेन कोड़ा : दो मामले
8. पेलोंग कोड़ा : दो मामले
9. रामजा पूर्ति : दो मामले
10. सोहन सिंह : एक मामला
11. सुशील : एक मामला
12. डोरेन चंपिया : 00
13. सोनू चंपिया : 00
14. मनी चंपिया : 00
15. मोगा चंपिया : 00

चाईबासा में हुआ कार्यक्रम

### 161 नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

चाईबासा जिले में नक्सलियों के खिलाफ साल 2022 से अभियान चल रहा है. 2022 से अबतक 161 नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. 2022-23 में कुल 11 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया और भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार जमा कराये गये. इनमें 375 विस्फोटक, हथियार, कारतूस और अन्य दैनिक उपयोग के सामान शामिल हैं. साथ ही नक्सलियों के स्थाई कैंप ईआरबी मुख्यालय, 08-10 अस्थाई कैंप और 15 बंकर ध्वस्त किये गये. चाईबासा में उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उग्रवाद प्रभावित थाना क्षेत्रों में आम जनता के मन में उपजे सुरक्षा भाव को बनाये रखने के लिए कुल 16 नये सुरक्षा कैंपों को भी बनाया गया है.

# धनबाद में अकेले बैटिंग कर रहे ढुल्लू

संवाददाता। धनबाद

कोयलांचल की पिच पर भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो अकेले ही बैटिंग कर रहे हैं. उनको रोकने वाला विपक्षी चेहरा अब तक मैदान में नहीं है. जब ढुल्लू पूरे क्षेत्र का दौरा कर लेंगे, तब कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा करेगी. सभी को कांग्रेस प्रत्याशी का इंतजार है. ढुल्लू पर चल रहे 50 केस उनकी सेहत पर असर डाल सकते हैं. जिसकी चर्चा चाय दुकानों से लेकर सियासी गलियारों में हो रही है.

बता दें कि भाजपा प्रत्याशी के रूप में ढुल्लू महतो के नाम के ऐलान को करीब तीन हफ्ते हो गए हैं. उनकी



- कांग्रेस के प्रत्याशी की अब तक घोषणा नहीं, लोग बेचैन

टक्कर किससे होगी, अभी तक यह सवाल हैं . कांग्रेस की इस सीट से आखिर कौन उम्मीदवार होगा. यह मंथन और चिंतन का दौर चल रहा है. इसके चलते, धनबाद की आवाम भी बैचन और आतुर है कि पंजे से किसे टिकट मिलेगा. इधर ढुल्लू महतो को इससे मनोवैज्ञानिक फायदा मिल रहा हैं और फजीहत झारखंड कांग्रेस के आलाकमान की हो रही है.

### ढुल्लू को हिट विकेट कराने में लगे हैं सरयू राय

ढुल्लू महतो को लेकर जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय लगातार नए-नए



खुलासे कर उन्हें हिट विकट कराने में लगे हैं. ढुल्लू के बीजेपी से टिकट मिलने के बाद से ही खट-पट देखने को मिली. सरयू राय से ढुल्लू का विवाद जारी है. ढुल्लू महतो ये जानते हैं कि ये चुनाव उनके लिए एक कठिन परीक्षा है. क्योंकि यहां की लड़ाई बाहरी बनाम भीतरी की होने वाली है.

### श्रम, भूमि सुधारों को लागू करे केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने गुरुवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए केंद्र और राज्यों को श्रम तथा भूमि क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सुधारों को आगे बढ़ाने को लेकर एक साथ आने की जरूरत है. सीआईआई के सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उम्मीद जतायी कि रिजर्व बैंक दूसरी तिमाही में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती करेगा. सीआईआई अध्यक्ष ने देश की वृद्धि क्षमता को साकार करने के लिए सुधारों पर अपने दृष्टिकोण को साझा किया है. दिनेश ने कहा, जब हम वृद्धि दर में तेजी पर गौर करते हैं, तो हम तीन-चार क्षेत्रों के बारे में बात करते हैं.

## चुनावी समर 2024

**भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा**

### पीएम मोदी बोले-इंडी गठबंधन के लोग मोदी के खिलाफ एकजुट

**जयपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये आम चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने का चुनाव है. वे करौली में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. पीएम ने कहा, मोदी ने आपको गारंटी दी थी कि भाजपा की सरकार आएगी और पेपर लीक माफिया जेल के भीतर दिखाई देंगे. आज मोदी की गारंटी पूरी हुई कि नहीं? आज पूरे देश में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है. इसीलिए इंडी गठबंधन के लोग मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं. देश में क्या चल रहा है... एक तरफ मोदी है, जो कहता है भ्रष्टाचार हटाओ. दूसरी तरफ वे लोग हैं जो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ. ये सारे लोग जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए निकले हैं, वे कान खोल कर सुन लें, मोदी को कितनी भी धमकियां दें. भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है.



**ये चुनाव विचारधाराओं के बीच**

### राहुल गांधी बोले-देश में महंगाई और बेरोजगारी ही सबसे बड़े मुद्दे

**जयपुर।** केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश के सामने दो सबसे बड़े मुद्दे बेरोजगारी व महंगाई हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं है. उन्होंने कहा कि चुनाव देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है. राहुल अनूपगढ़ में कांग्रेस की सभा में बोल रहे थे. कहा, ये चुनाव 90% लोगों का चुनाव है. पिछड़ों का, दलितों का, आदिवासियों का, गरीब सामान्य जाति वालों का. उन्होंने कहा कि चुनावी बॉण्ड से दबाव डाल कर, हफ्तेबाजी कर भाजपा ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों से पैसा लिया है. ये चुनाव देश के गरीब और 22-25 अरबपतियों के बीच चुनाव है. भाजपा की केंद्र सरकार पर कुछ बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने वादा किया, जितना पैसा उन्होंने अरबपतियों को दिया, कांग्रेस उतना पैसा गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को देगी. अगर मोदी बड़े उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर सकते हैं, तो कांग्रेस पार्टी फिर से किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी.



**ममता बनर्जी ने भरी हुंकार**

### जब तक मैं जिंदा हूं, आप सबको चिंता करने की जरूरत नहीं है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी. ममता ने ईदर पर यहां रेड रोड में सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान दंगा कराने की कोशिश करेंगे. साथ ही उन्होंने लोगों से साजिश का शिकार नहीं होने का आग्रह किया. बनर्जी ने कहा, हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे. मुझे लोगों से घृणा करनी नहीं आती. मैं नफरत फैलाने वाले भाषण नहीं देती. मैं चाहती हूं कि सभी शांति और सौहार्द के साथ भाइयों की तरह रहें. अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता. किसी को भी इस एकता को तोड़ने नहीं दीजिएगा. बनर्जी ने कहा, जब तक मैं जिंदा हूं आपको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता. मैं उनका मुकाबला करती रहूंगी.



**मेनका ने कांग्रेस पर कसा तंज**

### राहुल राजनीति से लें ब्रेक देश दामादों से आगे बढ़ चुका

**लखनऊ।** यूपी के सुल्तानपुर से भाजपा की उम्मीदवार मेनका गांधी ने कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं पर खूब तंज कसा. उन्होंने सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा पर निशाना साधा. दरअसल रॉबर्ट वाड्रा की अमेठी सीट से कथित दावेदारी की चर्चाएं हैं. खुद वाड्रा ने इस पर टिप्पणी की थी. अब मेनका गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा पर कहा कि उन्हें राजनीति का अनुभव नहीं है. एक चैनल से बात करते हुए मेनका ने रॉबर्ट वाड्रा को लेकर कहा कि यह देश दामादों से आगे बढ़ चुका है. इसके अलावा, उन्होंने अपनी जेठानी के बेटे यानी राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें राजनीति से ब्रेक ले लेना चाहिए. कांग्रेस पार्टी तभी आगे बढ़ सकती है, जब उसके पास कोई बड़ा आइडिया या नेता हो. उन्होंने प्रियंका गांधी पर भी तंज कसा. अटकलें हैं कि प्रियंका अपनी मां की सीट रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं. इस पर मेनका ने कहा कि वे आएं तो सही. उन्होंने कहा कि रायबरेली से उनकी दादी (इंदिरा), उनकी मां (सोनिया गांधी) चुनाव लड़ चुकी हैं. इसलिए उस सीट पर परिवार का असर तो होगा ही.



# खुशी से मर न जाते गर एतबार होता...



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**जीतेगा वही जो जनता की नजर में विश्वसनीय होगा और जिस पर कोई गंभीर आरोप चस्पां नहीं होगा**

**प्रसंगवश**

आम चुनाव का माहौल गरमाने लगा है. रैलियां शुरू हो गयी हैं. नतीजों के कयास लगने लगे हैं. सबके अपने-अपने हिसाब-किताब हैं. लेकिन पिछले दो चुनावों के विश्लेषण से पता चलता है कि नामचीन दिग्गजों के अनुमान गलत साबित हुए हैं. इसलिए इस बार किंतु, परंतु, अगर, मगर के सहारे गुणा-भाग किया जा रहा है. अलबत्ता किसी एक खेमे में खड़े हिसाबी लोग बेधड़क किसी को हरा जिता रहे हैं. लेकिन हकीकत यह है कि चुनाव का गणित और उसकी समीक्षा का व्याकरण लगातार बदल रहा है. मीडिया का अड्डा बदल गया है. सबके हाथ में मोबाइल है. उसमें फैक्ट चेक की सुविधा भी है. इसलिए नेता क्या बोल रहे हैं और परंपरागत मीडिया क्या लिख रहा है, क्या दिखा रहा है, उसकी मुकम्मल तहकीकात संभव हो गयी है. इसलिए जीतेगा वही जो जनता की नजर में विश्वसनीय होगा और जिस पर कोई गंभीर आरोप चस्पां नहीं होगा. अब तिकड़मी राजनीति और कुछ भी कह कर निकल जाने का जमाना लद गया है. इसलिए चुनाव जीतने के लिए या जनता को भरमाने के लिए जो भी वायदे किये जा रहे हैं और किये जाएंगे, उन्हें विश्वसनीयता की कसौटी पर कसा जाएगा. यानी कौन-सी घोषणाएं पूरी की जा सकती हैं और कौन पूरा कर सकता है, इसकी जांच-पड़ताल होगी. इसके लिए जरूरी है कि दोनों तरफ के सेनापति मैदान में दिखाई दें, ताकि उनके व्यक्तित्व, कृतित्व, समझ और दृष्टि को समझा-परखा जा सके. इस लिहाज से देखें, तो सेनापति सिर्फ एक ही तरफ है.

दूसरी तरफ अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सेनापति हैं. इस मामले में एनडीए का पलड़ा भारी है. यह सेनापति लड़ना भी जानता है और लड़ाना भी. वह व्यूह रचने और विपक्ष का व्यूह भेदने में भी माहिर है. इसका मतलब यह कदापि नहीं है कि उसकी घेराबंदी नहीं हो सकती और उसे परास्त नहीं किया जा सकता. लेकिन इसके लिए अभेद्य व्यूह की रचना करनी होगी और व्यूह के हर दरवाजे पर अमोघ अस्त्रों से लैस पराक्रमी योद्धाओं को तैनात करना होगा, जो अब तक नहीं हो सका है. अच्छा होता कि विपक्ष यूपीए के दस साल की उपलब्धियों और एनडीए के दस साल के जमा हासिल के बीच मुकाबले की चुनौती पेश करता. दोनों के आंकड़े जनता के बीच परोस दिये जाते. विपक्ष यह भी साहस नहीं दिखा सका है. हथियार के नाम पर उसके पास लोकतंत्र, संविधान की रक्षा, बेरोजगारी, महंगाई और नया-नया चुनावी बॉण्ड का मुद्दा है. जांच एजेंसियों के जरिए प्रताड़ना का मुद्दा भी उठाया जा रहा है. इन पर संक्षेप में विचार करें तो पाएंगे कि वंशवादी पार्टियां लोकतंत्र क्या खाक बचाएंगी ? वे तो अंधा बांटे रेवड़ी, पुनि-पुनि आपुन ले को चरितार्थ करती रही हैं. संविधान में तो संशोधन होते रहे हैं. आगे भी होंगे. यह अधिकार संविधान निर्माताओं ने ही संसद को दिया है. इंदिरा गांधी ने तो लोकतंत्र को हवा में टांग कर संविधान की उद्देशिका में ही संशोधन कर दिया था. जहां तक बात महंगाई, बेरोजगारी की है, ये सदाबहार मुद्दे हैं. लेकिन विपक्ष यह बताता क्यों नहीं है कि उसकी सरकारों के समय बेरोजगारी और महंगाई दर क्या थी और मोदी ने कितना कबाड़ा कर दिया है ?

- शेष पेज 7 पर

# सस्ती जमीन लेते हैं निजी अस्पताल पर, गरीबों का इलाज नहीं करते

एजेंसी। नयी दिल्ली

**सख्त टिप्पणी**

- नेत्र रोगों के लिए देश भर में समान दर तय करने का फैसला
- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की राय के लिए नोटिस जारी किया

सरकार से सस्ती जमीन हासिल करके बनने वाले निजी अस्पतालों पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है. कोर्ट ने कहा, ये अस्पताल सब्सिडी पर जमीन लेकर इमारत बना लेते हैं, फिर गरीबों के लिए बेड रिजर्व करने के वादे से मुकर जाते हैं, न ही गरीबों का सस्ता इलाज करते हैं. जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस प्रसन्ना बी. वाराले ने नेत्र रोगों के इलाज के लिए पूरे देश में एक समान दर तय किए जाने को चुनौती देनेवाली अर्जी पर ये बात कही. कोर्ट ने कहा,निजी अस्पतालों को जब सब्सिडी पर जमीन लेनी होती है, तो कहते हैं कि हम 25% बेड गरीबों के लिए रिजर्व रखेंगे, लेकिन ऐसा कभी होता नहीं.

दरअसल सरकार ने नेत्र रोगों के इलाज के लिए देश में समान दर तय करने का फैसला लिया है. ऑप्थैलमोलॉजिकल सोसायटी की ओर से याचिका दाखिल की गई है. कहा गया है कि स्पेशलिस्ट्स के रेट समान नहीं हो सकते. कोर्ट ने इस पर केंद्र सरकार की राय लेने के लिए नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख तय की है.

### रॉयल्टी के रूप में मिले 15,809 करोड़ रुपये, एक करोड़ चार लाख मीट्रिक टन आयरन ओर का हुआ उत्पादन

# झारखंड में रिकॉर्ड 13.81 करोड़ मीट्रिक टन खनिज का उत्पादन

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में रिकॉर्ड 13 करोड़ 81 लाख 56 हजार 275 मिट्रिक टन खनिज का उत्पादन हुआ है. इसकी एवज में झारखंड सरकार को रॉयल्टी के रूप में 15 हजार 809 करोड़ रुपए मिले हैं. मेजर खनिजों से रॉयल्टी के रूप में 14,809.59 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जबकि माइनर खनिजों से राज्य सरकार को रॉयल्टी के रूप में 999.8 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं.

### तीन साल में 63.93 करोड़ मीट्रिक टन खनिज का उत्पादन

पिछले तीन साल में झारखंड में 63 करोड़ 93 लाख पांच हजार 720 मीट्रिक टन मेजर खनिजों का उत्पादन हुआ. जबकि माइनर खनिजों के रूप में 176 करोड़ 17 लाख 62 हजार 260 सीएफटी का उत्पादन हुआ. वहीं खनिजों की ढुलाई के लिए 11,409 परमिट जारी किए गए.

**959.13 मीट्रिक टन हुआ चूना पत्थर का उत्खनन**

### किस खनिज का कितना हुआ उत्पादन

| खनिज | उत्पादन (मीट्रिक टन में) |
|---|---|
| आयरन ओर | 1,04,66,990 .26 |
| कोयला | 12,65,87,174 .9 |
| बॉक्साइट | 10,61,193 .19 |
| ग्रेनाइट | 3,341 |
| कायनाइट | 2 .071 |
| लाइम स्टोन | 959 .13 |

### किस जिले में कितना परमिट जारी हुआ

| जिला | परमिट की संख्या | जिला | परमिट की संख्या | जिला | परमिट की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| बोकारो | 794 | गोड्डा | 99 | लोहरदगा | 52 |
| चाईबासा | 536 | गुमला | 159 | पाकुड़ | 763 |
| चतरा | 1648 | हजारीबाग | 554 | पलामू | 367 |
| देवघर | 771 | जमशेदपुर | 66 | रामगढ़ | 591 |
| धनबाद | 1863 | जामताड़ा | 78 | रांची | 395 |
| दुमका | 254 | खूंटी | 121 | साहिबगंज | 1149 |
| गढ़वा | 36 | कोडरमा | 148 | सरायकेला-खरसांवा | 125 |
| गिरिडीह | 181 | लातेहार | 618 | सिमडेगा | 21 |

### अमर बाउरी आज और कल सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी 12-13 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे. दो दिन में विभिन्न मंडलों में मंडल के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष व महामंत्री, शक्ति केंद्रों के संयोजक व सह संयोजक, मंडल के प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठकों में शामिल होंगे. 12 को चक्रधरपुर विस के कराईकेला में 11 बजे और शाम 4 बजे चक्रधरपुर मंडल में बैठक करेंगे. रात्रि विश्राम चाईबासा में करेंगे, चाईबासा में 13 अप्रैल को 11 बजे सदर मंडल और दोपहर 2.30 बजे चाईबासा नगर की बैठकों में शामिल होंगे.

## ब्रीफ खबरें

### निशिकांत दुबे ने कहा- खेला होबे

**रांची।** गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे से एक बार फिर सोशल मीडिया (एक्स) पर सनसनी खेज खुलासा किया है. इसमें लिखा है कि पिछले दो दिनों से सीएम चंपाई सोरेन किसी सरकारी या पार्टी के कार्यक्रम में नजर नहीं आ रहे हैं. सूचना आ रही है कि हेमंत सोरेन ने उन्हें कल्पना सोरेन के लिए सीएम का पद छोड़ने का फरमान जारी किया है. सीता सोरेन, लोबिन हेंब्रम व चमरा लिंडा ने निर्णय ले लिया है. इसके साथ ही उन्होंने लिखा है-खेला होबे?

### नीट यूजी की परीक्षा पांच मई को दो बजे से

**रांची।** नीट यूजी की परीक्षा पांच मई को दोपहर दो बजे से शुरू होगी, जो शाम 5. 20 बजे तक चलेगी. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की वरीय निदेशक डॉ. साधना पराशर ने इस संबंध में पत्र जारी किया है. पत्र में कहा गया कि नीट यूजी की परीक्षा पांच मई (रविवार) को 13 भाषाओं में पेन और पेपर मोड में होगी. इसमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल है. पत्र में यह भी कहा गया है कि चुनाव या किन्हीं अन्य कारणों से परीक्षा स्थगित नहीं की जाएगी.

### टेंशन में राजनीतिक दल और उम्मीदवार

# झारखंड में उम्मीदवारों का खेल बिगाड़ सकता है नोटा

*कोडरमा में 31 हजार से अधिक वोटरों ने किया था नोटा का प्रयोग*

*पिछले चुनाव में नोटा ने बढ़ा दी थी भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा की टेंशन*

*खूंटी में 21245 वोटरों ने किया था नोटा का प्रयोग*

रवि भारती। रांची




**2014 »** *के लोकसभा चुनाव से ही नोटा के उपयोग का प्रावधान शुरू हो गया था.*

झारखंड के वोटर नोटा का ऑप्शन चुनने में पीछे नहीं हैं. नोटा के प्रयोग को लेकर राजनीतिक दल भी टेंशन में हैं. नोटा किसी भी उम्मीदवार का खेल बिगाड़ सकता है. पिछले लोकसभा चुनाव में कोडरमा में रिकॉर्ड 31164 वोटरों ने नोटा का उपयोग किया था. दरअसल हर वोटर को यह राइट है कि अगर कोई मनपसंद का उम्मीदवार न हो, तो वह नोटा का प्रयोग कर सकता है. 2014 के लोकसभा चुनाव से ही नोटा के उपयोग का प्रावधान शुरू हो गया था. इस चुनाव में भी नोटा बटन का उपयोग होगा.

**हार जीत के अंतर से नोटा की संख्या अधिक :** पिछले चुनाव के दौरान झारखंड के ऐसे भी लोकसभा क्षेत्र पाए गए, जहां हार जीत का अंतर से अधिक नोटा में हुए मतों की संख्या थी. चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 में झारखंड की 14 में से 5 ऐसी सीटें थीं, जहां करीब तीन फीसदी मत नोटा के तहत पड़े थे, लोहरदगा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत से 10 हजार 357 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत हारे. यहां नोटा में 10 हजार 770 वोट पड़े.

### 2019 के चुनाव में किस लोकसभा सीट पर कितने नोटा का हुआ उपयोग

| लोकसभा सीट | नोटा |
|---|---|
| लोहरदगा | 10770 |
| खूंटी | 21245 |
| कोडरमा | 31164 |
| सिंहभूम | 24261 |
| गिरिडीह | 19669 |
| गोड्डा | 18650 |
| राजमहल | 12898 |
| दुमका | 14365 |
| चतरा | 8312 |
| हजारीबाग | 7539 |
| जमशेदपुर | 5813 |
| रांची | 4381 |
| धनबाद | 4346 |
| पलामू | 13961 |

**अर्जुन मुंडा भी कम मार्जिन से जीते**

2019 में खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा सिर्फ 1 हजार 445 वोटों से जीत दर्ज की. यहां 21 हजार 245 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया. कोडरमा में सबसे अधिक 31 हजार 164 वोटरों ने नोटा को चुना. इसके बाद सिंहभूम में 24261, गिरिडीह में 19669, गोड्डा में 18650, राजमहल में 12898 और दुमका में 14365 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना.

### श्रमिक संघ ने अस्थायी कर्मियों की सेवा नियमित करने की मांग की

**रांची ।** आईआईसीएम श्रमिक संघ की बैठक अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई. कहा गया कि जो भी कर्मचारी पिछले 10 साल से ज्यादा समय से कैंपस में काम करते आ रहे हैं, उनकी सेवा नियमित की जाए. सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों की सेवा नियमित करने की मांग को लेकर संघ द्वारा प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जाएगा. बैठक को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आईआईसीएम के स्थापना काल 1994 से यहां लगभग 210 कर्मी विभिन्न साइट पर लगातार काम करते आ रहे हैं, जिनका ईपीएफ, ईएसआई भी लगातार कट रहा है. कोर्ट के आदेश के अनुसार, सारी अर्हता यहां के कर्मी पूरा कर रहे हैं. ऐसी स्थिति में इन कर्मियों की सेवा स्थायी की जानी चाहिए. बैठक के बाद आईआईसीएम के कार्यपालक निदेशक को एक ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में कहा गया है कि कैंपस के अंदर विभिन्न साइट पर संस्थान के स्थापना काल 1994 से लेकर आज तक विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत कर्मियों की सेवा के लगभग 30 पूरे हो चुके हैं. उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार केस के जजमेंट में यह साफ तौर पर कहा गया है कि जो भी कर्मी पिछले 10 वर्ष से अधिक समय से एक ही जगह कार्यरत हैं, उनकी सीधी नियुक्ति की जाए. 210 वैसे कर्मचारी जिनका ईपीएफ, ईएसआई व कटता आ रहा है और वे कोर्ट के आदेश के तहत सेवा नियमितिकरण की सारी अहर्ता पूरी कर रहे हैं.

### कोयलांचल का कुख्यात अपराधी है विकास तिवारी

# गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गैंग से मिला लिया हाथ

सौरभ सिंह। रांची

कोयलांचल के कुख्यात अपराधी विकास तिवारी ने गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गैंग से हाथ मिला लिया है. झारखंड एटीएस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है. एटीएस ने विकास तिवारी गैंग के अपराधी गोविंद राय को बीते दिनों गिरफ्तार किया था. एटीएस की जांच में खुलासा हुआ है कि विकास तिवारी के कहने पर गोविंद राय ने हरियाणा के गुड़गांव में एक मार्च को कारोबारी सचिन मुंजाल की हत्या में शामिल अपराधियों को शरण दी थी. सचिन मुंजाल की हत्या लॉरेंस विश्नोई गैंग ने करायी थी. बता दें कि विकास तिवारी इन दिनों हजारीबाग की जेल में बंद है.

**लॉरेंस बिश्नोई के करीबी गैंगस्टर रोहित गोदारा ने हत्या की ली थी जिम्मेवारी :** बता दें कि कारोबारी सचिन मुंजाल की एक मार्च की रात रोहतक में एक ढाबे के सामने गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी. सचिन अपनी मां, पत्नी और दो बच्चों के साथ एक शादी में शामिल होने के लिए गुरुग्राम से पंजाब के संगरूर जा रहे थे. जेल में बंद डॉन लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी गैंगस्टर रोहित गोदारा ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली थी. रोहित गोदारा कनाडा में बैठा है और वहीं से घटना को अंजाम दिला रहा है. इससे पहले 29 मई 2022 को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी गयी थी. इस हत्या के बाद से सचिन की हत्या सातवीं घटना थी, जिसकी विदेश में बैठे गैंगस्टरों ने जिम्मेदारी ली थी.

### सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड में विकास को उम्रकैद की सजा

गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड में हजारीबाग एडीजे कोर्ट ने विकास तिवारी समेत पांच अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है. कोर्ट ने 11 सितंबर 2020 को ही इन्हें दोषी करार दिया था. सजा सुनाने की तिथि 22 सितंबर 2020 तय की गयी थी. कोर्ट ने हत्या का दोषी पाते हुए विकास तिवारी, दिलीप साहू, विशाल कुमार सिंह, राहुल देव पांडे और संतोष देव पांडे को आजीवन कारावास की सजा दी थी. मालूम हो कि सुशील श्रीवास्तव की हत्या जून 2015 में हजारीबाग कोर्ट में पेशी के दौरान की गयी थी. अपराधियों ने एके-47 से सुशील श्रीवास्तव पर गोलियां चलायी थी. इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने विकास तिवारी को अगस्त 2015 में दिल्ली से गिरफ्तार किया था.

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने जयंती मनायी

# ज्योतिबा फुले समाज प्रबोधक और विचारक थे : कर्मवीर सिंह



संवाददाता। रांची

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई. प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि दलितों और निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए ज्योतिबा ने 1873 में 'सत्यसोधक समाज' की स्थापना की थी. उनकी समाज सेवा देखकर 1888 में मुंबई की एक विशाल जनसभा में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई. आज हम सब को उनके आदर्श पर चलने की जरूरत है. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि ज्योतिबा फुले का समाज के लिए योगदान अविस्मरणीय है. ज्योतिराव गोविंदराव फुले महाराष्ट्र के एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी, जाति-विरोधी समाज सुधारक और लेखक थे. उनका काम कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिसमें अस्पृश्यता और जाति व्यवस्था का उन्मूलन और महिलाओं और उत्पीड़ित जाति के लोगों को शिक्षित करने के उनके प्रयास शामिल हैं. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि ज्योतिबा फुले 19 वीं सदी के एक महान समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक और क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे.

**खास बातें**

- बोले-ज्योतिबा ने सत्यसोधक समाज की स्थापना की थी
- आज हम सबको उनके आदर्श पर चलने की जरूरत है

### लोहरदगा लोकसभा चुनाव : चमरा लिंडा की सक्रियता से बढ़ रही है कांग्रेस की चिंता

# क्षेत्र में तीन बार मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं

प्रवीण कुमार। रांची

लोहरदगा लोकसभा सीट से भले ही कांग्रेस और भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की धोषणा कर रखी है. लेकिन विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के रुख से कांग्रेस और भाजपा दोनों की नींद उड़ी हुई है. चमरा के करीबियों के मुताबिक वह लोहरदगा से लोकसभा चुनाव में बतौर निर्दलीय उतर सकते हैं. उधर, भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों को वोटरों की उदासीनता के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता पेरशान कर रही है.

चमरा लिंडा के चुनाव मैदान में उतरने का इंतजार उनके समर्थक कर रहे हैं. चान्हों के युवा रोशन उरांव कहते हैं कि हम लोग चमरा दादा के चुनाव की तैयारी तीन साल से कर रहे, झामुमो ने उन्हें टिकट न देकर गलत किया है. चमरा दादा हम लोगों को इंतजार करने को कहे हैं. फिर जब उनसे पूछा गया कि इंतजार क्यो? इस पर से रोशन उरांव के साथ में मौजूद कई युवा हंसने लगे. युवाओं ने इशारा किया कि पहले बड़े राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के पसीने छुड़ा चुके चमरा लिंडा के लोहरदगा से चुनाव मैदान में उतरने की स्थिति में भाजपा-कांग्रेस के लिए राह बेहद मुश्किल हो जाएगी.



### त्रिकोणीय मुकाबले से नुकसान कांग्रेस को ही

चमरा लिंडा के समर्थकों का मानना है कि दादा चुनाव जीत सकते हैं, भले ही वह निर्दलीय लड़ें. क्षेत्र के आदिवासी युवा उनके साथ हैं. जाहे सरना हों या ईसाई या फिर सदान, सब उनको समर्थन देंगे. राजनीतिक जानकार मानते हैं कि चमरा लिंडा की लोकसभा क्षेत्र में अपनी मजबूत ताकत है. वह ताकत झामुमो की बदौलत नहीं है. चमरा को मनाने में कांग्रेस के एक राज्यस्तरीय नेता लगे हैं, अब देखने वाली बात यह है कि झामुमो और कांग्रेस के बीच लोहरदगा लोकसभा सीट को लेकर किस प्रकार का समझौता होता है या फिर चमरा चुनाव लड़ते है.

### कांग्रेस-बीजेपी में सीधा मुकाबला

लोहरदगा लोकसभा का चुनाव परिणाम हमेशा ही चौंकाने वाला रहता है. कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होता है, तो कभी निर्दलीय प्रत्याशी की उपस्थिति से त्रिकोणीय मुकाबला की तस्वीर दिख जाती है, इस बार भी कुछ वैसे ही हालात नजर आ रहे हैं. यदि चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को होगा.

### लोहरदगा पर चमरा के दावे का आधार

लोहरदगा सीट पर चमरा लिंडा के दावे के पीछे बड़ी वजह है. चुनावी आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2004 के चुनाव से लेकर साल 2014 तक के चुनाव में चमरा लिंडा ने भाजपा और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी थी .साल 2004 के चुनाव में चमरा लिंडा लोहरदगा से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे. वर्ष 2004 का चुनाव कांग्रेस पार्टी के रामेश्वर उरांव ने जीता था. इस चुनाव में उन्हें 223920 वोट मिले थे. जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले भाजपा के दुखा भगत को 133665 वोट मिले. वहीं निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने 58947 वोट लाकर सबको हैरान कर दिया था. वर्ष 2009 के चुनाव में चमरा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे. इस चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत चुनाव जीत गए थे. सुदर्शन भगत को 144628 वोट मिले थे. निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा को 136345 वोट प्राप्त हुए थे. 2014 के चुनाव में चमरा लिंडा तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी के तौर पर 118355 वोट लाये थे. वहीं भाजपा के सुदर्शन भगत 226666 वोट लाकर चुनाव जीते थे. दूसरे स्थान पर रहने वाले कांग्रेस के रामेश्वर उरांव को 220177 वोट मिले थे.

### अमन साहू गिरोह का था सदस्य

# राहुल दुबे को एटीएस ने रामगढ़ से गिरफ्तार किया

संवाददाता। रांची

झारखंड एटीएस ने अमन साहू गिरोह के राहुल दुबे को रामगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है. एसपी ऋषभ कुमार झा के निर्देश पर एटीएस की टीम ने यह कार्रवाई की है. इससे पहले नौ अक्टूबर 2021 को चतरा पुलिस ने राहुल दुबे को रांची से गिरफ्तार किया था. रांची पुलिस की जांच में राहुल दुबे का नाम भारत माला सड़क निर्माण करा रही कंपनी से रंगदारी मांगने में भी आया है. इस मामले में रांची पुलिस प्रमोद सिंह और अमजद को गिरफ्तार कर चुकी है.

**पूछताछ में प्रमोद ने किये थे कई खुलासे :** पुलिस की पूछताछ में प्रमोद सिंह ने बताया था कि लेवी के पैसे लाने के लिए चंदन साव के बड़े भाई टिंकू साव और अमन साव के छोटे भाई आकाश साहू ने रिवाल्वर, गोली और मोबाइल देकर उसे और अमजद को भेजा था. प्रमोद के अनुसार, टिंकू साव ने उससे कहा था कि पैसे लाकर उसे देना है. बाद में वो और आकाश साहू आपस में बंटवारा कर लेंगे. बताया कि टिंकू साव ने यह भी आदेश दिया था कि यदि कंपनी 50 लाख रु देने में आना-कानी या बहानेबाजी करेगी, तो उसी समय कंपनी के पदाधिकारी व कर्मचारी की गोली मार कर हत्या कर देनी है. बताया कि टिंकू साव के आदेश के बाद घटना के दिन वो और अमजद दोनों गाड़ी में बैठकर भारतमाला सड़क का निर्माण स्थल की तरफ आ रहे थे. दूसरी सफेद रंग के स्विफ्ट कार में राजा अंसारी, राहुल दुबे और जगत साडु उर्फ लक्की बैठा था. सभी पुलिस की गतिविधियों पर नजर रख कर रहे थे और कंपनी से 50 लाख रु लेवी लेनेवालों में भी शामिल थे. बताया कि जब वह अमजद के साथ पकड़ा गया, तो सभी गाड़ी से भाग निकले.

### शिवपुर साइडिंग में हुई गोलीबारी में शामिल था राहुल दुबे

28 दिसंबर 2019 को अमन साहू और सुजीत सिन्हा गिरोह ने टंडवा थाना क्षेत्र के शिवपुर रेलवे साइडिंग में गोलीबारी की थी. इसमें मां अंबे कंपनी के दो कर्मचारियों को गोली लगी थी. पे-लोडर चालक मो इजराइल की मौत हो गयी थी, जबकि एक घायल हो गया था. इस गोलीबारी की में राहुल दुबे भी शामिल था. राहुल के खिलाफ टंडवा थाना में दो और रांची के खलारी और धुर्वा थाना में एक-एक मामला दर्ज है.

**एक्शन में खान विभाग** 91,593 वाहनों का पिन जनरेट किया गया, 11,016 वाहनों का नहीं हुआ पिन जनरेट

# खनिजों की ढुलाई करने वाले 955 वाहन काली सूची में

प्रमुख संवाददाता। रांची

खान विभाग पूरी तरह एक्शन में है. खनिज की ढुलाई करने वाले 955 वाहनों को काली सूची में डाल दिया गया है. वहीं 91,593 वाहनों का पिन जनरेट किया है. 11, 016 वाहनों का पिन जनरेट नहीं हो पाया है.

वहीं झारखंड में कुल लीज धारकों की संख्या 4412 है. जिसमें सिर्फ 724 लीजधारक ही काम कर रहे हैं. 3384 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गयी है. नॉन वर्किंग लीजधारकों की संख्या 303 हो गई है. अस्थायी रूप से सिर्फ एक लीजधारक ही काम कर रहा है.

### 269 डीलरों का आवेदन रिजेक्ट

खान विभाग ने 269 डीलरों का आवेदन रिजेक्ट कर दिया है. 14,189 डीलरों का आवेदन को स्वीकृति मिली है. 1790 डीलरों के आवेदन पर आपत्ति जताई गई है. 109 डीलरों के आवेदन को इनिशियल किया गया है. कुल 16458 डीलरों से आवेदन दिया था.

### धनबाद में 48 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड

धनबाद में 48 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है. धनबाद में कुल डीलरों की संख्या 2881 है. जिसमें डिएक्टिव डीलरों की संख्या 718 है. जबकि 82 डीलरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है.



### दुमका में 228 डीलरों का लाइसेंस लैप्स

दुमका में 228 डीलरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है. 129 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है. 557 डीलर डिएक्टिव हो गए हैं. दुमका में डीलरों की संख्या 2336 है.

### हजारीबाग में 370 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड

हजारीबाग में 370 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है. 298 डीलरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है. 1820 डीलर डिएक्टिव हैं. हजारीबाग सर्किल में कुल डीलरों की संख्या 5788 है.

### कोल्हान सर्किल में 226 डीलर डिएक्टिव

कोल्हान सर्किल में 226 डीलर डिएक्टिव हैं. 45 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है. 161 डीलरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है. कोल्हान में कुल 843 डीलर हैं.

### पलामू में 90 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड

पलामू में 90 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है. 81 डीलर के लाइसेंस लैप्स हो गए हैं. 333 डीलर डिएक्टिव हो गए हैं. पलामू में 1784 डीलर हैं.

### रांची सर्किल में 233 डीलर डिएक्टिव

रांची सर्किल में 233 डीलर डिएक्टिव हो गए हैं. 16 डीलरों को सस्पेंड हो गया है. 64 डीलरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है. जबकि डिएक्टिव डीलरों की संख्या 244 है. रांची सर्किल में डीलरों की संख्या 1043 है.

# कई राज्यों में लेवी वसूलने वाले उग्रवादी को एनआईए ने दबोचा

संवाददाता। रांची

झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में कोयला कारोबारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों और व्यापारियों से लेवी वसूलने वाले उग्रवादी को एनआईए ने गिरफ्तार किया है. एनआईए की टीम ने झारखंड के खूंटी के दो और असम में दो स्थानों पर छापेमारी की. इस दौरान एनआईए की टीम ने खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार व्यक्ति पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का एक सशस्त्र कैडर है. एनआईए की टीमों ने दो वॉकी टॉकी, पांच मोबाइल फोन, सिम कार्ड और रुपए के साथ-साथ पीएलएफआई से संबंधित दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की. इस मामले में पहले दो आरोपियों को तीन लाख रुपए और हथियार के साथ गिरफ्तार किया था.

### पीएलएफआई को फिर से मजबूत करने में जुटा है मार्टिन केरकेट्टा

दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद पीएलएफआइ उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा समेत अन्य उग्रवादी पीएलएफआइ संगठन को फिर से मजबूत करने में जुटा है. मई 2023 में एनआईए ने दिनेश गोप को नेपाल से गिरफ्तार किया था. जिसके बाद उसे रिमांड पर लेकर कई दिनों तक पूछताछ की थी. इस दौरान एनआईए को कई अहम जानकारियां मिली थीं.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 04 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 4

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



पेज 10

### धनबाद लोकसभा के भावी सांसद को लेकर क्षेत्र की जनता का क्या है मूड, हर वर्ग ने रखी अपनी-अपनी राय

# शिक्षित, सामाजिक और बेदाग छवि वाला सांसद चाहती है जनता

**शुभम संदेश टीम। धनबाद।** धनबाद लोकसभा की जनता अपने क्षेत्र के लिए कैसा सांसद चाहती है, इसपर 'शुभम संदेश' की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समाज के हर वर्ग के लोगों से उनकी राय जानी है. इस दौरान अधिकांश लोगों का कहना था कि धनबाद, झारखंड का अतिमहत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिसकी जीवनरेखा खनन और उद्योग मानी जाती है. ऐसे में जनप्रतिनिधि का शिक्षित होना जरूरी है, अन्यथा उद्योगों और खनन में निजी स्वार्थ के लिए धन कमाने की संभावना बढ़ सकती है. वहीं, क्षेत्र की जनता ऐसे सांसद को कतई नहीं चाहती है, जिनका चरित्र आपराधिक प्रवृत्ति का रहा हो.

## आपराधिक चरित्र का सांसद नहीं चाहिए : भास्कर



क्षेत्र के आम लोगों की प्रतिक्रिया लेने के दौरान युवा मतदाता की राय को भी प्राथमिकता देने की कोशिश की गई. इस क्रम में लॉ के फाइनल ईयर के छात्र भास्कर सुमन ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में धनबाद को ऐसा सांसद चाहिए, जिसके पास विकास का विजन हो. साथ ही अपराधिक चरित्र का व्यक्ति तो किसी भी कीमत पर नहीं होना चाहिए. इसके अलावा जो धनबाद की समस्याओं को भी बूखबी समझता हो. भास्कर ने यह भी कहा कि इस क्षेत्र के सांसद का उद्देश्य, धनबाद के संसाधनों का दोहन/शोषण करना न हो और वह मिलनसार प्रवृति का हो.

## समाज में सामंजस्य रखनेवाला सांसद हो : प्रशांत



प्रशांत शाही ने कहा कि धनबाद लोकसभा एक कॉस्मोपॉलिटन समाज से बना है. विभिन्न भाषा, जाति, पृष्टभूमि से जुड़ी एक बड़ी आबादी यहां रहती है, जिनका यहां के अलावे कहीं भी कोई ठिकाना नहीं है. ऐसे में समाज के साथ सामंजस्य बना कर चलनेवाला और एक विजनरी सांसद चाहिए. उन्होंने कहा कि सांसद ऐसा हो, जो कोयला खनन के बाद विस्थापन, पुनर्वास के मर्म को समझे. वहीं, पर्यावरणीय चुनौती यथा, खदान और ओबी डंप में बड़े पैमाने पर खेती, चारागाह और जंगल की जमीनें बर्बाद हो चुकी है. इस मुद्दे पर निष्ठापूर्वक कार्य कर समाधान करे.

## सांसद ऐसा हो, जिससे युवा भी प्रेरित हों: संजय सिन्हा



जीएसटी प्रैक्टिशनर संजय सिन्हा ने कहा कि धनबाद का सांसद सरल, सुलभ, मृदभाषी, शिक्षित, समझदार होना चाहिए. साथ ही जिन्हें देखकर आज के शिक्षित युवा प्रेरणा ले सकें और राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की सोच सकें. उन्होंने यह भी कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं यथा, बिजली, पानी, ट्रैफिक आदि की समस्याओं को दूर करने वाला सांसद चाहिए. इसके अलावा धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हर इलाके की जनता से जिसका सीधा जुड़ाव हो और जो भाई, बंधु की तरह व्यवहार रखें, हमें ऐसा सांसद चाहिए.

## अपराधियों को माकूल जवाब देनेवाला हो: पप्पू सिंह



आजसू नेता पप्पू सिंह ने कहा कि धनबाद का सांसद जनप्रिय हो और मुहल्ले, गांव में जाकर जनसमस्याओं का निराकरण करे. जनता का सांसद से सीधा संपर्क हो. उन्होंने आगे कहा कि धनबाद मे ट्रॉमा सेंटर, हॉस्पिटल, फ्लाईओवर, एयरपोर्ट बनानेवाला ही सांसद चाहिए. कोयला के क्षेत्र में रंगदारी-वसूली को बंद करवाने वाला और प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर नकेल कसनेवाला सांसद हो. प्रशासनिक निष्क्रियता पर अंकुश लगानेवाला और प्रिंस खान जैसे अपराधियों को माकूल जवाब देनेवाला हो. भाई-भतीजावाद, चमचागिरी को प्रश्रय नहीं देनेवाला ही हमारा सांसद हो.

## जिसकी रहनुमाई में जनता सुरक्षित महसूस करे: सोहराब



पुराना बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि देश की कोयला राजधानी धनबाद को एक ऐसे सांसद की आवश्कता है, जो इस जिले को विकास की पथ पर दौड़ा सके और जिसके पास धनबाद के विकास का विजन और इच्छाशक्ति हो. धनबाद को एयरपोर्ट, ट्रॉमा सेंटर, फ्लाईओवर और क्वालिटी एजुकेशन सिस्टम की जरूरत है. धनबाद के विकास की जरूरत को पांच साल में पूरा करने वाला सांसद की आवश्यकता है. इसके अलावा शिक्षित और बेदाग छवि का सांसद होना चाहिए, जिसकी रहनुमाई में यहां की जनता खुद को सुरक्षित महसूस करे.

## सांसद ऐसा हो, जो रोजगार का सृजन करें: अनिल



समाजसेवी अनिल जैन ने कहा कि धनबाद का सासंद वैसा हो, जो यहां की समस्याओं से छुटकारा दिलाने का हौसला रखता हो. उन्होंने कहा कि धनबाद में विस्थापन और प्रदूषण दो प्रमुख समस्याएं हैं. ऐसे में हमारा सांसद ऐसा हो, जो लोगों के विस्थापन के दर्द को महसूस करता हो और जिसके पास शहर को प्रदूषणमुक्त करने का विजन हो. समाजसेवी जैन ने यह भी कहा कि धनबाद क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं का हल निकालनेवाला सांसद चाहिए. इसके अलावा रोजगार की कमी से जूझ रहे धनबाद के युवाओं के लिए अपने ही शहर में रोजगार का सृजन करे.

### वासंतिक नवरात्र

**चतुर्थी कूष्माण्डा**



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥

वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन भगवती दुर्गा के चौथे विग्रह के रूप में माता कूष्मांडा के दर्शन-पूजन का विधान है. इनकी आठ भुजाएं हैं, इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है. इनके सात हाथों में कमण्डल, धनुष, वाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में आठ सिद्धियां और नव निधियां प्रदान करनेवाली जपमाला है. भगवती कूष्मांडा सिंह पर सवार रहती हैं. इनके मुखारविंद पर मंद मुस्कान शोभा बढ़ाती है. इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है. संस्कृत में कुम्हड़े को कूष्मांड कहा जाता है, इसलिए इनकी संज्ञा कूष्मांडा है. जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी. इसीलिए इन्हें आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है. श्रद्धा और भक्ति से पूजा-अर्चना करनेवाले श्रद्धालु भक्तों पर इनकी शीघ्र ही कृपा होती है और ये उन्हें आधियों-व्याधियों से मुक्त कर सुख-समृद्धि और उन्नति प्रदान करती हैं.

-डॉ. विनय पाण्डेय

### ब्रीफ खबरें

## पुलिस ने कार से ढाई लाख रुपये जब्त किये



**मैथन।** झारखंड-बंगाल सीमा पर बने अंतराराज्यीय चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान मैथन पुलिस ने एक बंगाल नंबर की एक कार से ढाई लाख रुपये बरामद किये हैं. जानकारी के मुताबिक, बुधवार की रात वाहन जांच के दौरान कार को रोक कर जांच में नकदी मिली. कार सवार लोगों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग जमीन के कारोबार से जुड़े हुए हैं. इसी सिलसिले में कोलकाता से गिरिडीह जा रहे थे. पुलिस ने राशि को जब्त कर मामले की जांच में जुट गई है. बता दें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद पुलिस ने झारखंड-बंगाल सीमा पर इंटरस्टेट चेकपोस्ट बनाया है.

## बाइक सवार के पास से 98 हजार 460 रुपये जब्त

**गुड़ाबांदा (घाटशिला)।** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के चुआशोल में गुरुवार को पुलिस ने बाइक सवार के पास से 98 हजार 460 रुपये जब्त किये हैं. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बाइक चेकिंग के दौरान बहरागोड़ा से ओड़िशा जा रहे युवक के पास उक्त रकम बरामद किया गया. युवक की पहचान बहरागोड़ा क्षेत्र के हेमंत कुमार सेठी के रूप में हुई है. पूछताछ के दौरान युवक ने उक्त रकम को लेकर सटीक जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सका. गुड़ाबांदा थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में गुड़ाबांदा ओड़िशा बोर्डर पर चेकनाका में बाइक व अन्य आनेवाले वाहनों की जांच की जा रही है.

### एआईसीटीई की नोटिस और राजभवन के फरमान से कॉलेजों की परेशानी बढ़ी

# वोकेशनल कोर्स पर संकट

**आनंद मिश्रा। जमशेदपुर**

राज्य भर के अंगीभूत, प्राइवेट एवं सहायता प्राप्त सभी कोटि के कॉलेजों को उनके यहां संचालित बीबीए, बीसीए, बीएससी आईटी समेत सभी वोकेशनल कोर्सों के लिए एआईसीटीई से स्वीकृति लेनी होगी. इस संबंध में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की एक नोटिस के हवाले से राजभवन की ओर से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को आदेश जारी किया गया है.

इससे अंगीभूत कॉलेजों की परेशानी बढ़ गयी है. चूंकि राजभवन का आदेश है, इसलिए सरकारी (अंगीभूत) कॉलेजों को भी बीबीए, बीएससी आदि कोर्स के लिए एआईसीटीई की स्वीकृति लेनी होगी. इस बीच इन कॉलेजों को आवेदन करने में बाधा आ रही है. कॉलेजों की ओर से बताया जा रहा है कि आवेदन करने के क्रम में एक या दो स्टेप के बाद आगे की प्रक्रिया हो ही नहीं पा रही है. इस वजह से अब इन कॉलेजों के समक्ष आगे का रास्ता कमोबेश बंद नजर आ रहा है. एआईसीटीई से मिली जानकारी के अनुसार, स्टेट यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित अंगीभूत कॉलेजों के लिए स्वीकृति लेने की बाध्यता नहीं है, न ही यह उनके लिए अनिवार्य है. लेकिन, एआईसीटीई की नोटिस पर राजभवन की ओर से विश्वविद्यालयों के सभी कोटि के कॉलेजों को एआईसीटीई से स्वीकृति लेने का आदेश जारी कर दिया गया है. इस वजह से अंगीभूत कॉलेजों के लिए स्वीकृति की अनिवार्यता हो गयी है.

**ऊहापोह में कॉलेज प्रबंधन**

- वोकेशनल कोर्स के लिए एआईसीटीई से लेनी होगी स्वीकृति
- आवेदन करने में आ रही परेशानी, पूरी नहीं हो पा रही प्रक्रिया
- स्वीकृति के लिए शुल्क जुटा पाना भी कई कॉलेजों की समस्या



## एआईसीटीई की नोटिस और पदाधिकारी के बयान में फर्क

एआईसीटीई की ओर से प्रकाशित नोटिस में लिखा गया है कि बीबीए, बीएमए, बीसीए, टाउन प्लानिंग, डिजाइन मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी आदि कोर्सों के संचालन के लिए परिषद की स्वीकृति लेनी होगी. हालांकि परिषद के पदाधिकारी का कहना है कि अंगीभूत कॉलेजों अथवा स्टेट यूनिवर्सिटी के लिए इसकी बाध्यता नहीं है. इस तरह नोटिस और पदाधिकारी के बयान में फर्क है.

## एआईसीटीई से स्वीकृति तो लेनी ही पड़ेगी: डॉ राजेंद्र सिंह

अंगीभूत कॉलेज या सहायता प्राप्त सभी संस्थानों में सभी वोकेशनल कोर्स स्ववित्त पोषित हैं. इन पाठ्यक्रमों का संचालन छात्रों की फीस से होने वाली आय एवं कॉलेजों को अपने आंतरिक स्त्रोत से करना पड़ता है. इसमें शिक्षकों की फीस भी शामिल है. ऐसे में स्वीकृति के लिए शुल्क जुटा पाना भी कॉलेजों के समक्ष एक समस्या है. कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती ने कहा कि एआईसीटीई ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है. राजभवन ने भी आदेश जारी कर दिया है. ऐसे में कॉलेजों को एआईसीटीई से स्वीकृति तो लेनी ही पड़ेगी.

## कोर्स को लेकर बंद नजर आ रहा आगे का रास्ता: डॉ अमर

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कहा कि फिलहाल वोकेशनल कोर्स को लेकर आगे का रास्ता बंद ही नजर आ रहा है. राजभवन और विश्वविद्यालय के आदेश पर कॉलेज की ओर से स्वीकृति के लिए आवेदन करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन एक-दो स्टेप के बाद फार्म भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ ही नहीं पा रही है. इस संबंध में विश्वविद्यालय, राजभवन और इस जोन के एआईसीटीई नोडल पदाधिकारी को लिख कर समस्या से अवगत कराया जा रहा है. समस्या दूर होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी.

## एआईसीटीई को परेशानी से अवगत कराएं: प्रो राजन

एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजन कुमार के हस्ताक्षर से संबंधित अधिसूचना जारी की गयी है. इस संबंध में फोन पर उन्होंने बताया कि अंगीभूत या सरकारी कॉलेज, स्टेट यूनिवर्सिटी या सेंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए स्वीकृति लेने की बाध्यता नहीं है, लेकिन उन्हें कोर्स के संचालन में एआईसीटीई की गाइडलाइन का पालन करना होगा. गाइडलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध है. यदि राजभवन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है, तब तो सभी कोटि के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों को इसका अनुपालन करना होगा. इसके साथ ही अगर आवेदन करने में कॉलेजों को जो परेशानी हो रही है, एआईसीटीई को अवगत कराएं, उनकी समस्याओं का ऑनलाइन समाधान किया जाएगा.

### कोल्हान क्षेत्र में सड़क पर बरपा रफ्तार का कहर

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, सात लोग जख्मी

**संवाददाता। जमशेदपुर**

कोल्हाल क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए. इसमें जमशेदपुर, चक्रधरपुर और चांडिल क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर सड़क पर रफ्तार का कहर बरपा. पहली घटना जमशेदपुर जिले के गोलमुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्लैग रोड में घटी. यहां दोपहर के वक्त एक तेज रफ्तार कार ने सात माह की बच्ची और उसके 10 वर्षीय भाई को धक्का मार दिया.

इस घटना में बच्ची कार की विंड शिल्ड पर जा गिरी. दुर्घटना के बाद भागने के क्रम में कार बच्ची को कुछ दूर तक घसीटते चली गई. इसके बाद चालक कार रोक कर मौके से फरार हो गया, जबकि कार सवार तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने दबोच लिया और पिटाई करते हुए बंधक बना लिया. लोगों ने कार में तोड़फोड़ भी की. घायल बच्ची को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है. इधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया और अपने साथ लेकर चली गई.

**तेज रफ्तार कार ने भाई-बहन को कुचला**



## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत



**चक्रधरपुर।** थाना क्षेत्र के ईटोर गांव में एक ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई, जबकि चार मजदूर घायल हो गए. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के देवगांव की ओर से एक ट्रैक्टर ईटोर गांव की ओर आ रहा था. इस पर चालक समेत चार मजदूर सवार थे. इसी दौरान ईटोर गांव स्थित मध्य विद्यालय मैदान के समीप मोड़ के पास ट्रैक्टर चालक का नियंत्रण ट्रैक्टर से बिगड़ने के कारण ट्रैक्टर पलट गया. इससे ट्रैक्टर के नीचे दबने से रुंगसाई गांव निवासी मोटू टोप्पो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पाकर ईटोर पंचायत के मुखिया सोमनाथ कोया, प्रखंड उप प्रमुख विनय प्रधान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण ईटोर गांव पहुंचे थे. मुखिया ने चक्रधरपुर थाना को घटना की सूचना दी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## अज्ञात वाहन ने महिला को कुचला, मौत

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 33 पर पलासबनी के पास गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन ने सड़क पार की रही एक अधेड़ महिला को अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला दूर जा गिरी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. मृतका की पहचान बिसोका पलासबनी के श्रीगुट्टू गांव निवासी बिसोका मार्डी (50) के रूप में की गई है.

## स्कार्पियो पलटी, सवार हुए घायल

**चांडिल।** टाटा-रांची एनएच 33 पर शहरबेड़ा ब्रिज के पास रैश ड्राइविंग करते हुए एक स्कॉर्पियो सड़क किनारे डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई. दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोट लगी है. बताया जाता है कि जमशेदपुर से पांच युवक स्कॉर्पियो (जेएच 05 डीएम 1454) पर सवार होकर हाइवे स्थित एक होटल आए थे. यहां भोजन करने के बाद लौटने के दौरान घटना हुई.

**लोस चुनाव**

### 1984 के बाद से नहीं खुला कांग्रेस का खाता, पिछले तीन चुनावों में दूसरे स्थान पर रही

# 40 सालों से कांग्रेस के लिए सूखा रहा चतरा संसदीय क्षेत्र

**आशीष टैगोर। लातेहार**

वर्ष 1984 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद से अब तक चतरा संसदीय सीट से कांग्रेस का कोई सांसद नहीं रहा है. चतरा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के अंतिम सांसद योगेश्वर प्रसाद योगेश थे. उन्होंने वर्ष 1984 से 1989 तक क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व किया था. उन्होंने आइसीजे के शुकदेव प्रसाद वर्मा को हराया था. वर्मा को 54,478 और योगेश्वर प्रसाद योगेश को 2,11,020 वोट मिले थे.

उसके बाद से चतरा संसदीय सीट पर कांग्रेस का कोई सांसद नहीं बन सका है. हालांकि पिछले तीन लोकसभा चुनावों में कांग्रेस लगातार दूसरे नंबर पर रही है. वर्ष 2009 के आम चुनावों में कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू 92,158 वोट ला कर दूसरे स्थान पर रहे थे. उन्हें इंदर सिंह नामधारी ने हराया था. नामधारी को 1,08,336 वोट मिले थे. 2014 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू दूसरे स्थान पर रहे थे. उन्हें 1,17,836 वोट मिले थे. विजेता रहे भाजपा के सुनील कुमार सिंह को 2,95,862 वोट मिले थे. इसी प्रकार साल 2019 के भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दूसरी स्थान पर रही थी.

लेकिन, इस बार प्रत्याशी धीरज प्रसाद साहू नहीं, बल्कि मनोज कुमार यादव थे. यादव को 1,50,206 मत मिले थे. भाजपा के सुनील कुमार सिंह को 5,28,077 मत मिले थे. हालांकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय सीट से गठबंधन के राजद के साथ कांग्रेस को दोस्ताना संघर्ष करना पड़ा था. राजद के प्रत्याशी सुभाष यादव तीसरे स्थान पर रहे थे. सुभाष यादव को 83,425 मत प्राप्त हुए थे.

**2019 में राजद के साथ दोस्ताना संघर्ष में कांग्रेस को हुआ नुकसान**

**आखिरी बार कांग्रेस से योगेश्वर प्रसाद योगेश चुने गये थे सांसद**

## भाजपा को छोड़ किसी दल ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया



वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, चतरा संसदीय क्षेत्र में नामांकन के लिए अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी की जाएगी. तीन मई तक प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे और 20 मई को मतदान व चार जून को मतगणना होगा. चतरा संसदीय सीट से भाजपा को छोड़ कर अबतक किसी अन्य दल ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है. बताया जाता है कि गठबंधन के तहत चतरा संसदीय सीट पर कांग्रेस अपना प्रत्याशी मैदान में उतारेगी. लेकिन, अभी तक कांग्रेस ने अपना पत्ता खोला नहीं है. इससे यहां असमंजस की स्थिति है. दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी ने जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है.

# दुकान में छापेमारी कर पांच किलो 40 ग्राम गांजा बरामद

**संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी थाना पुलिस ने पलमरुआ गांव स्थित माहुरीटोला में छापेमारी कर एक दुकान से पांच किलो 40 ग्राम गांजा बरामद किया है. दरअसल, पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव का ही रामचंद्र पंडित अपने दुकान में बिक्री के लिए भारी मात्रा में गांजा का स्टॉक रखे हुए है. सूचना के आधार पर खोरीमहुआ एसडीपीओ के निर्देश पर सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक विशेष दल का गठन किया गया.

इस टीम में प्रभारी मजिस्ट्रेट सह बीडीओ मनीष कुमार और तिसरी थाना प्रभारी, उड़नदस्ता दल के मजिस्ट्रेट सह पंचायत सचिव कमलेश्वरी तिवारी समेत सशस्त्र बल शामिल थे. गठित टीम ने छापेमारी करते हुए रामचंद्र पंडित की दुकान से गंठीला गांजा, गांजा के चूर्ण, छोटे-छोटे12 पुड़िया गांजा और 25 पैकेट गांजा भरा हुआ सिगरेट बरामद किया.

इसका कुल वजन 5 किलो 40 ग्राम बताया गया. पुलिस ने मौके से रामचंद्र पंडित को गिरफ्तार कर लिया और तिसरी थाना में मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

**खास बातें**

- एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई
- आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

## ब्रीफ खबरें

### युवती ने कीटनाशक खाकर दे दी जान

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा जाम टोली निवासी 25 वर्षीय युवती सुनीता कुजूर ने चूहा मारने वाला दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली. चूहा मारने वाला दवा सेवन करने के बाद सुनीता बेहोश हो गई. बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक मृतका शहर के नदी टोली में अपने रिश्तेदार के यहां सरहुल पर्व मनाने आई थी. बुधवार की रात अपने प्रेमी से मिलने उसके घर गई थी. जानकारी के अनुसार युवती अपने प्रेमी से शादी करने की जिद कर रही थी. इसी आवेश में युवती ने जहर खा ली.

### रमना में अवैध बालू की ढुलाई जारी

**रमना।** थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध बालू के कारोबार से बालू माफिया और बालू दलाल मस्ती में हैं. वही आवास निर्माण करा रहे ग्रामीण पस्त हैं. उंचे दर पर बालू मिलने से सरकारी आवास निर्माण में लगे लाभुकों की हालत खराब है. इस अवैध कार्य में लगे बालू कारोबारी चांदी काट रहे हैं. वहीं सरकारी राजस्व का करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है. अवैध बालू कारोबारियों का धंधा शाम आठ बजे से प्रारम्भ होता है और सुबह पांच बजे तक धड़ल्ले से चलता है.

### दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**पांकी ।** पांकी प्रखंड के सतीयाड़ी चौक के पास गुरुवार की दोपहर एक दुकान में आग लग गयी. इस अगलगी में दुकान में रखा सारा सामान जल गया. सामान जलने से अकबर अंसारी को करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ. ग्रामीणों ने बताया कि दुकान में सामान के साथ फल भी रखा था. अचानक फल के कैरेट में आग लग गयी. देखते ही देखते आग पूरे दुकान में फैल गयी. ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल गया.

### पारंपरिक रूप से मनाया सरहुल पर्व

**बालूमाथ/ चंदवा।** बालुमाथ के सरना भवन परिसर में गुरुवार को प्रकृति पर्व सरहुल पुजा मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रकाश राम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, सीओ तृप्ति विजया कुजूर, बीडीओ सोमा उरांव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरूवा, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, आयोजन समिति के अध्यक्ष ईश्वर उरांव, जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, डॉ अभिषेक कुमार व बिहारी यादव मौजूद थे.

### पुलिस लाइन में मना प्राकृतिक पर्व सरहुल

**मेदिनीनगर।** पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के नेतृत्व में पुलिस लाइन पलामू में प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया. सरहुल पर्व एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नागपुरी नृत्य का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक रेष्मा रमेशन व पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक एडमिन सदर सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार झा एवं सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी मौजूद थे. इसके अलावा जीपी सार्जेंट मरियम खलखो एवं अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, लालू उरांव, विक्रांत दुबे, जयप्रकाश पुरी, कृष्ण कुमार एवं सुनील राम भी मौजूद थे.

लोक जागरण विषय पर विद्वत परिषद की बैठक संपन्न, प्रमुख ओंकारनाथ सहाय बोले-

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की धुरी होती है

**संवाददाता। लातेहार**



जिला मुख्यालय के सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ लातेहार में "लोक जागरण" विषय पर विद्वत परिषद की बैठक आयोजित की गई. बैठक की शुरुआत दीप ज्योति और सरस्वती वंदना के साथ की गई. बैठक का प्रारंभ ओंकार ध्वनि के साथ किया गया. बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने किया. कार्यक्रम की भूमिका और विषय वस्तु विद्वत परिषद पलामू विभाग के प्रमुख ओंकारनाथ सहाय के द्वारा रखा गया. विद्वत परिषद विभाग प्रमुख ओंकारनाथ सहाय ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की धुरी होती है. चुनाव में धनबल और धोखाधड़ी का प्रभाव रोकने तथा चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए चुनाव आयोग ने पिछली सदी के अंतिम दशक के अंत में कागजी मतपत्र की जगह ईवीएम का उपयोग प्रारंभ किया है. उच्च विद्यालय मटलॉग के सहायक शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता ने लोक जागरण के विषय पर अपने विचार रखे. कहा कि विद्यालय स्तर पर मतदाता जागरुकता के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम किए जा सकते हैं. गांधी इंटर कॉलेज के प्राचार्य दशरथ प्रसाद साहू ने दूर दृष्टि और स्वदेश की सोच को आगे बढ़ाने वाले व्यक्तित्व के पक्ष में मत करने का सुझाव दिया. डूरुवा उच्च विद्यालय लातेहार के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे ने बताया कि ऐतिहासिक समस्याओं के निदान करने वाले सरकार को हमें चुनना चाहिए. बनवारी शाहू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि छुटे हुए मतदाता भी निर्वाचन आयुक्त के पोर्टल में जाकर अपना निबंधन कर सकते हैं. इस महान लोक पर्व में भाग ले सकते हैं. स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने एक व्यक्ति के वोट की कीमत को विभिन्न ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया. विद्यालय के शोध प्रमुख कपिल देव प्रमाणिक ने बताया कि लोकतंत्र के इस महान लोक पर्व में आम जनता जुड़कर अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकती है. हमें ऐसी सरकार को चुनना चाहिए जो देश हित में कार्य करे. विद्वत परिषद के सदस्य प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग श्याम नंदन तिवारी ने कहा कि "सर्वे भवंतु सुखीनः सर्वे संतु निरामया" के भाव को लेकर समाज के सभी व्यक्ति को जीना चाहिए. विद्वत परिषद के सदस्य आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि एक स्थान पर बैठकर विभिन्न समस्याओं पर बात करना और एक निष्कर्ष पर पहुंचना व समाज को नई दिशा देना भी विद्वत परिषद का काम है.

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने झारखंडवासियों को दी ईद की बधाई

# भाईचारे का संदेश देती है ईद, मिल-जुलकर मनाएं

**संवाददाता। गढ़वा**



गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा सहित तमाम झारखंड वासियों को ईद की मुबारकबाद दी. ईद के मौके पर गुरुवार को मंत्री ठाकुर ने गढ़वा स्थित ईदगाह, उंचरी मस्जिद, मदरसा तब्लीगुल इस्लाम आदि स्थानों पर जाकर लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की मबारकबाद दी. इस दौरान काफी संख्या में बच्चे भी मंत्री ठाकुर से मिले. उन्होंने सभी को ईद की मुबारकबाद दी. उन्होंने एनुल खान के घर पहुंच कर ईद की बधाई दी. साथ ही मंत्री ने फरठिया, सिदे, बेल, प्रतापपुर, दरमी, गिदहा, संग्रहे खुर्द, संग्रहे कला, चमरही, पचफेड़ी, दलेली आदि गांवों में पहुंच कर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी. ठाकुर ने कहा कि एक माह की लंबी इबादत के बाद आज पूरी देश, दुनिया में ईद का त्योहार मनाया जा रहा है. हमारा देश विभिन्नताओं का देश है. यहां हिंदू , मुस्लिम, सिख, इसाई सभी धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे का पर्व त्योहार मनाते हैं. उन्होंने कहा कि देश की सांप्रदायिक माहौल हमेशा अच्छी बनी रहे यही उनकी कामना है. मंत्री ठाकुर ने कहा कि रमजान के पवित्र माह के दौरान उपवास के बाद मनाया जाने वाला

**दी बधाई**

- मंत्री ने फरठिया, सिदे, बेल, प्रतापपुर गांव पहुंचे
- हमारा देश भारत विभिन्नताओं का देश है

यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है. एकता और सद्भाव बढ़ाने वाला यह पर्व हमें क्षमा एवं दान करने की शिक्षा भी देता है. ईद गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करने तथा उनके साथ खुशियां बांटने का मौका है. यह पर्व त्याग और समर्पण को दर्शाता है. यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए. जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके. मुस्लिम धर्म को मानने वाले लोगों के लिए यह त्योहार बहुत खास है. ये रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है. रमजान में सभी मुसलमान रोजे रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं. मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, आशीष अग्रवाल, मनोज झा, प्रमोद कुमार, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ यासीन अंसारी, डॉ अरशद अंसारी, हीरा गोंड़, इस्लाम कुरैसी, डॉ असजद अंसारी, सन्तोष कश्यप, भुनेश्वर सोनी, थाना प्रभारी केके साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### मांदर की थाप पर थिरके मंत्री

**गढ़वा ।** गढ़वा में सरहुल पर्व विभिन्न क्षेत्रों में काफी धूमधाम से मनाया गया. आदिवासी सरना विकास परिषद गढ़वा के तत्वावधान में नकदरवा, फरठिया आदि गावों में सरहुल पर्व महोत्सव आयोजित हुआ. इसमें गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए. कार्यक्रम में मंत्री ठाकुर ने मांदर बजाकर आदिवासी समुदाय के साथ खूब थिरके. उन्होंने लोगों को सरहुल की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मौके पर आदिवासी समुदाय ने मंत्री का भव्य स्वागत किया. मंत्री ठाकुर ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक पर्व है. यह पर्व चैत्र महीने की शुक्ल तृतीया तिथि को मनाई जाती है. सरहुल की पूजा आदिवासी समुदाय के धर्मगुरु पाहन करवाते हैं. पाहन विधिपूर्वक आदिदेव सींग बोंगा की पूजा करते हैं.

### शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनी ईद

**कांडी ।** कांडी प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया. प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में स्थित ईदगाहों में मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की. कांडी ईदगाह में सुबह साढ़े आठ बजे नमाज पढा गया. जहां पर हाफिज अब्दुल माजिद खान ने नमाज पढाया. यहां पर कांडी के अलावे ढबरिया, हरिहरपुर व कुछ लोग सड़की के ईद का नमाज पढ़े. भुड़वा ईदगाह में हाफिज बाबर आजम, कुरकुटा ईदगाह में हाफिज मोहम्मद गुलजार, पतीला ईदगाह में हाफिज अब्दुल्ला, अधौरा ईदगाह में हाफिज इमामुद्दीन ने अधौरा, देवडीह, सोनपुरवा व तेलिया निजामत गांव के मुश्लिम भाईयों को नमाज पढाया. उधर सड़की ईदगाह में कयामुद्दीन कादरी, जमुआ ईदगाह में हाफिज मनान ने नमाज पढ़ाया.

### केतार में मना ईद उल फितर का त्योहार

**केतार ।** केतार प्रखंड अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार उत्साह के साथ आपसी भाईचारगी कायम रखते हुए एक दूसरे को गले लगा कर मनाया. इस दौरान हिंदू समुदाय के लोगों ने भी बेलाबार मस्जिद के समीप एकत्रित होकर लोगों को गले लगाया एवं हाथ मिलाकर ईद की मुबारकबाद पेश किया. इससे पूर्व मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक माह तक रोजा रखने के पश्चात ईद की नमाज बेलाबार, नावाडीह व केतार के मस्जिद में अदा कर अपने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की कामना करते हुए दुआएं मांगी. इस मौके पर पंकज सिंह, मुंगा साह, प्रमोद कुमार, अनिल पासवान ने लोगों को ईद की बधाई दी.

# पारंपरिक तरीके से की गई सरहुल पूजा, निकला जुलूस



**संवाददाता। मेदिनीनगर**

नए-नए कोमल पत्तों से भरे सखुआ के पेड़ के नीचे पारंपरिक रूप से गुरुवार की सुबह में पूजा के साथ सरहुल महोत्सव शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा. पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के चियांकी, बारालोटा, सुआ कौड़िया, झाबर, पोखरहा शाहपुर, चांदो, लेस्लीगंज, ललहे, चैनपुर और रजवाडीह में अदिकुरूख सरना समाज के नेतृत्व में सरहुल पूजा की गयी. सभी जगहों पर अलग-अलग पाहन के नेतृत्व में पूजा की गई. जबकि चियांकी में पाहनों की अगुवाई में सरना स्थल पर दाड़ी चुआ से जल यात्रा निकालकर बड़े ही पवित्रता, सादगी और पारंपरिक तरीके से पूजा की गयी. करीब दो घंटे तक पूजा कार्यक्रम चला. पूजा अनुष्ठान समापन के बाद महोत्सव की शुरुआत हो गयी.

इस वर्ष पलामू जिले के प्रखंडों 300 गांवों एवं 26 सरना स्थलों पर सरहुल महोत्सव का आयोजन अदिकुरूख सरना समाज के नेतृत्व में किया गया है. सरहुल पूजा के दौरान नए घड़े में पानी भरकर रखा गया. अखड़ा में आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों ने पारंपरिक सरहुल गीत पर नृत्य किया. उसके बाद दोपहर दो बजे से मेदिनीनगर छहमुहान के पास 20 गांवों से पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने भव्य जुलूस निकाला.

### जंगल की रक्षा से मानव जीवन सुरक्षित : डॉ मेहता

**सतबरवा/पलामू।** आद्दिकुड़ख सरना समिति कमेटी के बैनर तले गुरुवार को प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा का आयोजन प्राथमिक शिक्षा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सतबरवा के समीप किया गया. पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशी भूषण मेहता ने सरहुल के मौके पर मांदर बजाकर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि सरहुल प्रकृति का त्योहार है. सरना समाज के लोग प्रकृति की पूजा कर अच्छे बारिश तथा अच्छे फसल होने की कामना करते हैं. ताकि हरियाली और खुशहाली आ सके. उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग आदिकाल से ही जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए संकल्पित हैं. हम सबों को पेड़ पौधों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने की जरूरत है. तभी मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच पौधरोपण करना चाहिए. कार्यक्रम के उपरांत अलग-अलग ग्रुप में मांदर के थाप पर नृत्य गीत के साथ शोभायात्रा निकाली गयी.

# सरहुल हमें प्रकृति की रक्षा का संदेश देता है : बैद्यनाथ



**संवाददाता। लातेहार**

विधायक बैद्यनाथ राम स्थानीय आदिवासी बासाओड़ा में सरना समिति के तत्वावधान में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए. इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि सरहुल हमें प्रकृति की रक्षा करने का संदेश देता है. उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व असंतुलित पर्यावरण के कारण चिंतित है. इसका प्रमुख कारण वन एवं पेड़ों की अंधाधुंध कटाई है. हम जिस अनुपात में पेड़ काट रहे हैं, उस अनुपात मे पेड़ लगा नहीं रहे हैं. कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष पहलू उरांव ने की. राम ने आगे कहा कि सरहुल पर्व हमें प्रकृति की रक्षा करने एवं पर्यावरण को संतुलित करने का संदेश देता है. वन व जंगल हैं तो जल है और जल है तो जीवन है. कोरोना के समय में लोगों के पेड़ पौधों की अहमियत को जाना. लोग उस समय ऑक्सीजन के लिए भटक रहे थे. जबकि पेड़ पौधे हमें निःशुल्क ऑक्सीजन देते हैं. इससे पहले सरना समिति के द्वारा अतिथियों को पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया. स्वागत भाषण समिति के सचिव बिरसा मुंडा ने दिया. मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण गंगराई, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव व निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की ने भी सरहुल पर पर्यावरण की रक्षा लेने का संकल्प लेने की अपील की.

**किया आमंत्रित** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी ने पाटन प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांव का किया भ्रमण, बोले-

# सोन नदी से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाई जाएगी: वीडी राम

**संवाददाता। पाटन (पलामू)**



भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सह सांसद विष्णु दयाल राम ने पाटन प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांव का भ्रमण किया. वहीं 24 अप्रैल को नामांकन में आने के लिए आमंत्रित किया. वे नौडीहा, पालहे, किशुनपुर, काला पहाड़, नवा जयपुर समेत अन्य गांवों का भ्रमण किये. स्थानीय ग्रामीणों ने किसानों के लिए पानी की मांग की. वहीं ग्रामीणों ने किशनपुर में बंद आरो प्लांट का मामला भी उठाया.

सांसद बीडी राम ने कहा कि सोन और कोयल नदी से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाई जाएगी. इस योजना के लिए 454 करोड रुपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है. काम शुरू हो चुका है. सिंचाई एवं पेयजल के लिए केंद्र सरकार कटिबद्ध है. गढ़वा जिला में इस योजना का शिलान्यास हो चुका है. 2025 मार्च तक कार्य को धरातल पर उतारा जाएगा. इसके लिए राज्य सरकार के पास राशि का अभाव है. उन्होंने बताया कि 1200 करोड़ की योजना है. जिससे लोगों के खेतों तक पानी और पीने के लिए घर-घर पानी पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है. किशनपुर में लगा आरो प्लांट कई वर्षों से बंद है. सांसद ने कहा कि इस मामले को लेकर वह पलामू डीसी से मिल चुके हैं. बहुत जल्द ही लोगों को आरो का पानी मिलेगा. मौके पर विभाकर पांडे, प्रफुल सिंह, राकेश दुबे, सुरेंद्र उपाध्याय, शेखर दादा, अमलेश दुबे, पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह, मंडल अध्यक्ष किशनपुर संतोष पांडे, अखिलेश पांडे, मुकेश सिंह, अलख दुबे, मुखिया सुमन गुप्ता, प्रमोद सोनी, मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह, ध्रुव द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, अर्जुन तिवारी, चिंटू उपाध्याय, नीलिमा झा, मधु देवी, पीपी शर्मा, निर्मला देवी, रूबी कश्यप, ईश्वरी पांडे, लव सोनी, राजू उपाध्याय, कौशल कुमार झा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

**खास बातें**

- भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने किसानों के लिए पानी मांगा
- ग्रामीणों ने बंद आरो प्लांट का मामला भी उठाया

## न्यूज अपडेट

### अकीदत व मसर्रत के साथ मना ईद-उल-फितर

**गढ़वा ।** ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया. इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाहों, मस्जिदों व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज-ए-ईद-उल-फितर अदा की. नमाज अदायगी को लेकर इन स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी. नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-फितर की बधाई दी. जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज-ए-ईद अदा कराई. जबकि टंडवा मस्जिद में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, उंचरी मस्जिद में मुफ़्ती मो यूनुस एवं मदरसा तबलिगुल इस्लाम के मैदान में मौलाना लियाकत हुसैन, रंका जामा मस्जिद में मौलाना महमूद, मझिआंव में मौलाना मो सदीक, अली नगर उंचरी में मौलाना रफीउद्दीन, शरीफ नगर उंचरी में मौलाना शेर मोहम्मद ने नमाज अदा की.

### जिले में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी ईद



**लातेहार।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को ईद का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. ईद को लेकर सुबह से ही हर्षोल्लास का माहौल था. शहर के अंबाकोठी स्थित जामा मस्जिद में प्रातः 08:30 बजे ईद की नमाज अदा की गयी. आपसी भाईचारा एवं विश्व शांति की कामना की गयी. इसके बाद लोगों ने एक दूसरे के गले लगा कर ईद की मुबारक बाद दी. मिल्लत मस्जिद अमवाटीकर में आठ बजे, करकट मस्जिद में 8.15 बजे ईद की नमाज अदा की गयी. शहर से सटे डुरुआ, नावागढ़, तरवाडीह, पोचरा, इचाक, धनकारा समेत कई इलाकों के मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गयी.

### हुसैनाबाद में शांतिपूर्ण तरीके से मना ईद

**हुसैनाबाद/पलामू।** जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह हुसैनाबाद विस क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में पहुंचे. उन्होंने मुस्लिम धर्मावलंबियों से मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी. सिंह ने लोगों के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी. वहीं सिंह ने मुस्लिम समाज के कई घरों में जाकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी. प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल फितर पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर शहर के जामा मस्जिद राजटोली, इमामन मस्जिद इस्लमगंज, नूरी मस्जिद के अलावा कर्बला स्थित ईदगाह के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बुधुआ, देवरी, दंगवार, बेलबीघा, लोटनियां, ऊपरी कला,फातमाचक के अलावा कई मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज घोषित समयानुसार पढ़ी गईं. नमाज अदा करने के बाद देश में अमन चैन और तरक्की के लिये एक साथ हजारों हाथ दुआ की लिऐ उठी.

### एखलास व एहतराम के साथ मना ईद का त्योहार

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र मे धूमधाम से खुशी के साथ मनाई गई. ईद का त्योहार, आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया. सुबह मस्जिद पहुंचे लोगों ने नमाज पढ़ी व गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी. अरसली मस्जिद सेलेकरबेलपहाड़ी, बघमनवा, चपरी, टाउनशिप, मकरी समेत अलग-अलग इलाकों की दर्जनों मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी. चपरी में मौलाना नसीम अहमद, बेलपहाड़ी में मौलाना हसमत अली, अरसली उत्तरी में मौलाना सज्जाद हुसैन, मकरी कारी अजमेर अली ने ईद की नमाज अदा कराई. ईद पर मुसलमान भाइयों ने मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी.

### ईदगाह में अदा की गई ईद की नमाज

**बालूमाथ (लातेहार)।** अकीदत के साथ बालूमाथ सहित धाधू, जिलंगा, मुरपा, शेरेगड़ा, इटके, बारियातु, शिबला, फूलसु, मासियातु, बालू, लेजाग समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-फितर की नमाज़ अदा की गई. लोगों ने ईद की नमाज़ के बाद एक-दूसरे से गले मिल ईद की मुबारकबाद दी. बालूमाथ ईदगाह में खतीब व इमाम मौलाना मज़हर की ईमामत में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई. उन्होंने वित्र माह-ए-रमजान के समापन पर मनाया जाने वाला ईद त्योहार पर पैगंबर मोहम्मद साहब के संदेश पर चर्चा की. कहा कि खुशियों के इस त्योहार में गरीबों का खास ख्याल रखा जाना इस्लाम के मूल उद्देश्य में शामिल है.

### भाजपाइयों ने मनायी ज्योतिबा फुले की जयंती



**बरवाडीह (लातेहार)।** भाजपा मंडल कमेटी के द्वारा गुरुवार को मंडल कार्यालय में ज्योतिबा फुले की जंयती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह शामिल थे. अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी. जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा की महात्मा ज्योतिबा फुले दलितों व पिछड़ों के मसीहा थे. उन्होंने दलितों, पिछड़ों को शिक्षा का अधिकार दिलाया. अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बनाकर नारी शिक्षा की अलख जगाई.

### प्रकृति-संस्कृति के संगम का महापर्व सरहुल संपन्न



**गुमला ।** प्रकृति व संस्कृति के संगम का महापर्व सरहुल गुमला में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया. सांस्कृतिक जुलूस में जहां राजनीतिक दूरियां कम हो गईं वहीं सामाजिक सद्भाव भी देखने को मिला. ईद और सरहुल एक साथ होने के कारण गुमला के टावर चौक में भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव और कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत एक साथ लोगों का अभिवादन किया. जुलूस में सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, कमलेश उरांव सहित काफी संख्या में प्रबुद्ध जन शामिल थे. आफताब आलम लाडले, अकील रहमान, खुर्शीद आलम ने भी जुलूस में शामिल होकर सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया. आदिवासी के पारंपरिक परिधान वेश भूषा में शामिल सांस्कृतिक जुलूस में चारों ओर उत्साह और उमंग का माहौल था. गांवों से आए महिलाओं का समूह बांह में बांह डालकर गीत गा रहे थे, नृत्य कर रहे थे और पुरुष सदस्य मांदर,नगाड़ा और घंट का ताल दे रहे थे.

### सरहुल प्रकृति से प्रेम का संदेश देता हैः आयुक्त

**मेदिनीनगर ।** आदिवासी समुदाय के प्रकृति का महापर्व गुरुवार को जीएलए कालेज के जेएन दीक्षित छात्रावास परिसर स्थित अखरा में सरहुल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन डा बर्नाड टोप्पो एवं डा संगीता कुजूर ने संयुक्त रूप से किया. आयोजन समिति ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर वं पौधा भेंट कर सम्मानित किया. पाहन इंद्रदेव उरांव ने महुआ और सखुआ फूल का पूजा अर्चना के बाद लोगों ने पारंपरिक गीतों के बीच नृत्य किया. पलामू के आयुक्त सह नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति बाल किशुन मुंडा ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति से जुड़ने व गहरा प्रेम करने का संदेश देता है. सरहुल प्रकृति का पर्व है. यह सिर्फ आदिवासियों का ही नहीं,बल्कि विश्व के समस्त मानव समुदाय को प्रकृति से प्रेम करने का संदेश देता है. उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व के आयोजन के बहाने समाज के लोगों को प्रकृति की रक्षा के प्रति जागरूक करना है. बदलते परिवेश में प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की जरूरत है.

नोटरी पब्लिक, डालटनगंज, पलामू

**शपथ पत्र**

मैं टाईगर कुमार सिंह (Taigar Kumar Singh) पिता सत्यनारायण सिंह निवासी ग्राम- मुइयां कुरहा, पोस्ट+ थाना पांकी, जिला- पलामू, झारखण्ड शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम वो पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड सं. 2846 7336 7652 में मेरा नाम अभिजीत रंजन दर्ज है एवं मैट्रिक के सभी प्रमाण पत्र जिसका रौल नं. 0042, पंजीयन सं. 31021-04751-20 है। मेरा नाम टाईगर कुमार सिंह (Taigar Kumar Singh) दर्ज है।
3. यह कि मैं अपने आधार कार्ड सं. 2846 7336 7652 में मेरा नाम अभिजीत रंजन के स्थान पर टाईगर कुमार सिंह (Taigar Kumar Singh) सुधार कराना चाहता हूँ।
4. यह कि मैं यह शपथ पत्र उपरोक्त बातों को सत्यापित करने एवं आधार कार्ड में अपना नाम सुधार करवाने वास्ते निष्पादित कर रहा हूँ।

Affidavit No. 64-5.4.2024

मेघाहातुबुरु मैदान में 12 से 14 अप्रैल के बीच आयोजित किया जाएगा टूर्नामेंट

# आईपीएल की तर्ज पर होगी प्रीमियर वॉलीबॉल लीग

संवाददाता। किरीबुरु

आईपीएल की तर्ज पर मेघाहातुबुरु में दूसरी बार मेघाहातुबुरु प्रीमियर वॉलीबॉल लीग (एमपीएल) का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक मेघाहातुबुरु मैदान में वॉलीबॉल वारियर्स एवं सेल मेघाहातुबुरु प्रबंधन के सपोर्ट से आयोजित किया जाएगा. इस एमपीएल हेतु छः टीमों के फ्रेंचाइजी द्वारा खिलाड़ियों की बोली लगाई गई. खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने का कार्यक्रम मेघा क्लब में आयोजित की गई. युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने व खेल में रोमांच लाने हेतु यह ऑक्शन का आयोजन किया गया. प्रत्येक टीम के



फ्रेंचाइजी को अधिकतम 3 हजार रूपये अपने-अपने टीम के खिलाड़ियों का चयन हेतु बोली लगाने की राशी निर्धारित किया गया था. इन 3 हजार में प्रत्येक टीम के फ्रेंचाइजी को 7 खिलाड़ियों पर बोली लगाना था. ऑक्शन में कुल 54 खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें से 42 खिलाडियों के लिये बोली लगी. खिलाड़ियों की बोली के लिए न्यूनतम राशि 200 रुपये निर्धारित की गई थी. जिन खिलाड़ियों के लिये बोली नहीं लगी उनको लौटरी के आधार पर विभिन्न टीमों में शामिल किया गया. इस औक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी सुमित बारा (950 रूपये), सौरभ कुमार (800 रूपये), मीत करुवा, रोनक लकडा, जैद हासमी, अभिषेक गुप्ता (700-700 रूपये) क्रमशः तीन स्थान पर रहे.

इस प्रतियोगिता की छः टीमें व उसके खिलाड़ी इस प्रकार से- सारंडा टाइगर्स- उमेश पात्रो, इंतखाब आलम, सुमित, ईशान सिंह कठोते, रोनित पात्रो, रेमंड जौन लाफरी, सुमित बारा, प्रताप चन्द्र सेठी. माइनिंग लौयन से प्रकाश कुमार सिंह, सूर्या मोहंती, अमित दास, सूरज सिंह, इबरार मंसूरी, सरफराज मंसूरी, अमर ज्योति दास, प्रदीप दुबे, जौन सत्यजीत. मास्टर्स किंग औफ वैली से दुर्गेश कुमार, भी के सुमन, सुलभ दीक्षित, आशीष कुमार, मीत करुवा, हर्ष राय, गणेश, भोलानाथ दास, आदित्य बिहारी. मेकेनिकल योद्धा से प्रफुल्ल मंडल, निखिल, प्रकाश कुमार, सुरेश गुप्ता, परमजीत सिंह, पीके पंडा, उजेश्वर राय, तन्मय कुमार विकास मिश्रा, टीकेश्वर बारीक. सारंडा एलिफेंट से सौरभ कुमार, शुभम कुमार, आदित्य राज सिंह, अफताब आलम, प्रवीण केरकेट्टा, रोनक लकडा, परमीन्दर सिंह गिल, अजय नाग. रौयल चैलेन्जर्स से कुंदन झा, जैद हाशमी, जगन्नाथ दास, के बी थापा, जगदीप महाराणा, अभिषेक नायक, अभिषेक गुप्ता, घनश्याम मुंडा, अरुण कुमार शामिल हैं. शहर के युवाओं व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सीजीएम आर पी सेलबम, खेल सचिव सह महाप्रबंधक भी के सुमन आदि का निरंतर प्रयास जारी है.

## सेलकर्मियों को मतदान कराने की दी जानकारी

**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु के सामुदायिक भवन में अलग-अलग मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया. यह अभियान नोवामुंडी के बीडीओ अनुज बंदो की मौजूदगी में तथा प्रशिक्षक सत्यजीत बोयपाई एवं मनोज कुमार शर्मा की देखरेख में आयोजित हुई. दोनों कार्यक्रम में सेल किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान के दर्जनों पदाधिकारी व सेलकर्मी शामिल हुये. इस कार्यक्रम में वैसे सेलकर्मी शामिल थे, जिन्हें मतदान कार्य में लगाया जाना है. इन सेलकर्मियों को ड्यूटी के बावजूद फार्म-12 को भरकर अपना मतदान कैसे करना है, मतदान के दिन मतदान कैसे कराना है आदि सभी जानकारी देने के साथ-साथ तमाम वोटरों को कैसे मतदान के लिए बूथ तक लाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाना है.

## न्यूज अपडेट

### आजसू ने मनायी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी पिछड़ा वर्ग महासभा प्रकोष्ठ ने गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनायी. यह आयोजन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के तहत बिरसानगर स्थित आनंद मार्ग अनाथ आश्रम में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री एवं फल वितरण किया गया. वहीं बच्चों को बताया गया कि महात्मा ज्योतिबा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की दिशा में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान आंदोलन चलाया था. बच्चों को बताया गया कि उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाकर सभी वर्गों को पढ़ने का खास कर महिलाओं को अधिकार दिलाया.

### भाजपा ने महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई जयंती



**आदित्यपुर ।** आरआईटी मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई. सवर्प्रथम उनके चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये. साथ ही उनके जीवनी पर प्रकाश डाला. मंडल अध्यक्ष अमितेश अमर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, विचारक, समाज सुधारक और लेखक थे. उनका उद्देश्य अस्पृश्यता और जाति व्यवस्था का उन्मूलन करना था. महिलाओं और उत्पीड़ित जाति के लोगों को शिक्षित करना था. महात्मा फुले को सामाजिक सुधार आंदोलन में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है.

### समाजसेवी ने किया गरीब बच्चों के बीच वस्त्र वितरण



**नोवामुंडी।** ईद के अवसर पर गुवा में समाजसेवी सह युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी ने जरूरतमंत बच्चों के बीच वस्त्र एवं लच्छा का वितरण किया. साथ ही ईद की बधाई दी. इस मौके पर सलीम कुरैशी ने कहा कि वैसे जरूरतमंद बच्चे जिनके माता-पिता काफी गरीब और असहाय हैं वैसे बच्चे के चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास करते हुए ईद के मौके पर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने का यह छोटा सा प्रयास है. ताकि बच्चे भी अपने माता-पिता के साथ खुशी-खुशी ईद मना सके.

### भाजपा आरआईटी मंडल ने की बैठक



**आदित्यपुर ।** भाजपा आरआईटी मंडल भाजपा ने गुरुवार को शक्तिकेंद्र संख्या 27 के बूथ संख्या 165 एवं 166 की बैठक की. बैठक में कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक मुद्दों पर कार्यकर्ताओं का फीडबैक लिया गया. केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसे अनेकों योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभागीदार बनने अपील की. जिससे अंत्योदय का सपना साकार हो सके. साथ ही आगामी लोक चुनाव की जीत की रणनीति तैयार की गई.

### घाटशिला में मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज

**घाटशिला ।** घाटशिला प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में गुरुवार को ईद उल फितर की नमाज अदा की गई. नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी. नवाबकोठी के कामगारशाह मस्जिद में सुबह 8:15 बजे ईद की नमाज अदा की गई जबकि मऊभंडार में सुबह 8:30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की गई. इसके अलावा घाटशिला मुस्लिम बस्ती जमा मस्जिद तथा फुलपाल मस्जिद में भी लोगों ने ईद की नमाज अदा की. नमाज के पहले बयान हुआ. बाद में मऊभंडार जमा मस्जिद एवं ईदगाह कमेटी के सचिव मोहम्मद नसीम ने वार्षिक आय व्यय का पूरा ब्यौरा दिया. जिसमें सात लाख 56 हजार की आय और छह लाख दो हजार का खर्च दिखाया गया.

### पंचर दुकान में लगी आग, कई टायर जले

**जमशेदपुर ।** मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 14 स्थित एक पंचर दुकान पर गुरुवार दोपहर आग लग गई. आग की लपटों ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी. तब तक लोग पास ही मौजूद पेट्रोल पंप से अग्निशामक यंत्र की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए. सूचना पाते ही अग्निशमन विभाग की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई. लगभग एक घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. हालांकि पंचर दुकान में रखे टायर और अन्य सामान जलकर खाक हो गए. इस घटना में सामान जलने से 50 से 60 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार टायर दुकान बिजली के ट्रांसफॉर्मर के नीचे बना है.

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हड़कंप



**चाईबासा ।** खरसावां मुख्य मार्ग पर स्थित कियाडपत्ता गांव के जंगल में पेड़ से लटकता एक युवक का शव बरामद हुआ. युवक की पहचान चांदमारी निवासी रितेश गुप्ता (40 वर्षीय) के रूप में हुई. घटना बुधवार देर शाम की बतायी जा रही है. ग्रामीणों ने गुरुवार अहले सुबह जंगल के अंदर युवक का शव पेड़ पर लटकता देखा. इसके बाद उन्होंने मुफस्सिल थाना को जानकारी दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गयी. जानकारी के मुताबिक, रितेश बुधवार को घर से उधार का पैसा लेने की बात कहकर निकला था.

### व्हाइट टाइगर्स ने सुपर किंग्स को हरा खिताब जीता



**किरीबुरु।** द लूजर्स क्लब, मेघाहातुबुरु-किरीबुरु प्लेयर्स ग्रुप द्वारा सेल, मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के सहयोग से 11वां फ्लड लाइट नॉकआउट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में व्हाइट टाइगर ने सुपर किंग्स को 3 रन से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया. पहले बल्लेबाजी करते हुये व्हाइट टाइगर ने 10 ओवर में 63 रन बनाये. इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स की टीम मात्र 60 रन ही बना सकी. फाइनल के मैन ऑफ द मैच राजपूत, मैन ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट गेंदबाज बुल्लू, बेस्ट कैच धोनी एवं बेस्ट बल्लेबाज ईशान चुने गये.

## ब्रीफ खबरें

### नोवामुंडी के जामा मस्जिद में ईद की नमाज

**नोवामुंडी ।** नोवामुंडी जामा मस्जिद में अंजुमन सचिव मोहमद यासीन की अध्यक्षता में ईद कि नमाज हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराई गई. नोवामुंडी के ईदगाह में ईद-उल-फित्र कि नमाज जामा मस्जिद के ईमाम मौलाना हासिम रजा सैफी के द्वारा पढ़ाई गई. जिसमे ईमाम हासिम रजा सैफी ने समस्त आमजनों कि सुख-सम्मती कि दुआ . ईदगाह में मजिस्ट्रेट एवं प्रशासन विधि-व्यवस्था में प्रतिनियुक्त थे. नमाज अदा करने सचिव मो. यासीन, नाईफ सचिव मो. शमसाद, मो.फईम आदि उपस्थित थे.

### डुमरिया में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद

**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर बड़ाकांजिया, डुमरिया और नयाग्राम मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई. लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी. बड़ाकांजिया में बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू, सीओ चंचला कुमारी और थाना प्रभारी सुगना मुंडा, मुखिया सुरेश हेंब्रम ने मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी. मौके पर शेख बेलालुद्दीन, इस्ताक, शेख सलाउद्दीन, मो. मुस्तकीम, शेख गुलाबुद्दीन, मो. मुख्तार, शेख साहराब आदि उपस्थित थे.

### मृत तीन महिलाओं की हुई अंत्येष्टि

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के भूतिया पंचायत अंतर्गत बुधवार को बनियाकुंदर गांव की तीन महिलाओं की मिट्टी धंसने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी. सभी महिलाएं घर की लीपापोती करने के लिए मिट्टी खोद रहीं थीं. उसी दौरान करीब 10 फीट ऊपर से मिट्टी भरभरा कर गिर जाने से कई महिलाएं तथा किशोरी मिट्टी में दब गए थे. जिनमें तीन महिला की मौत हो गई थी तथा चार घायल हो गए थे. बुधवार को ही तीनों मृत शरीर का पोस्टमार्टम किया गया था. इसके पश्चात शाम को तीनों शव गांव में लाया गया था.

### 16 प्रहर अखंड हरि नाम संकीर्तन शुरू

**घाटशिला ।** प्रखंड के देवली पुखुरिया में 16 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. मुर्मू ने पुजारी ऋषिकेश दास, निशिकांत दास व आनंद दास से विधिवत पूजा अर्चना करा कर क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि की कामना की. जिला परिषद सदस्य देवयानी ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन से आध्यातमिक सुख की अनुभूति होती है. हरेकृष्ण महामन्त्र के जाप से मानव चेतना जागृत होती है. जप और कीर्तन से चारों ओर भक्ति की धारा बहती है.

आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में अदा की गई ईद उल फितर की नमाज

# सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे जवान

संवाददाता। आदित्यपुर

ईद-उल-फितर के चांद का दीदार बुधवार को होने के बाद आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती स्थित ईदगाह में गुरुवार की सुबह सवा आठ बजे ईद की नमाज अदा की गई. नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे के गले मिलकर सभी ने ईद की मुबारकबाद दी. बस्ती के सदर मो. यूनुस ने बताया कि आज तीस रोजे पूरे होने के बाद ईद मनाई गई है. उन्होंने ही मुस्लिम बस्ती के ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराई. नमाज अदा करने के बाद लोगों ने घरों में इबादत की और परिवार के बीच खुशियां बांटी. सदर ने बस्तीवासियों को एकता, शांति व भाईचारे का संदेश देते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की. नमाज अदा कर बस्ती के गणमान्य अब्दुल मजीद, नाजिर हुसैन, नूर जहां वारसी, शेख हसन, मेहबूब आलम, शेख जोनी, अली मोहम्मद आदि ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी. इस मौके पर थाना प्रभारी आदित्यपुर नितिन कुमार सिंह स्वयं पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे.



ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग.

### शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाई गई ईद

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा में गुरुवार को धूमधाम से आपसी एकता और भाईचारे के साथ ईद मनाई गई. वहीं ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज पढ़ी गई. लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी. इस अवसर पर बहरागोड़ा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नए कपड़े पहनकर तथा एक दूसरे को गले लगाकर ईद का मुबारकबाद दिए तथा खुशी का इजहार किया. ईद के पावन अवसर पर घरों को सजाया गया. एक से बढ़कर एक पकवान बनाया गया. ईदगाह में सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी विकास कुमार शर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती, अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो पुलिस बल के साथ तैनात रहे. इस मौके पर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष परवेज आलम, उपाध्यक्ष अली इकबाल, सदस्य एमडी तमन्ना, अफाक आलम, रौनक जमीर, इरशाद, मोतीबुल रहमन, शेख इस्लाम, मंजर आलम, शमशेर, बंटी व आताबुल रहमन समेत मुस्लिम समुदाय के अनेक लोग उपस्थित थे.

### गुवा में ईद पर लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई

**नोवामुंडी।** गुवा के मस्जिद में गुरुवार को ईद की नमाज अदा की गई. इस दौरान अंजुमन इस्लामिया के नमाजियों ने देश के अमन चैन के साथ भाईचारे की दुआ मांगी. ईद उल फितर का त्योहार सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धूमधाम से मनाया. इस दौरान गुवा के मस्जिद में सुबह 8:00 बजे ईद की नमाज अदा की.

ईद के मौके पर अमन चैन को लेकर गुवा थाना प्रभारी गोपाल कुमार ने पूरे दलबल के साथ मस्जिद में तैनात रहे. नमाज अदा के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी. उसके बाद लोगों के बीच सेवइयां बांटी गई. वहीं कल्याण नगर में युवा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्टॉल लगाकर आने जाने वाले लोगों के बीच सेवइयां वितरण किया. ईद के मौके पर सबसे ज्यादा खुशी छोटे-छोटे बच्चों मैं देखने को मिली. उसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान में भी ईद की नमाज अदा कर पुरखों को याद कर ईद की अमन-चैन की दुआ मांगी गई. इस दौरान इस मौके पर मोहम्मद मुबारक, शादाब खान, सैयद राजू, नसीम अंसारी, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद असलम, तबारक, मोहम्मद शब्बीर खान, नाजिम सहित अन्य मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे.

### किरीबुरु : एक-दूसरे के गले मिल दी बधाई

**किरीबुरु।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में ईद का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया. किरीबुरु स्थित मस्जिद में शहर के तमाम मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्रित होकर सुबह पौने नौ बजे ईद की नमाज अदा की . उसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिल ईद की बधाई दी. इस दौरान विभिन्न धर्म व समुदाय के लोगों ने मुस्लिम भाईयों को ईद की शुभकामनाएं दी. बच्चे भी ईद का नमाज अदा करते व खुशियां मनाते नजर आये. ईद के अवसर पर सेवईयां आदि पकवान भी सामूहिक रूप से लोग खाते व खिलाते दिखें. ईद के मद्देनजर मस्जिद के आसपास पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. हालांकि



किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर आपसी एकता व भाईचारे का प्रतीक रहा है जिस कारण कभी भी किसी भी धर्म व समुदाय के बीच कोई विद्वेष नहीं रहा है. ईद के अवसर पर अहले सुबह से जारी हल्की वर्षा ने लोगों के सामने परेशानी खड़ा किया. दूसरी तरफ जगन्नाथपुर ईदगाह में भी अहले सुबह सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की. यहां भी आपकी एकता व भाईचारे का मिशाल देखने को मिला.

### मझगांव व खड़पोस ईदगाह में अदा की गई ईद की नमाज

**मझगांव।** प्रखंड के मझगांव व खड़पोस क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया ईद का त्योहार. गुरुवार को ईद के मौके पर ईदगाहों में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी गई. त्योहार को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त-दुरुस्त थी. लोगों ने नमाज अदा करने के बाद ईद की मुबारकबाद दी. मझगांव प्रखंड के मझगांव ईदगाह में मझगांव के जामे मस्जिद के पेशे ए इमाम हजरत मौलाना सैय्यद हबीबुर्रहमान कासमी व खड़पोस ईदगाह में मौलाना खलिल्लुर्रहमान ने ईद-उल फितर की नमाज पढ़ाई. दोनों ईदगाह में सुबह 7:30 ईद का नमाज अदा की गई. नमाज अदा के पहले मस्जिद के इमाम ने कहा कि इस मुबारक महीने में खुदा अपने बंदों को बहुत ज्यादा नवाजता है. और उसके दुआओं को आसानी से कबूलता है. अल्लाह ताला एक महीना का मेहनत ईद के दिन उसका अजर आता फरमाते हैं. एक महीने रमजान की इबादत के बाद ईद पर सुबह से ही ईदगाह में रौनक दिखी. इस मौके पर ईदगाहों में के क्षेत्र के हजारों की संख्या रोजेदारों ने हिंदुस्तान और पूरे दुनिया के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी गई.

# सारंडा के रांगरिंग डैम क्षेत्र में कीमती पेड़ों की कटाई जारी



संवाददाता। किरीबुरु

सारंडा जंगल के कीमती पेड़ों की अवैध तरीके से कटाई करने का मामला सामने आया है. जानकारी अनुसार रांगरिंग डैम के समीप के जंगल में लकड़ी माफिया ने दर्जनों सखुआ व अन्य कीमती पेड़ों को काट दिया है. काटे गये पेड़ों को विशेष लम्बाई में टुकड़ों में काट उसका सिलपट बनाया जा रहा है. ताकि वहां से उसे उठाकर वाहनों के सहारे अन्यत्र तस्करी किया जा सके. काटे गये पेड़ों की संख्या दर्जनों में बताई जा रही है, जिसकी कीमत लाखों रुपये में है. इस घटना की सूचना पाकर वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची थी. लेकिन वहां से अभी लकड़ियों को वापस नहीं लाया जा सका है. विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि पेड़ों की कटाई में शामिल माफिया पारम्परिक हथियार से लैश होकर जंगल में ही रह रहे हैं. वह विकट परिस्थिति में वन विभाग की टीम पर हमला करने का भी प्रयास कर सकते हैं. ऐसी स्थिति में वन विभाग की टीम को काफी सतर्कता के साथ कार्रवाई करने की जरुरत होगी. बता दें कि सारंडा जंगल के विभिन्न क्षेत्रों में जंगलों की कटाई एवं फर्नीचर उद्योग निरंतर जारी है. सारंडा के घने जंगल या गांवों में फर्नीचर बनाकर शहरों में बेचा जा रहा है. यह सिलसिला बदस्तूर जारी है.

# मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें : उपायुक्त

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर

जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के संचालन को लेकर होटल, रेस्टोरेंट, मॉल व कोचिंग सेंटर संचालकों के साथ बैठक हुई. उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग मनीष कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की. इसमें सभी व्यसायिक संस्थानों को अपने स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाते हुए शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति उदासीनता दूर करने को लेकर विशेष जिम्मेदारी दी गई. विशेष बात यह रही कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शॉपिंग पर छूट की घोषणा करने का प्रस्ताव डीडीसी ने रखा. ताकि मतदान के दौरान उंगली पर लगाई गई स्याही दिखाकर लोग शॉपिंग में छूट प्राप्त कर सकें. इस पर सभी व्यवसायिक



संस्थानों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई. उन्होंने मतदाता जागरुकता अभियान में परस्पर सहयोग को लेकर आश्वस्त किया. सभी को मतदाता शपथ दिलाते हुए अपने साथ कम से कम 10 अन्य लोगों को बूथ तक लाने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई. डीडीसी ने कहा कि जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 25 मई को मतदान दिवस है. इसके लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें. होटल व रेस्टोरेंट संचालक मिठाई के डब्बों या खाने के पार्सल में मतदाता जागरुकता स्टीकर लगाकर घर-घर तक मतदान दिवस के संदेश को पहुंचाएं. साथ ही मॉल, कोंचिग, होटल, रेस्टोरेंट में सेल्फी प्वाइंट, पोस्टर, बैनर लगाकर भी मतदान के प्रति जागरूक करें. कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाएं या अन्य कोई भी गतिविधि संचालित करें जिसमें बड़ी सहभागिता हो. कोचिंग सेंटर संचालकों को वैसे सभी 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा मतदाता, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, उन्हें 15 अप्रैल तक फॉर्म छह भरवाते हुए सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया.

सौन्दर्यीकरण | डीएफओ ने झरने को देखने के बाद इस इलाके के विकास पर काम शुरू किये थे

# घाघरथी झरना : इको टूरिज्म के रुप में विकसित होगा

शैलेश सिंह । किरीबुरु

सारंडा का ऐतिहासिक घाघरथी झरना का सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है. सारंडा के डीएफओ अभिरुप सिन्हा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने घाघरथी झरना एवं इको टूरिज्म के रुप में इसे विकसित करने का कार्य शुरू कर दिया है. घाघरथी झरना सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान के बीच घने जंगलों में स्थित है. इस झरना का स्वच्छ व निर्मल पानी का इस्तेमाल सेल प्रबंधन के अलावा सारंडा के ग्रामीण पेयजल व अन्य कार्यों में करते आ रही है. घाघरथी झरना के निचले हिस्से में सेल प्रबंधन ने



चेकडैम बनाकर इस पानी को पंप व मोटर के सहारे खिंच डब्लूटीपी में भेज जरुरत अनुसार सेलकर्मियों के आवासों व खदानों में इस्तेमाल करती है. इस झरने का पानी सारंडा की ऊंची पहाड़ी पर स्थित जलश्रोत से पहाड़ों व पत्थरों से टकराते नीचे तक आती है. यहां हर वर्ष काफी संख्या में पर्यटक भी जाते हैं. लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाते हुये मस्ती करते हैं. अपनी बेहतर कार्यशैली, ईमानदारी, पर्यावरण प्रेमी के रुप में मशहूर सारंडा के डीएफओ अभिरुप ने इस झरना को देखने के बाद से

**ग्रामीण खुश**

- पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा और रोजगार का होगा सृजन
- झरना के निचले हिस्से में सेल प्रबंधन ने चेकडैम बनाया है
- यहां से पानी को पंप के सहारे डब्लूटीपी में भेजा जाता है

इसको देश के पटल पर लाने तथा यहां पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रयास तेज कर दिये थे. इस सम्बन्ध में जब उनसे सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि यह सही है कि घाघरथी झरना का विकास एवं यूको टूरिज्म के लिए सरकार से अनुमोदन, आवंटन मिल चुका है. इसका निविदा कार्य भी हो चुका है. यहां पर्यटकों के लिये प्रारम्भ में दो कॉटेज का निर्माण होगा. जरुरत पड़ने पर इसकी संख्या बढ़ायी भी जा सकती है. इसके अलावे वाटर फॉल में जाने के लिए जरुरी ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा. डीएफओ गुरुवार को स्वंय घाघरथी झरना कार्य के संवेदकों की टीम के साथ गये एवं जरुरी दिशा निर्देश दिये. बताया कि घाघरथी झरना का विकास व सौन्दर्यीकरण से पर्यटकों की भारी भीड़ उमडेग़ी. जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा.

# सरहुल महोत्सव में थिरके लोग

संवाददाता। चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को सरहुल महोत्सव की धूम रही. चारों ओर सरहुल का उल्लास देखते ही बन रहा था. महोत्सव के दौरान हर जगह आदिवासी समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली. लोग पारंपरिक परिधान में मारांग बुरु और जाहेर आयो की पजा-अर्चना कर सरहुल नृत्य कर रहे थे. सबसे पहले नायके बाबा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सखुआ फूल पुरुषों के कान में और महिलाओं के जूडे पर लगाया. इसके साथ ही क्षेत्र की सुख-शांति के लिए कामना किया. उपस्थित लोगों ने जाहेरगाढ़ में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया.

बाहा पर्व प्रकृति-प्रेम को दर्शाता है. वहीं यह त्योहार आदिवासी एकता और



समाज को एकसूत्र में बांधने का परिचायक भी है. मौके पर लोगों ने सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने, प्रकृति और वन्यजीव की रक्षा करने, सामाजिक एकता और अखंडता को बढ़ावा देने, युवक-युवतियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया. वहीं चांडिल गोलचक्कर स्थित दिशोम जाहेरगाढ़ में गुरुवार को भव्य रूप से बाहा महोत्सव मनाया गया. पुजारी ने ईष्टदेव की पूजा साल व महुआ के फूल से किया. इस दौरान ग्राम देवता, जंगल, पहाड़ और प्रकृति की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और गांव के निरोग रखने की मन्नत किया गया. इस अवसर पर मुर्गी की बलि भी दी गई. मौके पर जमशेदपुर के जोडरागोडा से आए नृत्य दल ने सबका मन मोहा. महोत्सव मनाया गया. सरहुल महोत्सव के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संथाल समाज के अलावा मुंडा व पहाड़िया समाज का सरहुल नृत्य दल शामिल हुए.

# सोशल मीडिया पर मजाक करना युवक को पड़ा महंगा

प्रमोद उपाध्याय । हजारीबाग



## दोनों गिरफ्तार

- एक युवक की दोस्ती कुजू के युवक के साथ थी
- शहर में भीड़ वाली जगह पर बम लगाना है
- इसके लिए तुम्हें 50 लाख रुपया नगद दिया जाएगा

सोशल मीडिया पर युवक का मजाक करना महंगा पड़ गया. बताया जा रहा है कि हजारीबाग के एक युवक की दोस्ती कुजू के युवक के साथ थी. दोनों दोस्त सोशल मीडिया पर बात कर रहे थे. जिसमें हजारीबाग के युवक के द्वारा कहा गया था कि हजारीबाग शहर में भीड़ वाली जगह पर बम लगाकर उड़ाना है. इसके लिए तुम्हें 50 लाख नगद दिया जाएगा.

सोशल मीडिया पर काम कर रहे पुलिस जवान को इसकी भनक लगी. इसके बाद कंट्रोल रूम में खलबली मच गई. इसकी जानकारी पुलिस कप्तान को दी गई. वहीं पुलिस कप्तान ने आनन-फानन में टीम गठित करते हुए दोनों दोस्तों की तलाश शुरू कर दी. पुलिस ने 45 मिनट के अंदर दोनों को गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद घंटों तक पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ करती रही. दोनों युवक की पूरी जन्म कुंडली खंगालने लगी. लेकिन इनकी कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिली. फिर दोनों दोस्तों ने मजाक करने की बात स्वीकार भी की.

इसके बाद दोनों युवकों को कोर्रा पुलिस ने बॉन्ड भरवा कर छोड़ दिया. इस संबंध में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि हजारीबाग जिले में सोशल मीडिया पर विशेष रूप से पुलिस कम कर रही है. दो दोस्त आपस में सोशल मीडिया पर बात कर रहे थे. जिसमें शहर के भीड़ भाड़ वाली जगह को उड़ाने की बात सामने आ रही थी. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 45 मिनट में दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया और कोर्रा पुलिस को सौंप दिया गया. उन्होंने कहा कि सचमुच दोनों दोस्त आपस में मजाक कर रहे थे. इनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं था. सुरक्षा के बारे में एसपी ने कहा कि रामनवमी व चुनाव को देखते हुए जिले में अतिरिक्त 5000 फोर्स मंगाया गया है. जिसमें सीआरपीएफ, जैप पुलिस, रैंप जगुआर पुलिस फोर्स, होमगार्ड व स्पेशल कमांडो फोर्स सहित 2000 महिला पुलिस को भी लगाया जाएगा. इसमें आधा फोर्स जिले में आ भी चुकी है .वहीं त्योहार को देखते हुए सैकड़ों ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं. जिसमें 20 ड्रोन कैमरा केवल हजारीबाग शहर में काम कर रहा है. यहां तक कि शहर में लगाए गए सीसीटीवी को दुरुस्त करवा दिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि जिले के चार स्थानों पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है. शहर से लेकर गांव गांव तक हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है. कहा कि अगर किसी तरह का कोई हुड़दंग करता है तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा. सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट करते पकड़ा जाता है तो उस पर कार्रवाई होगी. उसे तुरंत जेल भेजा जाएगा.

# ईद प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है

संवाददाता । हजारीबाग



प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ गुरुवार को पूरे देश में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. हजारीबाग में भी प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया. लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने भी क्षेत्र वासियों को ईद उल फितर की बधाई एवं शुभकामनाएं दी.

उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार है. इसे मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है. ईद का त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है. ईद उल फितर के मुबारक मौके पर जय प्रकाश भाई पटेल ने हज़ारीबाग जामा मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज़ के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, नगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद, कांग्रेसी नेता आरिफ अंसारी, गिरजा शंकर, अनिल राय, संतोष कुमार, दिलिप रवि, शकील बिहारी, इरफान अहमद काजू, डॉ भैया असीम कुमार व समाजसेवी बाबर कुरैशी मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने साइबर अपराधी को दबोचा

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी से पुलिस ने प्रतिबिंब ऐप के जरिए एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया. अपराधी की पहचान बिहार शेखपुरा निवासी सहाबुद्दीन पिता हबीबुल्ला के रूप में हुई है. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. वर्तमान में सहाबुद्दीन खिरगांव पांडेय टोला में एक किराए के मकान में रहता था. पुलिस ने बताया कि सहाबुद्दीन झारखंड-बिहार ही नहीं पूरे देश के लोगों को झांसे में लेकर पैसा ठगता था.

### कोडरमा में धूमधाम से मनाया गया सरहुल

**कोडरमा ।** झारखंड का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार सरहुल गुरुवार को भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ. मारियमपुर में आदिवासी संघ के अध्यक्ष पवन माइकल कुजूर की अध्यक्षता में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम से पहले सभी अतिथियों का स्वागत आदिवासी परंपरा के अनुसार किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माइकल कुजूर ने कहा कि सरहुल का त्योहार प्रकृति के उपासना का प्रतीक है. हमें जल, जंगल और प्रकृति को बचाने के लिए आगे आना होगा.

### चीचीकला के जंगल में लगी भीषण आग

**चरही।** चनारो पंचायत के चीचीकला जंगल में बुधवार रात को भीषण आग लग गई. यह आग करीब सात किलोमीटर की दूरी तक फैल गई. आग लगने से कई छोटे-छोटे पौधे जलकर नष्ट हो गए. साथ ही कई जीवनदायिनी जड़ी-बूटियां भी इसके चपेट में आ गए. बताया जाता है कि गावं के कई लोग महुआ चुनने के लिए तीन बजे रात में घर से जंगल की ओर चल पड़ते हैं. जंगल में अंधेरा होने के कारण उजाला करने के लिए पेड़ों से नीचे गिरे पतों में आग लगा देते हैं. जिस कारण आग की लपटें दूर-दूर तक फैल गईं.

### नर्सिंग होम में महिला मरीज की हुई मौत

**बड़कागांव।** ब्लॉक मोड स्थित कांग्रेस ऑफिस के बगल में संचालित प्रगति नर्सिंग होम में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन में लापरवाही बरतने के कारण एक महिला की मौत हो गयी. मृतका अंजली कुमारी चतरा जिले के खदिया-मिसरोल से अपने मायके आई थी. डिलीवरी केस में पेट दर्द के बाद प्रगति नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था. मंगलवार रात को ऑपरेशन किया गया था. इसमें अंजली की जान चली गई. लेकिन बच्चे को बचा लिया गया.

## मांडू विधानसभा क्षेत्र के चुरचू प्रखंड के लुकुईया गांव में न बिजली है न पानी

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं ग्रामीण

- मांडू विधानसभा क्षेत्र से तीन बार जेपी पटेल विधायक रहे हैं
- इन गांवों के लोग आज भी नदी से पानी लाकर पीते हैं
- नगड़ी, खुरनडीह, जमडीहा गांवों में भी नहीं है पेयजल
- चुनाव जीतने के बाद नेताजी कभी दर्शन भी नहीं देते

संवाददाता । हजारीबाग



चुनाव आते ही क्षेत्र में नेताओं का भाषण गांव-गांव में गूंजने लगता है. जबकि सच्चाई यह है कि आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां ना तो पेयजल की व्यवस्था है ना सड़क बनी है. इसके अलावा ना ही उस क्षेत्र में उच्च शिक्षा की कोई व्यवस्था है. जबकि उन गांवों की जनसंख्या की बात करें तो वहां कई सौ परिवार रहते हैं. ऐसे एक नहीं कई गांव हैं. जिसमें आठ बार चुनाव जीतने के बाद भी जनप्रतिनिधि कभी ध्यान नहीं दिये. इससे ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह गए हैं. दरअसल यह गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का मांडू विधानसभा क्षेत्र का चुरचु प्रखंड का लुकुईया गांव है.

जहां सड़क, पानी व शिक्षा का घोर अभाव है. यहां के लोग आज भी नदी से पानी लाकर पीते हैं. वहीं नगड़ी, खुरनडीह, जमडीहा, कटठाडाडी और डूमर गांव भी हैं, जहां के ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं. कुल मिलाकर कई गांवों में है बुनियादी सुविधाओं का अभाव.

### नेता केवल वादा ही करते हैं: रावा सिंह भोक्ता



चुरचू प्रखंड के खुरनडीह निवासी रावा सिंह भोक्ता ने बताया कि मांडू विधानसभा क्षेत्र से तीन बार जयप्रकाश भाई पटेल विधायक रहे हैं. इससे पहले इनके पिता पांच बार विधायक रह चुके हैं. इसके बावजूद भी इस प्रखंड के गांवों में विकास नहीं हो पाया है. आज भी नेता केवल वादा ही करते हैं. बाद में भूल जाते हैं. किए हुए वादे को निभा नहीं पाते हैं. हम ग्रामीणों की समस्या आखिर कौन सुनेगा. चुनाव जीतने के बाद नेताजी कभी दर्शन भी नहीं देते हैं. मिलने के लिए उनके घर पर जाओ तो वे कभी दिल्ली तो कभी राजभवन में रहने की बात करते हैं. इनका फोन भी नेताजी के पीए उठाते हैं. ऐसे में हम अपनी पीड़ा भी नहीं सुना पाते हैं. नेताजी को हमारी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए. लेकिन कुछ नहीं हो रहा है.

## क्या कहते हैं ग्रामीण

### तीन किलोमीटर दूर से लाते हैं पीने के लिए पानी: काजल देवी



डूमर निवासी काजल देवी ने बताया कि चुनाव के समय गांव में धूल उड़ता रहता है. नेताओं का भाषण माइक पर गूंजता है. जिसमें वे कई वादे करते हैं. हाथ जोड़कर घूमते हैं. लेकिन चुनाव जीतने के बाद फिर गांव में दर्शन नहीं देते हैं. वे एयर कंडीशन में बैठकर विकास की बात करते हैं. यहां पानी का काफी समस्या है. हमलोगों को तीन किलोमीटर दूस से पानी लाना पड़ता है. इसे देखने वाला कोई नहीं है. किसी तरह अपनी जीविका चला रहे हैं. हमारे वोट से नेताओं का विकास हो रहा है. लेकिन गांव का विकास नहीं हो रहा है.

### सारे नेता हमलोगों को गुमराह करने में लगे हैं: सरिता देवी



वहीं सरिता देवी भी नेताओं की कार्यशैली से नाखुश हैं. बताया कि सुनते हैं पहले जेपी कमल फूल में थे. वहां वे विधायक थे. लेकिन अब वह बड़ा नेता बनना चाहते हैं. इसलिए कमल छोड़कर हाथ में चले गये हैं. अब नेता हमलोगों को फिर से गुमराह करने में लगे हैं. नेताजी कहते हैं कि हम विकास करना चाहते थे, लेकिन मोदी जी करने नहीं दिए. इसीलिए पार्टी को छोड़ दिए. हाथ छाप में आ गए. इस बार मौका दीजिए खूब विकास करेंगे. हमें नहीं लगता है कि कोई गांव के विकास को लेकर गंभीर हैं. सभी अपनी फसल काटने में लगे हैं.

### जेपी पटेल के गांव का भी अब तक नहीं हुआ विकास: जागेश्वर



विष्णुगढ़ के जागेश्वर राम ने बताया कि मांडू विधायक जिस गांव में रहते हैं उस गांव का भी विकास नहीं कर पाए. वह अगर दूसरे जिला या प्रखंड में आश्वासन देते हैं तो यह गलत है. जहां जेपी का घर था, उस गांव में भी आज तक लोगों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है. तो दूसरे गांव में क्या व्यवस्था करेंगे. यह देखा जा सकता है. चानो के लोग कैसे रहते हैं. आज नेताजी के कार्यकर्ता चुनाव आते ही वोट मांगने पहुंच रहे हैं. लेकिन वे हमारी समस्या के समाधान लिए कुछ भी नहीं करते हैं. आखिर ऐसे कब तक चलेगा.

# विदेश में बंधक है विष्णुगढ़ का प्रवासी मजदूर भीम

संवाददाता । विष्णुगढ़



प्रखंड के सिरैय निवासी प्रवासी मजदूर भीम ठाकुर पिता छतरु ठाकुर सऊदी अरब में फंस गया है. पहले से वहां 45 मजदूर फंसे हुए हैं. नौ महीने पहले दलालों के चक्कर में पड़कर रोजी के लिए वह सऊदी अरब गया था. उसने अपने परिजनों को फोन कर अपने हालात की जानकारी दी है. परिजन अब उसकी रिहाई के लिए सरकार के हुक्मरानों और राजनेताओं से फरियाद कर रहे हैं. उसका मालिक ना तो उसे पैसे दे रहा और न ही ढंग का खाना-पीना. बंधक बनाकर जबरन उससे काम लिया जा रहा है. विरोध करने पर उसे यातनाएं दी जाती है. सऊदी अरब पहुंचने के कुछ दिनों बाद से ही यातनाओं का सिलसिला शुरू हो गया था. भीम अपने माता-पिता का इकलौता संतान है. मालिक ने उसपर मुकदमा भी दर्ज कर दिया है. इधर इसके पिता का देहांत हो गया है. उसकी विधवा मां और पत्नी यातना दिए जाने की खबर से परेशान है. उसके दो बेटे प्रिंस (नौ) और प्रतीक (छह) है. परिजनों ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. भीम परिवार की आर्थिक स्थिति और बच्चों के भविष्य को देखते हुये विदेश कमाने गया था, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, मगर अब उसकी सही-सलामत वापसी हो जाये, यही हमलोगों के लिए काफी है.

# 26 को होगा कव्वाली का शानदार मुकाबला, रहें तैयार

संवाददाता । रामगढ़

हजरत दाता हेदायतुल्लाह साह रहमतुल्लाह अलैह नयानगर बरकाकाना का सालाना मनाने को लेकर मजार परिसर में बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता रमेश प्रसाद यादव और संचालन मो शफीक अंसारी उर्फ बाबू ने किया. बैठक में प्रत्येक साल की तरह इस वर्ष भी अकीदत के साथ सालाना उर्स मनाने का निर्णय लिया गया. निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अप्रैल को अकीदत के साथ मजार पर गुसूलख्वानी, कुरआनख्वानी और सरकारी चादरपोशी की जाएगी. वहीं आगामी 26 अप्रैल को दुर्गा मंडप नयानगर बरकाकाना में महफील-ए-कव्वाली का शानदार मुकाबला का आयोजन किया जाएगा. जिसमें देश के प्रसिद्ध कव्वाल अपनी कव्वाली पेश करेंगे. इसे सफल बनाने के लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव, सेक्रेटरी मो शफीक अंसारी उर्फ बाबू, कोषाअध्यक्ष मो आजाद आदि को चुना गया. मौके पर मुखिया मो मोकिम आलम, पंसस मो फरीद अंसारी, अख्तर अली, मो जिलानी, मो जकाउल्लाह, बंटी अंसारी, नसीर अहमद, मो समद, मो सुहेल, मो हातीम मौजूद थे.

## हजारीबाग में शहर भर की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई

# भाईचारे की प्रतीक है ईद : मुन्ना सिंह

संवाददाता । हजारीबाग



### बोले मुन्ना

- पूरे देश में ईद को लेकर खुशी का माहौल है
- लोग एक दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दिये

ईद के मौके पर हजारीबाग शहर भर की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई, इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारका दी। इसी बीच कांग्रेस के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल व कांग्रेस नेता व समाजसेवी मुन्ना सिंह ने शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों से गले मिलकर उन्होंने ईद की मुबारकबाद दी.

मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा कि पूरे देश में ईद को लेकर खुशी का माहौल है, लोग एक दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईद का ये त्योहार एकता और और भाईचारे का प्रतीक है इस समय हमे आपसी रंजिशों को भूलकर त्यौहार का आनंद लेना चाहिए, साथ ही जो गरीब तथा जरूरतमंद हैं उनके साथ हमें खुशियां बांटनी चाहिए.

कांग्रेस के हजारीबाग लोक सभा प्रत्याशी जय प्रकाश पटेल व समाजसेवी मुन्ना सिंह ने सरदार रोड, पेलावल, जामा मस्जिद रोड, शिवपुरी, पगमिल, कल्लु चौक के साथ हजारीबाग के विभिन्न स्थानों का दौरा किया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित विक्की कुमार धान, बबलू सिंह, रंजीत यादव, सुजित सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे

### सरहुल प्रकृति से जोड़े रखता है : जेपी पटेल

**रामगढ़ ।** रामगढ़ के पारे बस्ती में सरहुल पूजा का आयोजन किया गया. सरहुल पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल और विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो शामिल हुए. कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का आयोजन कमेटी के द्वारा विधिवत सखुवा फूल देकर स्वगत किया गया. मुख्य अतिथि जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि सरहुल पूजा हमें अपनी परम्परा और संस्कृति से जोड़े रखता है. वहीं विशिष्ट अतिथि बजरंग महतो ने कहा कि जल जंगल और जमीन हमारी आत्मा है. इसके बिना मनुष्य जीवन या अन्य जीव सुरक्षित जीवन की कल्पना करना मुमकिन नहीं है. मौके पर अनिल मुंडा पुर्व जिला अध्यक्ष आदिवासी मोर्चा, गगन विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष आदिवासी मोर्चा मौजूद थे.

## मुल्क में अमन-चैन और कौम की तरक्की की दुआ मांगी गई

# नमाजियों ने एक-दूसरे को दी बधाई

संवाददाता । हजारीबाग



बुधवार को चांद का दीदार होने के बाद गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया. हजारीबाग के मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदतमंदों ने भाईचारे का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन और कौम की तरक्की की दुआ मांगी. लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी. हजारीबाग, बरही, इचाक, पेलावल, कटकमसांडी, चौपारण, बरकट्ठा, चालकुशा, बिष्णुगढ़, बड़कागांव केरेडारी, कटकमदाग एवं शहर के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में भी ईद की नमाज अदा की गई. ईद की नमाज़ अदा करने सभी मुस्लिम धर्मावलंबी कब्रिस्तान पहुंचे.

इस दौरान दुनिया से पर्दा कर गए पूर्वजों की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ी और उनके मगफिरत के लिए दुआएं मांगी. इस दौरान एक-दूसरे को ईद की बधाई दी. दिन भर ये सिलसिला जारी रहा. एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी. वहीं जो परिजन मजदूरी के लिए बाहर हैं, उनको फ़ोन पर ईद की बधाई भी लोग देते रहे. वहीं ईद की खुशी में नए-नए कपड़ों के साथ सेल्फी और ग्रुप फोटो सभी लोग सोशल मीडिया के विभिन्न साइट पर अपलोड किए और एक-दूसरे को बधाई दी. वहीं छोटे-बड़े बच्चे भी ईद को लेकर काफी उत्साहित दिखे. ईद उल फितर की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये थे. पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सहित सदर बीडीओ सह सीओ विधि-व्यवस्था में दिनभर जुटे रहे.

**प्रशासन**

## बहेरा स्थित हरियाणा पंजाब लाइन होटल के पास से बोलेरो से एक किलो अफीम बरामद किया

# चौपारण थाना प्रभारी ने 50 दिनों में 31 अपराधियों को भेजा जेल

सूरज सिन्हा । चौपारण



## कड़ी कार्रवाई

- 33 शराब, अफीम व गांजा तस्करों को जेल भेजे
- एक किलो अफीम के साथ तीन तस्करों को पकड़ा

चौपारण के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने आते ही अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सभी को चौंका दिया. थाना प्रभारी दीपक ने 19 फरवरी 2024 को चौपारण के 38वें थाना प्रभारी के तौर पर पदभार ग्रहण किया. अपने 51 दिनों के कार्यकाल में कई कार्रवाई करते हुए 33 शराब, अफीम व गांजा तस्करों को जेल भेज दिये. इन्होंन पहली कार्रवाई पद भार ग्रहण करने के 10 दिन बाद 29 फरवरी को की.

जिसमें जीटी रोड के बहेरा में स्थित हरियाणा पंजाब लाइन होटल के पास से एक बोलेरो से एक किलो अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा. दूसरी कार्रवाई दो मार्च को की. जिसमें चोरदाहा पंचायत के उग्रवाद प्रभावित अहरी में 10 एकड़ अफीम खेती को नष्ट किया. तीन मार्च को चोरदाहा चेकपोस्ट पर एक स्विफ्ट डिजायर वाहन पर अवैध रूप से लदे 22 पेटी अंग्रेजी शराब किया. जिसमें 20 पेटी रॉयल स्टेग कम्पनी का 375 एमएल बोतल तथा दो पेटी इम्पेरियल ब्लू कम्पनी का 375 एमएल शराब जब्त किया गया. फिर छह मार्च को 10 लाख के अफीम के खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया.

तस्कर के पास से बाइक की डिक्की से 3.1 किलोग्राम अफीम जब्त किया. पांचवी कार्रवाई सात मार्च रात्रि को चोरदाहा चेकपोस्ट के पास की. जहां कार से 22 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया. छठी कार्रवाई भी सात मार्च को की. जिसमें चोरदाहा चेकपोस्ट पर ही एक कंटेनर से 41 पशुओं को तस्करों के चंगुल से छुड़वाया और एक तस्कर को जेल भेजा. वहीं सातवीं कार्रवाई 10 मार्च को की. जिसमें बालाजी ज्वेलर्स चौपारण में हुई चोरी की घटना का महज कुछ ही घंटे में उद्भेदन कर दिया. हालांकि ज्वेलर्स दुकानदार के द्वारा आवेदन नहीं देने के कारण कोई मामला दर्ज नहीं हुआ और चोरों को अपनी गलती माने जाने पर हिदायत देकर छोड़ दिया गया. आठवीं कार्रवाई में 14 मार्च को बैंक ऑफ़ इंडिया चौपारण शाखा से 49000 रुपये की निकासी कर अपने घर लौट रही महिला से पैसे लूट कर भाग रहे दो अपराधियों को महज दो घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेजा. नौवीं कार्रवाई 18 मार्च को ग्राम भगहर पंचायत के ग्राम भण्डार में की. जहां परमेश्वर यादव के घर से दस लाख से अधिक का शराब जब्त किया. दसवीं कार्रवाई 20 मार्च को चतरा मोड़ के पास की.

जहां से एक वाहन से भाग रहे दो अपराधियों को पकड़ा. ग्यारहवीं कार्रवाई 24 मार्च को पंचायत भगहर में की. जहां संजय केशरी के घर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बियर को जब्त किया. बारहवीं कार्रवाई 26 मार्च को ग्राम भगहर में ही की. जहां जगंल में उत्पाद विभाग के साथ मिलकर 73000 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया और 350 लीटर देसी शराब जब्त किया. तेरहवीं कार्रवाई एक अप्रैल को की. जिसमें चौपारण थाना और उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में चौपारण के चमर गड्ढा जंगल से एक ट्रक और पिकअप में लदे 48 लाख 70 हजार के अवैध अंग्रेजी विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया. चौदहवीं कार्रवाई तीन अप्रैल को की. जिसमें अंग्रेजी शराब लदे स्कार्पियो और क्वीड कार के साथ चौपारण के दो तस्करों को गिरफ्तार किया. पन्द्रहवी कार्रवाई पांच अप्रैल को की. जिसमें क्रूरता पूर्वक दो पिकअप वाहन में लदे 14 गौवंशीय पशुओं के साथ छह तस्कर को गिरफ्तार किया. सोलहवीं कार्रवाई अप्रैल को प्रखंड के दादपुर में की. जहां 28 किलो 2 सौ ग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा. सत्रहवीं कार्रवाई आठ अप्रैल को की.

# एनएच-23 पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन गंभीर

संवाददाता । रामगढ़

रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच-23 पर छत्तर के समीप एक महिंद्रा एक्सयूवी कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी. जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. कार में बुरी तरह फंसे शव को हाइड्रा की मदद से घंटों मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका. जानकारी के अनुसार चार लोग कार में सवार होकर पटना से रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पूजा करने जा रहे थे. इसी दौरान छत्तरमांडू पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में कार ने पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गये. कार का अगला हिस्सा ट्रक में फंस गया. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बाहर निकाला. जिसे एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया. जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे मृतक के शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा. मृतक की पहचान पटना निवासी सुजीत कुमार मेहता के रूप में की गई है. वहीं घायलों में सोनू कुमार, जीतेंद्र कुमार और सोनू शामिल है. सभी पटना सिटी के रहने वाले बताये जा रहे हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय अनुकूल है, पर ज्यादा मेहनत और लाभ कम होगा. पर मेहनत तो करनी ही होगी. धन का आगमन सामान्य होगा. साथ ही यात्रा में सावधानी रखें, नुकसान हो सकता है. वाद विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें.

**वृषभ** राहु चंद्रमा का योग शैय्या सुख बाधित करता है. साथ ही खर्च में वृद्धि होगा विरोधी हार मानेंगे. पर बहुत जल्दी आय के द्वार भी खुल रहे हैं. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. निवेशादि लाभ देंगे.

**मिथुन** आय के लिए दिन ठीक है. पर जल्दबाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे. धन लाभ होगा. कुछ धर्म और सत्कर्म भी होंगे. विवाद से बचें.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है. अधिक धन भी उन्माद का कारण बनता है. इस बात का ध्यान रखें. कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. पराक्रम से वृद्धि होगी. विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा.

**सिंह** अभी कर्म और भाग्य में भाग्य प्रबल है. तो इसका लाभ लेने से नही चूकें. क्योंकि भाग्य के बल से कार्य होगा. कोशिश करने से कार्य बनेंगे.परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी,किसी वाद विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

**कन्या** समय को बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है. थोड़ी दिक्क्त है, पर थोड़े समय के लिए. कोई कार्य करने या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम में वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. रोजगार की प्राप्ति हो सकती है. छोटी यात्रा शुभ रहेगी.

**तुला** व्यापार में खुलकर सामने आने का समय है. जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी.परिवार का सुख सहयोग मिलेगा.निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. कार्य होगा पर दूसरों की देखादेखी नहीं करें.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. नेत्र रोग से बचें. खान पान पर विशेष ध्यान रखें. रोग शत्रु से बचें. अचानक पर कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे. यदि कोई छोटी यात्रा हो तो यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा.

**धनु** क्रोध से बचें. खास कर बच्चों से विशेष प्रेम करें. शिक्षा में सुधार होगा, पर ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है. निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है. इसका लाभ आगे मिलेगा.

**मकर** रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा. पर इसके लिए विशेष प्रयास करना होगा. यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा.कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. पराक्रम सिद्ध करने का समय है.

**कुंभ** आने वाले दिन में कुछ विवाद भी होगा. कार्य करें पर सजग रहें. राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा. नौकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. आपके कार्य और प्रभाव से रुके हुए काम बन सकते है.

**मीन** भाई का सहयोग मिलेगा. धर्म में व्यय होगा. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. निवेशादि लाभ देगें कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा.वाहन का प्रयोग सावधानी से करें. कुछ हानि हो सकता है. मंदिर में दूध का दान करें.

### सिंहभूम लोकसभा: महागठबंधन ने जोबा मांझी को बनाया प्रत्याशी, सीएम चंपाई सोरेन बोले-

# अब मेरी प्रतिष्ठा का है सवाल

संजीव मेहता । आदित्यपुर

जोबा मांझी को सिंहभूम लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाये जाने से यह सीट हॉट केक बन गया है.मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने यहां जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाकर दांव खेला है. उन्होंने मंगलवार को ही कार्यकर्ताओं को संदेश भेजकर कहा कि अब मेरी प्रतिष्ठा का सवाल है. बता दें कि जोबा मांझी के महागठबंधन का प्रत्याशी बनने से गीता कोड़ा की राह मुश्किल भरी हो गई है. चूंकि जोबा मांझी भी सिंहभूम की जमीन से जुड़ी महिला नेत्री हैं. उनकी गिनती सिंहभूम क्षेत्र की कद्दावर महिला नेता के रूप में होती है. वहीं गीता कोड़ा साफ सुथरी छवि की हैं, लेकिन उनके पति पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की छवि दागदार हैं. वे जेल यात्रा भी कर चुके हैं. जब से झामुमो ने जोबा मांझी को प्रत्याशी घोषित किया है, चर्चाओं का बाजार गर्म है. बता दें कि चाईबासा लोकसभा क्षेत्र का मुख्य हिस्सा सरायकेला विधानसभा क्षेत्र है. यहां से झामुमो लगातार जीतती रही है. दो बार लक्ष्मण टुडू और दो बार गणेश महाली को हराकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन लगातार चार बार से यहां चुनाव जीतते रहे हैं. वर्तमान में वे मुख्यमंत्री हैं. जिसका लाभ जोबा मांझी को मिलने की संभावना है. प्रत्याशी बनाने के साथ ही मुख्यमंत्री ने 13 और 14 अप्रैल को दो दिन आदित्यपुर और गम्हरिया में कार्यकर्ता सम्मेलन भी बुलाया है. इससे प्रतीत होता है कि यहां जोबा मांझी नहीं बल्कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन चुनाव लड़ रहे हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कस लेने का संदेश भी भिजवा दिया है.

- *गीता कोड़ा की छवि राजनीति में साफ सुथरी मानी जाती है*

## कौन हैं जोबा मांझी

पहली बार जोबा 1998 में अविभाजित बिहार में राबड़ी देवी की सरकार में आवास राज्य मंत्री बनी थीं. वर्ष 2000 में अलग झारखंड राज्य बनने के बाद जोबा को बाबूलाल मरांडी की सरकार में समाज कल्याण व महिला बाल विकास तथा पर्यटन मंत्री बनाया गया. 2005 में भी जोबा मांझी परिवार व समाज कल्याण व महिला बाल विकास मंत्री बनीं. बता दें कि जोबा के पति साम्यवादी विचारधारा के समर्थक देवेंद्र मांझी ने अपनी जिंदगी में जनप्रतिनिधियों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया था. यह आदर्श भी इतना कठिन कि आज के नेताओं के पसीने छूट जाएं. उन्होंने अपनी पत्नी को भी इन्हीं आदर्शों की घुट्टी पिलाई है. वर्ष 1982 में विवाह के उपरांत देवेंद्र मांझी की इसी सोच का नतीजा था कि अपने खेतों में उपजी सब्जियां लेकर जोबा मांझी स्वयं इतवारी बाजार के खुदरा विक्रेताओं को बेचकर आती थीं. जबकि वर्ष 1980 से 1990 तक देवेन्द्र विधायक हुआ करते थे. उनके आचार-विचार की तुलना वर्तमान जनप्रतिनिधियों से की जाए, तो फर्क स्पष्ट नजर आता है. आज के अधिकतर जनप्रतिनिधि शाही ठाठ से रहने के आदी हो गए हैं. इतवारी बाजार के सब्जी विक्रेता बताते हैं कि जोबा भाभी देवेंद्र बाबू के विधायक रहते स्वयं सब्जियां लेकर बेचने आती थीं. आधे एक घंटे में सब्जियों की बिक्री कर तमाम लोगों का कुशल क्षेम पूछकर वापस लौटती थीं. जोबा कहती हैं कि मांझी साहब के विचार बेहद सुलझे हुए थे. वे कहते थे कि मैं विधायक हूं. इस बात से अपनी आजीविका व रोजमर्रा के कार्यों में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए. कर्म पर उनका अटूट विश्वास था. आज भी जोबा को लोग उनके पंप रोड स्थित आवास में बर्तन मांजते, कपड़े धोते व गोबर की लिपाई करते देखते हैं. जबकि वे झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री के महत्वपूर्ण पद पर रह चुकी हैं.



*जोबा मांझी सिंहभूम की जमीन से जुड़ी महिला नेत्री हैं*

### गीता से पति मधु कोड़ा को मिली मदद

18 सितंबर 2006 से 27 अगस्त 2008 तक झारखंड के मुख्यमंत्री गीता के पति मधु कोड़ा थे. इस दौरान उन पर भ्रष्टाचार की तमाम तोहमत लगे थे. उन्हें जेल भी जाना पड़ा था. उन पर कोयला खदानों के आवंटन के एवज में 4000 करोड़ रुपये के रिश्वत लेने के आरोप लगे. जिसके चलते 2017 में तीन साल की सजा और 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था. मधु कोड़ा जब मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया, तो काफी मुश्किलों के दौर से गुजर रहे थे. इस दरम्यान उनकी पत्नी गीता कोड़ा ने ही उनकी डूबते राजनीतिक करियर को सहरा दिया और खुद भी सियासत में पांव रखा. 2009 में जय भारत समानता पार्टी से पहली बार विधायक बनी. 2014 में फिर दुबारा विधायक चुनी गईं. इसके बाद गीता ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार आगे बढ़ती गईं. गीता के सियासी सफर से मधु कोड़ा को फायदा मिला. मुकदमों में उलझे मधु कोड़ा को इससे थोड़ी राहत मिली. हालांकि, अभी भी उन पर केस चल ही रहे हैं. 2014 में देश भर में छाए मोदी लहर में भी गीता को भी हार का सामना करना पड़ा. लेकिन अपनी जबरदस्त छाप मतदाताओं के बीच छोड़ने से पीछे नहीं हटी.

## जोबा मांझी की ईमानदारी और सादगी सबसे बड़ी पहचान है

शैलेश सिंह । किरीबुरु

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व ने सिंहभूम लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री सह मनोहरपुर विधान सभा क्षेत्र की विधायक जोबा मांझी को प्रत्याशी बना कर जिला झामुमो में चल रहे गुटबाजी को समाप्त किया है. वहीं बाहरी-भीतरी प्रत्याशी के विरोध पर भी विराम लगा दिया है. झामुमो में लंबे समय से खरसावां विधान सभा क्षेत्र के विधायक दशरथ गागराई को टिकट दिए जाने की चर्चा जोरों पर थी. दशरथ गागराई के नाम को फाइनल माना जा रहा था, लेकिन जिला कमेटी के सचिव सोनाराम देवगम का भारी विरोध, साथ ही जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव के कड़े और तीखे तेवरों से केंद्रीय नेतृत्व दशरथ के जगह जोबा मांझी को फाइनल करने का फैसला किया. जोबा मांझी को उनके दिवंगत शहीद पति देवेंद्र मांझी की पत्नी होने का राजनीतिक लाभ हमेशा मिलता रहा है. शहीद देवेंद्र मांझी का कोल्हान, पोड़ाहाट के साथ साथ सारंडा क्षेत्र के जंगल गांवों में काफी मजबूत पकड़ होने के कारण पांच बार मनोहरपुर विधान सभा क्षेत्र से विधायक रहीं हैं. बिहार और झारखंड में कई बार मंत्री भी रहीं हैं. जोबा मांझी की ईमानदारी और सादगी सबसे बड़ी पहचान है. जोबा के ईमानदार छवि और सादगी के कारण सभी राजनीतिक दल के नेता इनकी आलोचना करने से बचते हैं. सिंहभूम लोकसभा सीट से महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के लिए जोबा को प्रत्याशी बना कर वर्तमान सांसद और भाजपा के प्रत्याशी गीता कोड़ा को सीधी टक्कर देने के लिए मैदान में उतारा गया है. कोड़ा दंपत्ति की राजनीतिक पकड़ को चुनौती देने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ ने रणनीति के तहत जोबा को सिंहभूम लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है. सूत्रों की माने तो इस लोकसभा में जेएमएम के सभी विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से अधिक से अधिक मतों से जोबा को लीड दिलाने का टास्क दिया गया है. ऐसा माना जा रहा है कि जेएमएम इस चुनाव को सेमीफाइनल के तौर पर लड़ रही है. सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र है जहां से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हैं, जिसकी प्रतिष्ठा दांव पर होगी. साथ ही चाईबासा विधानसभा से तीन बार लगातार विधायक बनने और चंपाई सोरेन सरकार में कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा की भी लोकप्रियता दांव पर लगी होगी. कांग्रेस पार्टी ने अपने आला कमान के आदेश पर अपने परंपरागत सीट को जेएमएम को देकर कोड़ा दंपति को राजनीतिक हानि पहुंचाने का काम किया है. हालांकि मुकाबला सांसद गीता एवं पूर्व मंत्री सह विधायक जोबा के बीच रोचक होने का अनुमान है.



## सखुआ का पेड़ सिर्फ प्राचीन प्रतीक ही नहीं, अमूल्य स्रोत भी : कल्पना

**रांची ।** कल्पना सोरेन ने ट्वीट कर राज्यवासियों को सरहुल की शुभकामनाएं दी. ट्वीट कर उन्होंने लिखा है कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए. सखुआ का पेड़ केवल एक प्राचीन प्रतीक ही नहीं है. इसके पत्ते, फूल और लकड़ी हमारे खाद्य, औषधीय और जीवन-उपयोगी सामग्री के अमूल्य स्रोत भी हैं. सरहुल का पर्व मनाकर, हम प्रकृति की रक्षा के प्रति एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी को दोहराते हैं. आइए, हम कृतज्ञता, एकजुटता और समृद्ध पारंपरिक संस्कृति के साथ प्रकृति का यह पावन पर्व मनाएं.

**सरहुल में हम सभी लोगों की खुशहाली की करते हैं कामना**

कल्पना ने लिखा है कि जैसे ही सखुआ के पेड़ों पर फूल खिलने लगते हैं, हमें एक बार फिर प्रकृति के अमूल्य उपहारों का आभार व्यक्त करने का अवसर मिलता है. उन्होंने लिखा है कि पीढ़ियों से सरहुल हमारे लिए जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाले हमारे पूर्वजों को याद करने का पावन पर्व भी रहा है. इस दिन हम पूजा करने के साथ-साथ सुंदर फूलों से आच्छादित सखुआ के पेड़ के नीचे एकत्रित होकर भोज करते हैं. हर्षोल्लास से नाचते-झूमते हैं और सभी की खुशहाली की कामना करते हैं.

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो से मिला एसिया का प्रतिनिधिमंडल



**आदित्यपुर।** एसिया के उद्यमियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो से रांची स्थित उनके आवास पर औपचारिक मुलाक़ात की. मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती के साथ प्रदेश के विकास के कई मुद्दों पर पर व्यापक चर्चा हुई. उन्हें वर्तमान में सरकार की ब्रेकडाउन की परिस्थितियों से अवगत कराया. बताया कि बालू, गिट्टी नहीं मिल पाने के कारण निर्माण कार्य बाधित हो रहा है. साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है. वही एमएसएमई उद्योगों, शिक्षा, लॉ एंड आर्डर सहित कई विषयों पर सकरात्मक वार्ता हुई. प्रतिनिधिमंडल में एसिया उपाध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह, तरुण तिवारी, डॉ शेखर सुमन शामिल थे.

## एमजीएम हॉस्पिटल में चूहों ने शवगृह में रखे शव को कुतरा

**जमशेदपुर ।** कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल आए दिन अपने नए-नए कारनामों से चर्चा में रहता है. ताजा मामला अस्पताल के शव गृह का है. जहां चूहों ने एक शव को कुतर डाला, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करने की कोशिश की पर मामले को दबाने के लिए उन्हें समझा-बुझा कर घर भेज दिया गया. जानकारी के अनुसार मानगो दाइगुट्टू कृष्णा रोड निवासी 45 वर्षीय श्याम सिंह को परिजनों ने सिर में दर्द की शिकायत पर बुधवार को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था. जहां इलाज के थोड़ी देर बाद ही श्याम नें दम तोड़ दिया था. परिजनों ने श्याम की मौत के बाद शव को अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया. फ्रिजर खाली नहीं होने के कारण शव को बाहर ही रख दिया गया था. गुरुवार को जब परिजन शव लेने पहुंचे तो पाया कि शव को चूहों ने कुतर दिया है. चूहों ने शव के बाएं पैर की उंगलियों और हाइड्रोसिल के मांस को खा लिया था.

## सरहुल हमें प्रकृति व संस्कृति से जोड़े रखती है : दीपक बिरुवा

संवाददाता । चाईबासा

आदिवासी उरांव सरहुल पूजा समिति की ओर से मेरीटोला में गुरुवार को प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया. मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री दीपक बिरुवा सरहुल शोभा यात्रा का शुभारंभ किया. दीपक बिरुवा ने क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि, हरियाली, अच्छी फसल व वैश्विक महामारी से बचाव के लिए मंगलकामना की. कहा कि यह परंपरा पूर्वजों के जमाने से चली आ रही है. इस परंपरा को उत्सव रूप में मनाकर नई पीढी के लोगों को सरहुल व पर्यावरण का महत्व बताना है. आदिवासी समुदाय के लोगों का प्रकृति के प्रति प्रेम व अटूट रिश्ते ने ही पर्यावरण व संस्कृति को अब तक सहेज कर रखा है. हम सभी को वातावरण की शुद्धता के लिए पेड़-पौधे लगाना होगा.



हमारा जीवन प्रकृति से जुड़ा हुआ है. यह पर्व हमें प्रकृति व संस्कृति से जोड़े रखती है. वहीं समाज की पुरुष-महिलाएं व युवतियां परंपरागत वेशभूषा में सरहुल महोत्सव में शामिल हुए. इसके पूर्व आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों को पगड़ी पहनाकर, अंग वस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया. मौके पर सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुवर गागराई, समाजसेवी नितिन प्रकाश, सुभाष बनर्जी समेत कई उपस्थित थे.

## तेतुलमारी में दो टन अवैध कोयला जब्त, छह तस्करों को भेजा जेल

**तेतुलमारी ।** तेतुलमारी पुलिस ने गुरुवार की सुबह सिजुआ राजगंज मुख्य मार्ग के गया पुल के पास छापामारी कर करीब दो टन अवैध कोयला जब्त किया. पुलिस ने मोटरसाइकिल से अवैध कोयला ले जा रहे छह लोगों को भी दबोचा. पकड़े गए लोगों में शिवनारायण बेलदार, उज्जवल कुमार महतो, टेकलाल गोप, प्रेम रवानी, सुजीत कुमार और निर्मल महतो शामिल हैं. पुलिस ने गिरफ्तार सभी लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया. मालूम हो कि वरिय पुलिस अधिकारियों के सख्त निर्देश के बावजूद भी कोयला तस्कर पर विराम नहीं लग रहा है. प्रतिदिन दर्जनों मोटरसाइकिल से कोयले की तस्करी होती है.

## सरहुल शोभायात्रा में शामिल हुईं सांसद गीता कोड़ा



**आदित्यपुर ।** चाईबासा आदिवासी उरांव सरहुल पूजा समिति द्वारा आयोजित शोभायात्रा में सांसद सह प्रत्याशी गीता कोड़ा शामिल हुई. उन्होंने आदिवासी उरांव समाज के लोगों से मिलकर उन्हें सरहुल की बधाई दी. गीता कोड़ा ने उरांव समाज सरहुल पूजा समिति का विशेष रूप से आभार प्रकट किया और सरहुल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल मूल रूप से जनजातीय समुदाय के द्वारा किया जाने वाला प्रमुख पर्व है, जो नई फसल कटाई से संबंधित है और ऋतुराज बसंत के स्वागत का प्रतीक है. इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुवर गागराई , लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू , नगर अध्यक्ष अक्षय खत्री, त्रिशानु राय, सुखमती बिरुवा, जानकी देवी, अमित सिंह आदि शामिल थे.

## चुनाव जीतने के बाद से चंद्रप्रकाश चौधरी क्षेत्र से लापता रहे, जनता देगी जवाब : मथुरा



संवाददाता । बरोरा

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के गिरिडीह प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो ईद के अवसर पर गुरुवार मुराईडीह में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए. उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के तमाम जनता से आपसी भाई चारे तथा सौहार्द पूर्ण वातारवण में त्योहार मनाने की अपील की. मथुरा ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है. एनडीए प्रत्यासी को जनता ने एक बार मौका दिया पर वह पांच सालों तक जनता के बीच कभी नजर ही नहीं आये. साथ ही मोदी सरकार ने पूरे देश की जनता को ठगने का काम किया है. देश में महंगाई, निजीकरण, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, सहित अन्य घटनाओं में जबर्दस्त वृद्धि हो रही है, जिस कारण आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में लोग खुलकर समर्थन कर रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान झामुमो के बाघमारा प्रखंड समिति ने लोकसभा प्रत्याशी को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए पुष्पगुच्छ देकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी, राहुल अंसारी, फारुख अंसारी, अमला भाई, मनोज सिंह, अर्जुन सिंह, लादेन अंसारी, पूर्व पंचायत समिट सदस्य जगरनाथ राय, खुर्शीद अंसारी, अयूब समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

**क्या कहा**

- मथुरा ने कहा, गिरिडीह में महागठबंधन की जीत पक्की
- मोदी सरकार ने देश की जनता को ठगने का काम किया है

## झारखंड टेनिस वॉलीबॉल टीम की घोषणा की गयी

**आदित्यपुर ।** झारखंड टेनिस वॉलीबॉल टीम का चयन गुरुवार को हुआ. प्रशिक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में 13-14 अप्रैल को रांची में आयोजित ईस्ट जोन टेनिस वॉलीबॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन किया गया है. इस मौके पर पूर्व पार्षद मालती देवी, के साथ खेल प्रेमी आशीष धर, शिक्षिका मौसमी मित्रा, कुंदन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### चयनित टीम

**बालक वर्ग (जूनियर) :** अंशु प्रसाद (कप्तान), शिवम मिश्रा, प्रिंस चौहान, सनी कुमार, प्रिंस कुमार, सागर, अभिनव , यश, अजय, आकाश, सुशील.

**बालिका वर्ग (जूनियर) :** दीक्षा राज (कप्तान), मुस्कान वर्मा, तृप्ति, गुरुवारी, वैशु, गुंजन, मुस्कान, बबली शामिल हैं. जूनियर मिक्सड डबल्स टीम में आशीष राज, मनीषा, रौनक और आराध्या.

**बालक वर्ग (सीनियर) :** दीपक कुमार, रिहान कुमार (कप्तान), कुंदन कुमार, बिट्टू, चूचू, आदर्श तिवारी, साहिल कुमार.

**बालिका वर्ग (सीनियर) :** लक्ष्मी खुशी कुमारी (कप्तान), स्नेहा कुमारी, पलक, पूनम, श्रुति, कोमल, प्रीति, स्मृति, अंशु और सीनियर मिक्सड डबल्स टीम में आयुष कुमार, पूर्णिमा कुमारी, आदित्य कुमार और प्रिया कुमारी.

### पेज एक का शेष

## खुशी से मर न जाते गर एतबार होता

अब चुनावी बॉण्ड की बात करें तो सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक ठहराया है, फ्रॉड नहीं कहा है. फिर भी यदि यह फ्रॉड है तो यह बेलज्जत गुनाह सबने किया है, कम या ज्यादा. बावजूद इसके यदि विपक्ष को लगता है कि इस मुद्दे पर भाजपा को घेरा जा सकता है, तो वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटा रहा है ? वहीं जनता इस मुद्दे से सीधे जुड़ती भी नहीं है. वह जानती है कि राजनीति, खासतौर से चुनावी राजनीति चंदाखोरी से ही चलती है. चोरी-चोरी चुपके-चुपके या लेन-देन में साफगोई से. अलबत्ता जांच एजेंसियों के कथित दुरूपयोग का मुद्दा थोड़ा उम्दा किस्म का है. लेकिन चुनाव में यह मुद्दा जितना गरमाएगा, उतना ही विपक्ष का नुकसान करेगा, क्योंकि नेताओं का भ्रष्टाचार जनता को मालूम है. दरअसल यह चुनाव इसी मुद्दे पर केंद्रित होने जा रहा है. लाख छुपाओ छुप नहीं सकता दाग है इतना गहरा. विपक्ष यदि समझता है कि वह खुद को प्रताड़ित, पीड़ित, मजलूम दिखा-बता कर सहानुभूति बटोर लेगा, तो वह गफलत में है. इसलिए कुछ नये पैंतरे आजमाने होंगे. यदि विपक्ष के पास एनडीए खेमे के बेईमान नेताओं के खिलाफ सबूत हैं, तो उसे अपने वकीलों की फौज हाईकोर्ट- सुप्रीम कोर्ट में उतार देनी चाहिए और उनके खिलाफ जांच शुरू करवानी चाहिए, उन्हीं एजेंसियों से जो मोदी के इशारों पर विपक्षी नेताओं को दबोच रही हैं. केवल डपोरशंखी घोषणाओं और मिथ्या आरोपों से अब जंग नहीं जीती जा सकती.

इसके अलावा विपक्ष के पास कोई सर्वमान्य सेनापति भी नहीं है, उसके सभी क्षत्रप अपने वजूद की हिफाजत की लड़ाई लड़ रहे हैं. चाहे ममता हों, लालू प्रसाद हों, स्टालिन या अखिलेश सबको अपने भविष्य की चिंता सता रही है. पता नहीं किसका किला बचेगा या ढहेगा और ढहेगा तो कितना. यही हाल कांग्रेस का दिख रहा है. वह अपनी पुरानी टैली बढ़ाने के लिए लड़ रही है, ताकि आगे विपक्ष की रहनुमाई कर सके. इसके उलट एनडीए चार सौ की हुंकार भर रहा है. विपक्ष उसे कितने पर रोक पाएगा, लड़ाई बस इसी की है. कांग्रेस का न्याय पत्र आ गया है. इस न्याय पत्र पर भाजपा ने मुस्लिम लीग का मुलम्मा चढ़ा कर एक नया विमर्श खड़ा कर दिया है. भाजपा का संकल्प पत्र भी आनेवाला है. लेकिन इनका बहुत ज्यादा असर मतदाताओं पर नहीं पड़ता है. कारण यह कि लोग इसे पढ़ते नहीं हैं और दूसरा यह कि इन घोषणाओं को लागू करने के लिए मजबूर करने का कोई तरीका विकसित नहीं हुआ है. यानी बकौल गालिब तेरे वादे पे जिये हम तो जान झूठ जाना कि खुशी से मर न जाते गर एतबार होता. संक्षेप में कहें तो जीतेगा वही जो अपना विमर्श जनता तक पहुंचाएगा, जिसका नेतृत्व विश्वसनीय होगा, जिसके पास मुड़ेर पर बैठे मतदाताओं को लुभाने का हुनर होगा और जो अंतिम समय तक बाजी पलटने के संकल्प के साथ जूझेगा. देखना है, मतदाता किस पर एतबार करते हैं, किसे इनकार करते हैं और किसे दुत्कारते हैं.

### पुलिसिया कार्रवाई भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान से 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामला

# धौनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर गिरफ्तार



धौनी के साथ मिहिर दिवाकर (फाइल फोटो)

संवाददाता । रांची

धोखाधड़ी मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी के बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने नोएडा से मिहिर को गुरुवार के दिन गिरफ्तार किया है. बता दें कि धौनी ने दिवाकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है. भारतीय दंड संहिता धारा 406, 420, 467, 468, 471 और 120 बी के तहत मिहिर दिवाकर पर कार्रवाई की गई है.

जानकारी के मुताबिक, 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को लेकर एमएस धौनी ने मिहिर दिवाकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया था. मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास की कंपनी अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के खिलाफ रांची कोर्ट में केस दर्ज कराया कराया गया है.

**खास बातें**

- धौनी के नाम का कंपनी में गलत इस्तेमाल का आरोप
- नोएडा से मिहिर दिवाकर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गलत तरीके से हुआ धौनी के नाम का इस्तेमाल :** अपने बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर पर एमएस धौनी ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया था. उन्होंने उनके खिलाफ केस दर्ज कराते हुए बताया था कि दिवाकर ने जयपुर में उनके यानी धौनी के नाम पर क्रिकेट एकेडमी खोलने को लेकर समझौता किया था. हालांकि मिहिर दिवाकर और सौम्या दास की कंपनी अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ धौनी ने 15 अगस्त 2021 को ही अपने सभी संबंध खत्म कर लिए थे. इसके बावजूद उनके नाम का दिवाकर ने इस्तेमाल किया, जिसमें उनसे 15 करोड़ से अधिक की कथित रूप से धोखधड़ी की गई.

## कुछ संजीदा सवाल

अगले पांच सालों में भारत की दिशा क्या होगी यह निर्णय इन चुनावों में मतदाताओं को करना है. इसी दौर में यह सवाल बार-बार उठ रहा है कि क्या सभी राजनीतिक दलों को समतल जमीन प्रतिस्पर्धा के लिए उपलब्ध है. यह सवाल केवल देश का प्रबुद्ध मतदाता ही नहीं, बल्कि विदेशी मीडिया में भी अब उठने लगा है. पिछले सात दशकों से दुनिया भारत की एक लोकतांत्रिक, समन्वयकारी और उदार साख रही है. यह एक ऐसी साख रही है, जिसके कारण उसकी प्रतिष्ठा की जाती रही है. उस समय भी जब भारत आजादी के बाद तुरत निष्पक्ष चुनाव कराने में सक्षम हुआ था. दुनिया के अनेक देशों को तब संशय था कि भारत में लोकतंत्र दीर्घकालिक साबित नहीं होगा, लेकिन भारत ने 75 सालों में दुनिया की धारणा बदल दी है. फिर ऐसा क्या हुआ कि भारत की छवि आज सवालों के घेरे में है. भारत की साख किसी भी व्यक्ति या दल से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है. आमतौर पर भारतीय चुनावों को एक सामान्य प्रक्रिया के बतौर देखा जाता रहा है और राजनीतिक दलों की जीत हार को पूरी निष्ठा से स्वीकार किया जाता रहा है, लेकिन इस बार का चुनाव एक सामान्य प्रक्रिया से कहीं ज्यादा मायने रख रहा है. इसके अनेक कारण हैं. पहला कारण तो सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल है, जिसके शिकार विपक्षी दलों के नेता हैं. इलेक्टोरल बॉण्ड्स के बतौर एक ऐसा सवाल भी उठ खड़ा हुआ है, जिसमें इन्हीं एजेंसियों की भूमिका को ले कर अनेक सवाल उठ खड़े हुए हैं. सवाल तो यह भी उठ खड़ा हुआ है कि बॉण्ड्स एक राजनीतिक हथियार की तरह है, जिसके सहारे विपक्षी दलों को कमजोर करने की कोशिश की गयी है. हालांकि सर्वोच्च अदालत ने तात्कालिक राहत दे दी है, लेकिन सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों पर इनकम टैक्स के प्रतिबंध के सवाल को भी कम कर नहीं देखा जा सकता है. सरकार विरोधी सोशल मीडिया पर भी शिकंजा मजबूत किया जा रहा है. चुनावों में इस्तेमाल की जा रही भाषा पर चुनाव आयोग की चुप्पी भी रहस्य के किसी जद में नहीं है. इसी दौर में तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग के समक्ष प्रदर्शन कर अपना प्रतिरोध दर्ज किया है. 26 विपक्षी दलों ने तीन महीने पहले चुनाव आयोग से पारदर्शी चुनाव पर चर्चा के लिए समय मांगा था, जो उन्हें नहीं मिला. इसी पृष्ठभूमि में टीएमसी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि ईडी, सीबीआई, एमआइए और आईटी प्रमुखों को तत्काल बदला जाए. भारतीय चुनावों के इतिहास की यह अनोखी घटना है, जब केंद्रीय एजेंसियां भी चुनाव में एक मुद्दा हैं. हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की चर्चा विदेशी मीडिया में भी हो रही है. भारत में होने वाले चुनावों को ले कर विदेशी मीडिया शायद ही कभी आलोचक की भूमिका में रहा हो. अमेरिका सरकार के प्रवक्ता भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपना सरोकार जता चुके हैं. इस बीच कांग्रेस के न्याय पत्र को ले कर जिस तरह की टिप्पणी प्रधानमंत्री ने की है, उसे ले कर कांग्रेस ने भी रोष जताया है.

> इलेक्टोरल बॉण्ड्स के बतौर एक ऐसा सवाल भी उठ खड़ा हुआ है, जिसमें इन्हीं एजेंसियों की भूमिका को ले कर अनेक सवाल उठ खड़े हुए हैं. सवाल तो यह भी उठ खड़ा हुआ है कि बॉण्ड्स एक राजनीतिक हथियार की तरह है, जिसके सहारे विपक्षी दलों को कमजोर करने की कोशिश की गयी है.

### सुभाषित

**कुलस्यार्थे त्यजेदेकम् ग्राम्स्यार्थे कुलंज्येत् ।**
**ग्रामं जनपदस्यार्थे आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत् ॥**

कुटुम्ब के लिए स्वयं के स्वार्थ का त्याग करना चाहिए. गांव के लिए कुटुम्ब का त्याग करना चाहिए. देश के लिए गांव का त्याग करना चाहिए और आत्मा के लिए समस्त वस्तुओं का त्याग करना चाहिए.

# गंभीर जवाब की मांग करती है राजनीति

**मोदी सरकार द्वारा भविष्य में अनिश्चितकाल में महिला आरक्षण देने वाले कानून के बरक्स कांग्रेस का घोषणा पत्र महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव करता है. इस देश में सबसे बड़ी संख्या में महिलाकर्मियों यानी आशाकर्मियों, आंगनबाड़ी कर्मियों और मिड-डे मील कर्मियों का वेतनमान दोगुना करने का वादा किया गया. साथ ही हर गरीब परिवार में एक महिला को सालाना एक लाख रुपए देने की महालक्ष्मी योजना की घोषणा भी की गई है.**




**• देश-काल**



योगेन्द्र यादव

राजनीति में कभी-कभी आपका धुर विरोधी भी अनजाने में ही आपकी मदद कर जाता है. ऐसा ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी से साथ किया. कांग्रेस ने अपना मैनिफैस्टो जारी किया. मीडिया इस चुनाव में विपक्ष की हर खबर को दबा रहा है, यही उसने कांग्रेस मैनिफैस्टो के साथ भी किया, लेकिन मोदी जी के एक बयान से इस मैनिफैस्टो को उतना प्रचार-प्रसार मिल गया, जो उसे मीडिया देना नहीं चाहता था. बयान अजीब था. प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इस मैनिफैस्टो के हर पेज पर मुस्लिम लीग की छाप है. उन्होंने न इस बात का खुलासा किया, न ही इसके पक्ष में कोई प्रमाण दिया. बस मुस्लिम परस्त होने का लेबल चिपका दिया. सच यह है कि कुल 48 पेजों के इस दस्तावेज में मुस्लिम समुदाय का नाम तक नहीं लिया गया है. भाजपा के पुराने मैनिफैस्टो की तरह केवल एक पेज भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को दिया गया है. इस पृष्ठ पर भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, बिना भेदभाव के उन्हें अवसर उपलब्ध करवाने जैसी अमूर्त बातें लिखी गई हैं.

पारिवारिक कानून जैसे नाजुक मुद्दे पर कांग्रेस ने सिर्फ इतना लिखकर काम चला लिया कि अल्पसंख्यक समुदाय को विश्वास में लेकर इन कानूनों में सुधार किया जाएगा. इस पर यह आपत्ति तो हो सकती थी कि यह दस्तावेज मुस्लिम समाज के साथ जो बीत रही है, उस सच को दर्ज नहीं करता, उसे सुधारने के ठोस उपाय नहीं बताता. लेकिन उलटे इस पर मुस्लिम लीगी होने का आरोप समझ से परे है. ऐसा लगता है कि लिफाफा खोलने से पहले ही मोदी जी ने मजमून के बारे में अपनी धारणा पक्की कर ली थी. वैसे हमारे प्रधानमंत्री सत्य और वाणी की मर्यादा का ज्यादा लिहाज नहीं करते हैं, चुनाव के समय तो बिल्कुल नहीं. फिर भी उनका यह बयान अतार्किकता का नया कीर्तिमान बनाता है. देखना है कि चुनाव आयोग इस मुद्दे पर कांग्रेस की शिकायत पर कुछ करता है या नहीं. जो भी हो, इस प्रकरण ने कांग्रेस के मैनिफैस्टो को चर्चा में जरूर ला दिया है. 'न्यायपत्र'नामक यह दस्तावेज चर्चा के काबिल भी है. कांग्रेस चाहे तो इस मौके का फायदा उठाकर अपने दस्तावेज के उन पांच पहलुओं को देश के सामने रख सकती है, जो राजनीतिक बहस की धारा मोड़ सकते हैं. कांग्रेस का मैनिफैस्टो युवाओं के लिए केंद्र सरकार में और केंद्र सरकार द्वारा समर्थित योजनाओं में 30 लाख नई नौकरियां देने का वादा करता है. सरकारी नौकरी में चल रहे भर्ती के घोटालों को खत्म करने के वायदे के साथ इसमें हर ग्रेजुएट या डिप्लोमाधारी को एक साल की अप्रैंटिसशिप में एक लाख रुपए के मानदेय की गारंटी का कानूनी प्रावधान करने का वादा है, जो बेरोजगारी पर चल रही बहस में एक बड़ा और सार्थक कदम हो सकता है. दूसरी बड़ी घोषणा किसानों के लिए है. कांग्रेस ने बिना किंतु-परंतु के किसान आन्दोलन की प्रमुख मांग को शब्दशः स्वीकार कर लिया है. यानी सभी किसानों को सभी फसलों पर स्वामीनाथन आयोग के फॉर्मूले के हिसाब से फसल की लागत की डेढ़ गुना एमएसपी की कानूनी गारंटी.

साथ में फसल बीमा योजना में बुनियादी सुधार कर 30 दिन के अंदर मुआवजा देने की गारंटी तथा किसानों का कर्ज माफ करने के लिए एक स्थायी ऋण मुक्ति आयोग बनाने की बात भी दूरगामी सोच दिखाती है. तीसरी बड़ी घोषणा महिलाओं के लिए है. मोदी सरकार द्वारा भविष्य में अनिश्चितकाल में महिला आरक्षण देने वाले कानून के बरक्स कांग्रेस का घोषणा पत्र महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव करता है. इस देश में सबसे बड़ी संख्या में महिलाकर्मियों यानी आशाकर्मियों, आंगनबाड़ी कर्मियों और मिड-डे मील कर्मियों का वेतनमान दोगुना करने का वादा किया गया. साथ ही हर गरीब परिवार में एक महिला को सालाना एक लाख रुपए देने की महालक्ष्मी योजना की घोषणा भी की गई है.

चौथी घोषणा सैंकड़ों साल से सत्ता के हाशिए पर धकेल दिए गए दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के बारे में है. यह घोषणा पत्र उन्हें सत्ता में बराबरी का हिस्सा देने का आश्वासन ही नहीं देता, बल्कि इसे मूर्त रूप देने के लिए भी जातिवार जनगणना और आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की दीवार को हटाने का वादा भी करता है. जो भी वर्ग न्याय के इन चार उपायों के बाहर हैं, उनके लिए पांचवां प्रस्ताव है, जो समाज से सभी वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा का आश्वासन देता है. इसके तहत बुजुर्ग, विधवा और विकलांगों की पेंशन को दोगुना करना, मनरेगा की तर्ज पर शहरी रोजगार गारंटी योजना तथा मनरेगा का न्यूनतम मानदेय 400 रुपये प्रतिदिन करने का वादा है. इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव है राजस्थान की चिरंजीवी योजना की तर्ज पर देश भर में सरकारी या प्राइवेट अस्पतालों में मुफ्त दवाई और इलाज की योजना. ऐसी कोई भी योजना देश में सामाजिक सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है. हालांकि कांग्रेस का यह घोषणापत्र चुनाव से सिर्फ दस दिन पहले आया है, लेकिन इस बार राजनीतिक समझदारी दिखाते हुए कांग्रेस ने ये सभी बड़ी घोषणाएं 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान चुनाव से कोई एक या दो महीने पहले ही कर दी थीं. आशा करनी चाहिए कि 'इंडिया'गठबंधन इनमें से कुछ प्रस्तावों को अपना सकेगा. लोकतांत्रिक राजनीति की मर्यादा यह मांग करती है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी या तो इन प्रस्तावों की खामियां बताए या फिर अपने घोषणा पत्र में इन प्रस्तावों के जवाब में कुछ ठोस विकल्प लेकर आए. अगर भाजपा इन प्रस्तावों का जवाब सिर्फ अनर्गल आरोपों से देती है तो इसे लोकतांत्रिक मर्यादा से एक और पलायन ही माना जाएगा.

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## अदम्य जिजीविषा

जीवन जीने की हर प्राणी में अदम्य इच्छा होती है, यहां तक कि कीट व जंतु भी कीटनाशक दवाओं के खिलाफ़ प्रतिकार शक्ति उत्पन्न कर लेते हैं. सूक्ष्म जीवाणु-रोगाणु भी कुछ समय बाद रोग प्रतिरोधक दवाओं के विरुद्ध जीवन बचाने के तरीके खोज लेते हैं. यह उनके जीने की अदम्य जिजीविषा का परिणाम होता है, सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता. फिर प्राण बचाने को संघर्षरत पशुओं को मात्र स्वाद के खातिर मार खाना तो क्रूरता की पराकाष्ठा है. जीव की इन्द्रियां उसके सुख-दुःख महसूस करने के माध्यम भी होती है, जो जीव जितनी भी इन्द्रियों की योग्यता वाला है, उसे हिंसा के समय इतनी ही अधिक इन्द्रियों के माध्यम से पीडा पहुंचेगी, अर्थात् पांचों ही इन्द्रिय धारक जीव को अधिक पीडा पहुंचेगी जो मानव मन में क्रूर भावों की उत्पत्ति का कारण बनेगी. मांस में केवल एक जीव का ही प्रश्न नहीं, जब जीव की मांस के लिए हत्या की जाती है, तो जान निकलते ही मक्खियां करोडों अंडे उस मुर्दे पर दे जाती हैं. पता नहीं, जान निकलने का एक क्षण में मक्खिओं को कैसे आभास हो जाता है, उसी क्षण से वह मांस मक्खिओं के लार्वा का भोजन बनना शुरू हो जाता है, जिंदा जीव के मुर्दे में परिवर्तित होते ही असंख्य सूक्ष्म जीव उस मुर्दा मांस में पैदा हो जाते हैं और जहां यह तैयार होता है, वे बुचड़खाने व बाज़ार रोगाणुओं के घर होते है, स्पष्ट है कि ये रोगाणु भी जीव ही होते हैं. येन केन पेट भरना ही मानव का लक्ष्य नहीं है. यह तो पशुओं का लक्षण है. हिंसाजन्य आहार लेने से, हिंसा के प्रति सम्वेदनाएं समाप्त प्राय हो जाती हैं. किसी दूसरे जीव के प्रति दया करुणा के भाव नष्ट हो जाते हैं. इस तरह अनावश्यक हिंसा-भाव मन में रूढ हो जाता है, जो अनजाने ही हमारे आचरण में क्रूरता समाहित कर देता है. ऐसी मनोवृत्ति में, जरा सी प्रतिकूलता उपस्थित होने पर, आवेश आना सामान्य है. आहार इसी तरह पहले हमारे विचारों को और फिर हमारे आचरण को प्रभावित करता है. निष्कर्ष यही है कि हमारी सम्वेदनाओं और अनुकंपा भाव की रक्षा के लिए, हमारे विचार और वर्तन को विशुद्ध रखने के लिए, शाकाहार ही हमारी पसंद होना चाहिए. और जहां तक और जब तक, हमें सात्विक संतुलित पौष्टिक शाकाहार प्रचुरता से उपलब्ध हो, वहां तो हमें जीवों को करुणा दान, अभयदान दे ही देना चाहिए. यही मानवता के लिए श्रेयस्कर है.

## आखिर किस मजबूरी में उम्र का बंधन खत्म

**• विमर्श**

के रवीन्द्रन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी की ओर से भले ही अबकी बार 400 पार का दावा किया जा रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि सामान्य बहुमत हासिल करने को लेकर भी उनका आत्मविश्वास बुरी तरह डिगा हुआ है. यही वजह है कि जहां एक तरफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी पार्टियों को डराया-दबाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उम्मीदवारों के चयन में भी उसे कई तरह के समझौते करना पड़ रहे हैं. इस सिलसिले में दूसरी पार्टी से दलबदल कर आए नेताओं को धड़ल्ले से टिकट दिए जा रहे हैं. यही नहीं, उसने चुनाव लड़ने के लिए तय की गई उम्र की अघोषित सीमा को भी समाप्त कर दिया है. कुछ समय पहले तक 75 साल की उम्र सीमा का बड़ी चर्चा होती थी. एक दशक पहले भाजपा में अटल-आडवाणी युग की समाप्ति और मोदी-शाह युग शुरू होने पर उम्र का यह बंधन लागू किया गया था. भाजपा ने अनेक बड़े नेताओं को इस आधार पर रिटायर कर दिया या चुनावों में टिकट नहीं दिया और उनमें कुछ नेताओं को राज्यपाल बना कर उनका राजनीतिक पुनर्वास किया गया. जिन दिग्गजों को इस आयु सीमा के आधार पर पिछले लोकसभा चुनाव में घर बैठा दिया गया था, उनमें डॉ. मुरली मनोहर जोशी और पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन जैसे नेता भी शामिल थे. भाजपा के इस अघोषित नियम की परीक्षा इस लोकसभा चुनाव में होनी थी, क्योंकि कई ऐसे नेताओं को चुनाव लड़ना था, जिनकी उम्र 75 साल हो गई है या होने वाली है. कई ऐसे नेता भी हैं, जिनकी उम्र अगले एक या दो साल में 75 को पार करने वाली है. इसलिए यह देखने वाली बात थी कि भाजपा इस बार चुनाव में ऐसे नेताओं को टिकट देती है या नहीं. भाजपा ने ऐसे ज्यादातर नेताओं को चुनाव मैदान में उतार दिया है और इतना ही नहीं बाहर से लाकर भी 75 पार या उसके आसपास की उम्र के नेताओं को उम्मीदवार बनाया है. बाहर से लाकर उम्मीदवार बनाए गए नेताओं में एक मिसाल हरियाणा की हिसार सीट से चुनाव लड़ रहे रणजीत सिंह चौटाला हैं. वे चौधरी देवीलाल के सबसे छोटे बेटे हैं और उनकी उम्र 78 साल है. वे मौजूदा विधानसभा में निर्दलीय विधायक थे और भाजपा की सरकार को समर्थन दे रहे थे. अब वे भाजपा में शामिल होकर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं.बाहर से आकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे नेताओं में एक बड़ा नाम पटियाला की पूर्व महारानी परनीत कौर का है.

> एक दशक पहले भाजपा में अटल-आडवाणी युग की समाप्ति और मोदी-शाह युग शुरू होने पर उम्र का यह बंधन लागू किया गया था. भाजपा ने अनेक बड़े नेताओं को इस आधार पर रिटायर कर दिया या चुनावों में टिकट नहीं दिया और उनमें कुछ नेताओं को राज्यपाल बना कर उनका राजनीतिक पुनर्वास किया गया.

उनकी उम्र 79 साल है. वे कांग्रेस की सांसद थीं, लेकिन चुनाव की घोषणा से ठीक पहले वे भाजपा में शामिल हो गईं. उनके पति कैप्टन अमरिंदर सिंह पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं. परनीत कौर जिस दिन भाजपा में शामिल हुईं, उसी दिन पार्टी ने उनको पटियाला सीट से उम्मीदवार बना दिया. अगर भाजपा के अपने नेताओं की बात करें तो पार्टी ने बिहार में पूर्वी चंपारण सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह को फिर से उम्मीदवार बना दिया है. वे लगातार 10वीं बार उसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. उनकी उम्र इस साल एक सितंबर को 75 साल की हो जाएगी. खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल सितंबर में 74 साल के होंगे और अगले साल सितंबर में 75 साल की सीमा तक पहुंच जाएंगे. इसी लोकसभा के कार्यकाल के बीच उम्र के 73 वें वर्ष में चल रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बार भी चुनाव मैदान में हैं और अगली लोकसभा के दौरान 75 साल की आयु सीमा पार करेंगे. हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से हटाए गए मनोहर लाल खट्टर भी 72 साल से ऊपर के हैं और लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं. वे भी अगली लोकसभा के दौरान ही 75 पार हो जाएंगे. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और आरके सिंह भी 72 साल के हैं और दोनों को फिर लोकसभा का टिकट मिला है. इन नेताओं के अलावा भी भाजपा के कई उम्मीदवार हैं, जो 75 वर्ष की आयु सीमा के करीब हैं. जाहिर है भाजपा के लिए उम्र की सीमा का अब कोई मतलब नहीं है.एक समय में कुछ खास लोगों को पार्टी के टिकट से वंचित करने के लिए आयु सीमा को अघोषित रूप से लागू किया गया था. गौरतलब है कि पांच महीने पहले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में कई नेता 75 साल से ज्यादा उम्र के थे और लड़े थे. उससे पहले गुजरात में भी 75 साल से ज्यादा की उम्र के भाजपा नेता चुनाव लड़े थे.

## असामान्य असमानता के संजीदा खतरे

**• सामयिकी**

कुणाल पाठक

मृत्यु जीवन को खाती है, लेकिन 'असमानता' पीढ़ियों को खाने का काम करती है. जो सरकार असमानता रोक पाने में असफल रहती है, वह धीरे-धीरे एक राष्ट्र को खत्म करती जाती है. वहां अगर कुछ बचता है तो कुछ अमीरों की ऊंची 'चौकियां' जहां से बैठकर वे सिर्फ़ सैकड़ों मील तक फैला सन्नाटा देख पाते हैं, इसके अतिरिक्त कुछ नहीं. यदि विक्टोरिया वुडहुल के शब्दों में समझें तो "यह संघर्षरत जनता ही है जो देश की नींव है; और यदि नींव सड़ी हुई या असुरक्षित है, तो बाकी संरचना अंततः ढह जाएगी." विक्टोरिया 1872 में संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने वाली पहली महिला थीं. हाल में जारी कुछ आंकड़े भारत की कमजोर नींव की ओर संकेत कर रहे हैं. 26 मार्च को 'हुरुन रिसर्च इंस्टिट्यूट'ने वैश्विक धनपतियों की सूची-2024 (ग्लोबल रिच लिस्ट) जारी की. यह सूची बताती है कि इस समय भारत में 271 अरबपति हैं. इनमें से 94 नाम 2023 में ही जुड़े हैं. मतलब यह हुआ कि भारत में जितने भी अरबपति हैं, उनमें से लगभग एक तिहाई सिर्फ़ एक साल में ही बढ़ गये हैं. यह भी जानकर आश्चर्य होना चाहिए कि भारत ने 2023 में अमेरिका को छोड़कर दुनिया में सबसे ज़्यादा अरबपति पैदा किए हैं. यह आंकड़ा पढ़कर ऐसा लगेगा, मानो भारत फिर से स्वर्णकाल से गुजर रहा हो, मानो भारत विकास की जीती जागती मिसाल बनकर उभरा हो. लेकिन दुर्भाग्य से यह सच नहीं है. मोदी सरकार की नीतियों से हर साल बढ़ रही अरबपतियों की संख्या अपने साथ एक क़ीमत वसूल रही है. यह क़ीमत भारत के आम नागरिकों को चुकानी पड़ रही है. भारत के आम लोग क्या क़ीमत चुका रहे हैं, इसके लिए पेरिस स्थित प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब रिपोर्ट' के लेखकों द्वारा भारत की असमानता की स्थिति को कुछ इन शब्दों में समेटा गया है- "भारत का वर्तमान अरबपति-राज, जो कि पूंजीपतियों के नेतृत्व में चल रहा है, उपनिवेशवादी ताक़तों के नेतृत्व वाले ब्रिटिश राज की तुलना में अधिक असमान है.₹ थॉमस पिकेटी जैसे सम्मानित और विद्वान फ्रांसीसी अर्थशास्त्री के नेतृत्व वाली इस असमानता रिपोर्ट में वर्तमान भारत में असमानता के स्तर को ब्रिटिशकाल के समय रही असमानता से भी बदतर बताया गया है. अंग्रेज, जो भारत की जनता के प्रति ज़िम्मेदार नहीं थे, अंग्रेज जिन्हें भारतीयों ने चुनकर संसद में नहीं भेजा था, अंग्रेज जिन्होंने अपना ध्यान सिर्फ़ ब्रिटिश ख़ज़ानों को भरने में लगाया, अंग्रेज जिन्होंने भारत को अप्रत्याशित तरीक़े से लूट का अड्डा बनाकर रख दिया था. ऐसे ब्रिटिशकाल से आज की चुनी हुई सरकार की तुलना भारतीय लोकतंत्र में प्रतिनिधियों को चुने जाने के तौर तरीकों और उनकी ज़िम्मेदारी पर प्रश्नचिन्ह लगाती है. भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में तीन ट्रिलियन डॉलर से कुछ ही ज़्यादा है. जबकि देश के सिर्फ 271 लोगों की ही कुल संपत्ति एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी है(रिपोर्ट). यह तथ्य इस बात की ओर ध्यान आकर्षित कर रहा है कि भारत की संपत्ति का ज़बरदस्त केंद्रीकरण किया जा रहा है. चंद उद्योगपतियों के हाथ में भारत की संपत्ति लुटाई जा रही है. यह तब और भी डरावना हो जाता है, जब बारक्ले रिसर्च दावा करता है कि वर्ष 2027 तक भारत, जापान और जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ देगा. मतलब साफ़ है कि भारत में पैसा आ रहा है अर्थात भारत की कुल आय में वृद्धि हो रही है, लेकिन भारत के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताने वाले नरेंद्र मोदी भारत की समृद्धि में उन्हें भागीदार नहीं बनाना चाहते हैं. मोदी तो 80 करोड़ भारतीयों को बार-बार यह बताना नहीं भूलते कि उनकी सरकार मुफ़्त में राशन दे रही है. असमानता कैसे नहीं होगी, जब 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज दिया जाना ही 'बहुत' समझा जा रहा है और दूसरी तरफ एक आदमी को अरबों-खरबों आमदनी वाले देश के सभी महत्वपूर्ण बंदरगाह (14) दिये जा रहे हैं, महत्वपूर्ण एयरपोर्ट दिये जा रहे हैं और हर उस क्षेत्र में प्राथमिकता दी जा रही है, जहां भी केंद्र सरकार का दखल है. रिपोर्ट में यह पाया गया कि 2014 में सत्ता में आयी नरेंद्र मोदी सरकार के बाद से असमानता में भीषण वृद्धि हुई है. सरकार को भारत की बहुसंख्य आबादी के न स्वास्थ्य की फ़िक्र है और न ही शिक्षा व रोज़गार की ! सरकार को तो बस 1% धनपतियों की ही फ़िक्र है.

> भारत के आम लोग क्या क़ीमत चुका रहे हैं, इसके लिए पेरिस स्थित प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब रिपोर्ट' के लेखकों द्वारा भारत की असमानता की स्थिति को कुछ इन शब्दों में समेटा गया है- "भारत का वर्तमान अरबपति-राज, जो कि पूंजीपतियों के नेतृत्व में चल रहा है, उपनिवेशवादी ताक़तों के नेतृत्व वाले ब्रिटिश राज की तुलना में अधिक असमान है.

**मीडिया में अन्यत्र**

## भारत में न्यायिक सुधार जरूरी

**भारत** की अवरुद्ध न्याय प्रणाली को वैश्विक स्तर पर बदनामी हासिल है, जिसकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के निवेश संबंधी निर्णयों में भी भूमिका रहती है. सोमवार को देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुनवाई पूरी करने के बाद कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के फैसलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति उच्च न्यायपालिका के लिए चेतावनी के समान है. न्यायाधीशों से ऐसे मामलों की जानकारी मांगते हुए जिनमें फैसला तीन महीनों से सुरक्षित है, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने पाया है कि ऐसे भी मामले हैं जहां फैसले को 10 महीनों तक सुरक्षित रखा गया है. इससे भी बुरी बात यह है कि उन्होंने पाया कि कई न्यायाधीशों ने मामलों की आंशिक सुनवाई के बाद उन्हें आगे बढ़ा दिया, जिससे उन्हें नए सिरे से उनकी सुनवाई करनी पड़ी. जैसा कि मुख्य न्यायाधीश ने कहा किसी फैसले को 10 महीने तक रोके रखना न्यायिक समय की बरबादी है, क्योंकि संबंधित न्यायाधीश को शायद ही मौखिक बहस इतने समय तक याद रहे. यह पहला मौका नहीं है जब सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालयों से गति बढ़ाने को कहा है. 2022 में एक आपराधिक मामले की सुनवाई कर रहे दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि संबंधित उच्च न्यायालयों को सभी दलीलें पूरी होने के बाद जल्दी से जल्दी निर्णय सुनाने की सलाह दी जाती है. फैसले आरक्षित रखने से अदालतों में मामलों का अंबार लगता जा रहा है. यह एक स्थापित संस्थागत समस्या है, जो समूची न्याय व्यवस्था में अंतर्निहित है. सरकार का प्रदर्शन दिखाता है कि जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में चार करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से एक लाख से अधिक मामले 30 साल से ज्यादा पुराने हैं. ऐसी देरी की एक अहम वजह न्यायिक पीठों में बड़ी तादाद में रिक्तियों का होना है. हालांकि सर्वोच्च न्यायालय फिलहाल ऐसे दुर्लभ अवसर से गुजर रहा है, जब वहां न्यायाधीशों का कोरम पूरा है. उच्च न्यायालयों में 329 रिक्तियां हैं. आश्चर्य नहीं कि उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की तादाद समय के साथ बढ़ती जा रही है. चूंकि उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालय मिलकर देश की व्यवस्था में न्याय की पहली पंक्ति तैयार करते हैं. ऐसे में देश के नागरिकों को बड़े पैमाने पर न्याय पाने में मुश्किल होती है. निश्चित तौर पर लंबे समय तक मामलों के अदालत में लंबित रहने से भ्रष्टाचार की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## अंत/अंतर

**गोस्वामी** तुलसीदास ने कहा है-जनम जनम मुनि जतन कराहीं, अंत राम कहि आवत नाहीं. इस चौपाई में उन्होंने राम की महिमा की व्याख्या की है. ऋषि-मुनि कई जन्मों तक तपस्या और प्रयास करते रहते हैं, लेकिन राम की सीमा तक पहुंच नहीं पाते. इसलिए तो वेदों ने भी राम यानी परब्रह्म परमेश्वर के चरित्र की व्याख्या करते हुए अंत में नेति-नेति कहा है. अर्थात इनका अंत नहीं है. हरि अनंत हरि कथा अनंता. गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी चौपाइयों में अंत शब्द अत्यंत सुंदर प्रयोग किया है. जैसे उघरे अंत ने होहिं निबाहू, कालनेमि जिमि रावन राहू, बनकर अंत कतहुं नहिं पावहिं, दिन के अंत फिरहिं दोऊ अनी. अंत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है. हिंदी भाषा में इस शब्द का प्रयोग दर्जनों अर्थों में किया जाता है. हिंदी तत्सम शब्दों से परहेज करनेवालों के पास भी अंत शब्द के प्रयोग के सिवा कोई और चारा नहीं होता. कहते हैं-अंत समय तक उन दोनों के बीच का अंतर समझ में नहीं आया. इस वाक्य में अंत के साथ अंतर शब्द का प्रयोग भी मिलता है. हिंदी शब्द सागर के अनुसार अंत का मतलब है वह स्थान, जहां से किसी वस्तु का अंत हो, समाप्ति, आखिर, अवसान, शेष भाग, अंतिम भाग, पार, छोर, सीमा, अवधि, पराकाष्ठा, अंतकाल, मरण, मृत्यु, नाश, विनाश, परिणाम, फल, नतीजा. अंत भले का भला या बुरे काम का अंत बुरा होता है वाक्य में अंत का मतलब परिणाम या नतीजा ही है. इसके साथ ही अंत शब्द प्रलय, सामीप्य, रहस्य, भेद, प्रकृति, भीतरी भाग, अंतःकरण आदि. जिसका अंत नहीं होता, उसे अनंत कहा जाता है. आकाश और ब्रह्म दोनों का स्वरूप अनंत होता है. अंत शब्द से ही अंतस् होते हुए अंतर शब्द का निर्माण होता है. अंत की तरह ही अंतर भी अनेकार्थी शब्द है. फारसी में अंतर को फर्क कहते हैं. सामान्यतः अंतर शब्द का मतलब है भेद, विभिन्नता, बीच, दरार, दोष, प्रयोजन, लिहाज, दूर, अलग, भीतर.

## दरबारी रागी, सरकारी रागी

**• तीर-तुक्का**

अशोक गौतम



मैं ने चौकड़ी मार बैठे गुरुदेव के चरणों में रोज की तरह दो नकली खुशबू सने कागज के फूल धरे तो गुरुदेव की मूंछें तनीं, उनका सीना अपने शिष्य की गुरु भक्ति को देख गदगद हो उठा. उन्होंने उनके चरणों में धरे कागजी फूलों को उठाया और एक्स महाराजा की तरह उन फूलों की खुशबू को सूंघते उवाचे,' कहो हे मेरे प्रिय शिष्य ! आज तुम्हें कौन सा राग पढ़ाऊं ?' ' हे गुरू देव ! आज तक आपने मुझे इतने प्राचीन से प्राचीन राग बता दिए कि मैं तानसेन का भी बाप हो गया. अब मुझे आप की अनुकंपा हो तो आधुनिक रागों के बारे में बताइए, ताकि मैं उन रागों को गाता हुआ गुलछर्रे उड़ा सकूं.' ' हे शिष्य ! जिन राग गाने वालों ने आज तक दिमाग से राग गाए हैं, उन्होंने जीते जी तो जीते जी, मरने के बाद भी गुलछर्रे ही उड़ाए हैं. ऐसे रागियों ने एक एक नहीं, औरों के घर उजाड़ कर भी अपने जायज सौ सौ घर बसाए हैं. इतिहास साक्षी है.' कह उन्होंने पास रखे थूकदान में से एक पान का बीड़ा उठाया और मगरमच्छी दांतों के नीचे बड़ी बेरहमी से दबा दिया. ठीक ऐसे ही कई बार उन्होंने अपनी कई शिष्यों को भी दबाया था. काफी देर तक पान की जुगाली करने के बाद वे बोले,' हे शिष्य ! आज के युग के दो प्रमुख राग हैं एक राग दरबारी तो दूसरा राग सरकारी. पहले राग दरबारी आना जरूरी है. जो राग दरबारी में पारंगत हो जाते हैं वे ही राग सरकारी के लिए इलिजिबल होते हैं. लोकतंत्र में कई राजनीतिक दरबार हैं. इन दरबारों में दरबारी रागी, सरकारी रागी पड़े रहते हैं. इन दोनों रागों को गाने के लिए संगत की जरूरत नहीं होती, रंगत की जरूरत होती है. ये दरबारी रागी हर समय दरबार में दरबार की प्रशंसा में गला फाड़े अखंड राग गाया करते हैं. और इनके अखाड़े की सरकार बनती है तो ये दरबारी रागी सरकारी रागी बन जाते हैं. अखाड़े का जब कोई रागी राग दरबारी में निष्णात हो जाता है तो वह बिना चुनाव लड़े भी राग सरकारियों की श्रेणी में आ खड़ा होता है. हमारी सरकार के दरबार में बहुत से ऐसे गाने वाले सरकारी रागिए हैं. इन्होंने पहले दरबार में गाया,उनके किचन में खाना बनाया और बिना किसी परीक्षा को पास किए राग सरकारी गाने के पात्र हो गए. राग सरकारी गाने वालों के चांदी ही चांदी होती है. वे जो कुछ गाते हैं अखबारें उनकी गायकी को छाप कृतार्थ होती हैं. टीवी उनकी गायकी का सीधा प्रसारण करने को लालायित रहते हैं. वे जो कुछ गाते हैं उनका गाया प्रामाणिक राग बन जाता है.' बंधुओ ! ये जो आप इधर उधर सर्वत्र सुन रहे हैं न, ये मेरे ही राग हैं. अब गुरुदेव के लिए छद्म श्री का जुगाड़ कर रहा हूं, बस !

# धर्म अध्यात्म

## कालरात्रि में करें ये तंत्र-मंत्र साधना, खुल जाएगा किस्मत का द्वार





आचार्य अजय मिश्रा

**चैत नवरात्र चल रहा है. 15 अप्रैल को सप्तमी है और इस दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाएगी. भयानक रूप वाली मां काल रात्रि दरअसल बहुत कृपालु और दयालु हैं. इनकी अराधना से सभी तरह के दुख व कष्टों से मुक्ति मिलती है. आइए तंत्र शास्त्र में माता कालरात्रि को प्रसन्न करने के लिए कुछ उपाय पर चर्चा करें-**

रात के समय लाल कंबल के आसन पर बैठकर माता की पूजा करते समय 108 गुलदाउदी फूलों से एक माला बनाएं. फिर 108 बार लाल चंदन या रुद्राक्ष की माला 'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं दुर्गति नाशिन्यै महामायायै स्वाहा' मंत्र का जप करें. सुख-समृद्धि में वृद्धि होगी. संकटों से निजात मिलेगा.

नवरात्र के सातवें दिन पेठे की बलि दी जाती है. मान्यता है कि ऐसा करने से धन-बल और विजय की प्राप्ति होती है. अटके कार्य पूरे होते हैं.

नवरात्र के सातवें दिन शाम के समय एक साफ नींबू ले लें और उसमें चार लौंग लगा दें. फिर किसी चौराहे पर जाकर नींबू को चार हिस्सों में काटकर चारों दिशाओं में गाड़ दें. इसके बाद घर आकर 'ॐ हनुमते नमः' मंत्र का जप करें और माता कालरात्रि का ध्यान करें. ऐसा करने से अटके कार्य बनेंगे. धन व सम्मान बढ़ेगा.

बीज मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे नमः' मंत्र का सप्तमी की रात में सवा लाख जप और उसके बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ बहुत शुभ माना जाता है. इससे घर के सदस्यों की उन्नति होती है.

सप्तमी की रात सिद्ध कुंज स्त्रोत का पाठ जरूर करें. जिस कामना को लेकर इस पाठ को किया जाता है उन्हें भगवती जरूर पूरा कर देती है.

रात के समय लाल कंबल पर बैठ कर मां भगवती के 32 नाम का जप बहुत ही लाभकारी माना गया है.

नवरात्रि के सातवें दिन घर के छोटे बच्चों को ताबीज पहना दें. इसके लिए आप काले कपड़े में पीली सरसों, टूटी सूई डालकर काले कपड़े में लपेट दें और इस ताबीज को बच्चे के गले में डाल दें. मान्यता है कि सप्तमी तिथि को काली शक्तियां बहुत जागृत होती हैं. इसलिए बचाव के तौर पर प्राचीन काल से लोग इस उपाय को आजमाते आ रहे हैं.

*चैत में दिन और रात मधुर होते हैं. सरसों, आम और खैर के साथ रस और रंग का उल्लास शुरू हो जाता है. वृक्ष पर नव पल्लव, नव फूल और नवीन फलों के साथ चित्रा नक्षत्र में चित्रमय आकृति के संग चैत का आगमन. चैत मास राग और विराग का मास है. प्रभु श्रीराम के जन्म का सोहर है तो सुगंध और परिवर्तन के साथ शक्ति की आराधना का विराग है. मन में उमंग तो चित को चैतन्य करने का अवसर है. यह नवीनता का राग है. चैत सूरज का संदेश है.*



मयंक मुरारी

# आईल चइत महिनवा हो रामा





चैत शुक्ल प्रतिपदा से साल का आरंभ माना जाता है. यह सृष्टि का पहला दिन है. परम पुरुष जब अपनी प्रकृति से मिलने आते हैं, तो वह वसंत में चैत का माह होता है. उनके मिलन से ही प्रकृति में ऊष्णता, पेड़-पौधों एवं जीव-जंतु में नवजीवन का संचार हो जाता है. इसलिए सारा संसार चैत का मंगल गीत गाता है. जीवन में चैत की सुवास रच-बस जाता है. वैष्णव दर्शन में चैत मास भगवान नारायण का मास माना जाता है. इस कारण यह शक्ति के आह्वान का पक्ष बन जाता है. इस पक्ष में नवरात्रि की देवी का अनुष्ठान किया जाता है. वासंतिक एवं शारदीय नवरात्रि में माता भगवती की पूजा का आहवान जीवन में शक्ति और सृजन को बनाये रखने के लिए है.

**नए विकास यात्रा की शुरुआत**

इसके आध्यात्मिक स्वरूप के कारण परमात्मा भी पृथ्वी पर आते हैं. मान्यता है कि शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन परमात्मा ने सृष्टि की रचना की थी. वर्णन है-चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि। शुक्ल पक्षे समग्रेतु सूर्योदये सति।। अर्थात् ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना चैत मास के प्रथम दिन, प्रथम सूर्योदय होने पर की. इसकी पुष्टि भाष्कराचार्य रचित ग्रंथ सिद्धांत शिरोमणि में होती है. इस शुक्ल प्रतिपदा को सुदी भी कहा जाता है. इसके बाद से सृष्टि निरंतर प्रकाशमान एवं गतिमान रहती है. माना जाता है कि इस समय ग्रह और नक्षत्रों में परिवर्तन शुरू हुआ. पुराण के अनुसार इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लेकर अथाह जलराशि में से प्रथम पुरुष मनु की नौका को निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया. इसी मनु ने प्रलय की समाप्ति के पश्चात संसार में प्राणी के विकास यात्रा की शुरुआत की.

**नवरेह, वैशाखी से विशु-बिहू तक उत्सव**

इस मास में सूर्य भू-मध्यरेखा को पार कर उत्तरायण होते हैं. वातावरण समशीतोष्ण होने लगता है. ठंडक के कारण जड़ चेतन सभी जो सुषुप्तावस्था में रहते हैं, वे जाग जाते हैं. पेड़-पौधों से लेकर सभी प्राणी गतिमान हो जाते हैं. पेड़ पौधों में फूल, मंजरी एवं कली आना शुरू हो जाता है. वातावरण में एक उल्लास और उत्साह का माहौल रहता है, जो हमें आहलादित करता है. ऐसे माहौल से जीवन में धर्म के प्रति आस्था भी बढ़ जाती हैं. कल्प, युग, सृष्टि का प्रारंभिक मास चैत है, अतएव सूर्य की चमक और चटक के साक्षी सूर्य के वंश परंपरा में चरित्र और धर्म के साक्षात विग्रह श्रीराम इस धरती पर अवतरित होते हैं. यहा नया संवत्सर, विक्रम संवत, आर्य समाज की स्थापना का भी माह है. इस माह में आनेवाले उत्सवों में निर्मलता और कोमलता का वास होता है. चैत का यह प्रकटीकरण जम्मू कश्मीर में नवरेह, पंजाब में वैशाखी, महाराष्ट में गुडीपडव, सिंध में चेतीचंड, केरल में विशु, असम में बिहू, आंध्र में उगादिनाम तथा भोजपुरी भाषी राज्यों में सतुआनी के रूप में होता है.

**आम की मंजरी, फूलों की खुशबू**

चैत ऐसा माह है, जिसमें धूल-धकड़ नहीं, कीचड़ नहीं और प्रकाश की कमी नहीं होती है. धरती से लेकर आकाश तक सर्वत्र शुद्धता और आलोक फैला होता है. यह चैतन्य और दिव्य भाव हरेक प्राणी के जीवन में प्रवेश करता है. फिर उनके आनंद और उत्साह से सारी वनस्पति में एक प्रस्फुटन होता है. फिर खेतों में पकी फसल और उत्सव के सप्तरंग में भारत के आभामंडल के दर्शन होते हैं. खेतों में हलचल, फसलों की कटाई और हंसियों के खर खर में चैत का मधु समूचे वातावरण को मदहोस कर देता है. इसमें पक्के मीठे अन्न के दाने, आम की मंजरी, फूलों की खुशबू हमारे जीवन को चैतन्य और कर्म में शक्ति देने का अवसर बन जाते हैं. चैत से देश में ताप के प्रभाव की शुरूआत होती है. इस माह के साथ नये अन्न को पीसकर आम के साथ खाने का रिवाज है. चैत और आश्विन समान दिन और रात के महीने होते हैं. इस समय प्रकृति में संतुलन होता है और प्राणियों में भी संतुलन पाया जाता है. ताप और शीत की शुरूआत में किसानों के लिए भी अनुकूल अवसर होता है, इसमें कर्म की शक्ति सहज रूप से बढ़ जाती है.

**मर्यादा का अनुष्ठान, शक्ति का संकल्प**

सूर्य के उत्तरायण के साथ चार माह का उत्सव के दिन शुरू हो जाते हैं. यह पौष, माघ, फाल्गुन और चैत का माह होता है जब सूर्य दक्षिणायन होता है, तब चार मास व्रत के शुरू होते हैं. इस चार्तुमास में केवल व्रत का अनुष्ठान होता है, जो सावन से भादो, आश्विन और कार्तिक तक चलता है. उत्सव के माह में रस और रंग का बौछार होता है, प्राणी रस से आप्लावित होते हैं. उत्सव का अर्थ है कि जब रस ऊपर छलक आये तो उत्सवन या उत्सव है. जबकि व्रत में प्राणी शरीर और मन को भोग से विरक्त करते हैं, खुद को ही भोग्या बनाते हैं ताकि व्यक्ति के जीवन में अमृत का वास हो. चैत रंग का उत्सव है. लोक में रस का मंचन ही चैत की खूबी है. यह राग फगुनाहट के साथ ही चैइता में दिखता है. बारहमासा में भी चैत के बहुरंगी चित्र को दर्शाया गया है. चैत में मर्यादा का अनुष्ठान है. शक्ति का संकल्प है. यह संकल्प का विधान शुक्लपक्ष की प्रतिपदा से शुरू होती है और नौ दिनों तक चलती है. वसंत के पहले फसल जौ को माता के चरणों में अर्पित किया जाता है. जौ का उगना जीवन में समृद्धि का प्रतीक है.

**शुद्धि और परिमार्जन के नौ दिन**

चैत रबी फसल के अंत की घोषणा है. फसल पर हमारी ऋतुओं की विशेष कृपा है. रबी में तेल, गुड़, दाल की फसल तैयार होती है. इसके बाद मांगलिक अनुष्ठान का दौर शुरू होता है. नये अन्न और नयी ऋतु हमारे जीवन को शक्ति से संचारित करती है. शक्ति का अनुष्ठान ऋतु के संक्रमण में होता है. चैत शुक्ल पक्ष में नवरात्रा अंतकरण की शुद्धि और परिमार्जन का एक विशेष साधना है. अपने अंदर के तम को खत्म कर आलोक से अंतर्मन को आलोकित करने का नौ दिनों तक अनुष्ठान चलता है. चेतना के विस्तार और विकास कर चैतन्य की यात्रा कर भविष्य का निर्माण किया जाता है. अपने अंदर की अंतर्यात्रा से नवीन ऊर्जा और उल्लास को भरने का यह अवसर है. यदि जीवन में कुछ पाठ सिखना छूट गया, तो यह नौ दिन अवसर प्रदान करता है कि हम आशा और उत्साह के साथ पुनः शुरूआत करें.



प्रेरक प्रसंग

## फिर कौन समझाएगा एकांत और मौन का महत्व?

गौतम बुद्ध शिष्यों को उपदेश दे रहे थे. उनके एक शिष्य ऐसे थे जो किसी से बात नहीं करते. जो काम दिया जाता, पूरा करते और फिर एकांत में चले जाते, मौन रहते. दूसरे शिष्यों ने इसे अपना अपमान माना और एक बार महात्मा बुद्ध से इस शिष्य की शिकायत भी कर दी. महात्मा बुद्ध को उस खास शिष्य से बात करनी पड़ी. उन्होंने सीधे पूछा उससे- क्यों, तुम सबसे बात क्यों नहीं करते. सभी शिकायत कर रहे तुम्हारी, तुम्हें घमंडी बता रहे हैं. तुम अन्य शिष्यों से ऐसा व्यवहार क्यों करते हो?

शिष्य ने ध्यान से महात्मा बुद्ध की बात सुनी, फिर कहा, क्षमा चाहता हूं कि सभी को मेरी वजह से कष्ट हुआ. दरअसल मैंने यह तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं. आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा?

शिष्य की ये बातें सुनकर महात्मा बुद्ध अचंभित रहे गए. उनके सामने इस शिष्य का व्यवहार पूरी तरह स्पष्ट हो गया. उसकी साधना और लगन से प्रभावित हुए, लेकिन उससे कुछ और नहीं बोले. बाद में महात्मा ने अपने दूसरे शिष्यों को समझाया, एकांतप्रिय शिष्य की शिकायत गलत है. हमें बिना किसी को जाने किसी के बारे में राय नहीं बनानी चाहिए. पहले उस व्यक्ति से मिलें, उसके व्यवहार को समझिए. हो सके तो उससे संवाद के जरिए उसकी गतिविधियों के पीछे के भाव को समझें. उसकी बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचे. बुद्ध की बातें सुनकर शिष्यों को अपनी गलती अहसास हुआ और उन सभी ने एकांतप्रिय शिष्य से माफी भी मांगी.



चैत्र नवरात्रि का ज्योतिषीय महत्व

## आज होगी मां कूष्मांडा की पूजा मिलेगा बुद्धि-विवेक का आशीष



स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री

इन दिनों चैत्र नवरात्र चल रहा है. मां दुर्गा की अराधना संपूर्ण आस्था के संग की जा रही है. हिंदू ज्योतिष में चैत्र नवरात्रि को बहुत ही शुभ अवधि माना जाता है. ऐसा माना जाता है कि त्योहार के नौ दिन देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं, और प्रत्येक दिन एक अलग ग्रह से जुड़ा होता है. चैत्र नवरात्रि का पहला दिन सूर्य ग्रह से जुड़ा है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि मिलती है. दूसरा दिन चंद्रमा ग्रह से जुड़ा है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से मन को शांति और सद्भाव मिलता है.चैत्र नवरात्रि का तीसरा दिन मंगल ग्रह से जुड़ा है और माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से साहस और शक्ति मिलती है.

चौथा दिन बुध ग्रह से जुड़ा है और माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से बुद्धि और विवेक की प्राप्ति होती है. चैत्र नवरात्रि का पांचवां दिन बृहस्पति ग्रह से जुड़ा है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से धन और प्रचुरता आती है. छठा दिन शुक्र ग्रह से जुड़ा है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से प्यार और खुशी मिलती है. चैत्र नवरात्रि का सातवां दिन शनि ग्रह से जुड़ा है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से जीवन में अनुशासन और व्यवस्था आती है. आठवां दिन राहु ग्रह से जुड़ा है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से नकारात्मक प्रभावों से मुक्ति मिल सकती है. चैत्र नवरात्रि का नौवां और अंतिम दिन केतु ग्रह से जुड़ा है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से आध्यात्मिक ज्ञान और मुक्ति मिल सकती है.

**चैत्र नवरात्रि और राम नवमी का एक-दूसरे से गहरा संबंध है.**

राम नवमी के दिन ही चैत्र नवरात्रि का समापन होता है. इस दिन देवी के साथ-साथ भगवान राम की भी पूजा की जाती है. ऐसा माना जाता है कि भगवान राम ने भी युद्ध में जीत हासिल करने के लिए देवी दुर्गा की उपासना की थी. इसलिए, नवरात्रि की नवमी तिथि पर देवी दुर्गा और भगवान राम दोनों की पूजा की जाती है. राम नवमी के दिन भगवान राम और माता दुर्गा दोनों की पूजा का विशेष महत्व माना गया है. इस दिन सुख-शांति के लिए व्रत और हवन भी किया जाता है. राम नवमी की कथा को व्रत कथा भी कहा जाता है. यह कथा इस बात पर आधारित है कि कैसे राजा दशरथ और उनकी पत्नियों ने ऋषि वशिष्ठ की सलाह पर पुत्र कामेष्टि यज्ञ किया था. यज्ञ पूरा होने के बाद तीनों रानियों को यज्ञ भगवान द्वारा आशीर्वादित खीर दी गई थी.



### नवरात्रि और माता का भोग

- नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा को मालपुआ का भोग लगाएं.
- नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता को केले से बनी दो चीज़ों का भोग लगाएं.
- नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी को लौकी की मिठाई, मीठा पान, और शहद का भोग लगाएं.
- नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी को नारियल और इससे बनी मिठाई का भोग लगाएं.
- नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री को घर में बने हलवा-पूड़ी और खीर का भोग लगाएं.
- नवरात्रि के आखिरी दिन तिल का भोग लगाकर ब्राह्मण को दान दें.

खुशी संदेश-08

## पसीने से नहाने वाले इतिहास बदल सकते हैं



मुकेश चौहान

एक गरीब लड़का अपने माता-पिता के बीमार हो जाने के बाद सुबह अखबार बांटने लगा. दिन में होटल में काम करता, ताकि घर चलने के साथ-साथ माता-पिता का इलाज हो सके. सुबह अखबार बांटने के बाद वह रोज देखता कि एक बड़े मैदान में एक कोच बच्चों को दौड़ने की प्रैक्टिस करवाता. हमेशा बच्चों से कहता- लगन से अभ्यास करो, पैसा-शौहरत दोनों कमाओगे. अखबार बांटने वाला लड़का अब रोज अखबार बांटने के बाद मैदान में खुले पैर ही दौड़ लगाने लगा. महीनों बाद कोच की नजर उस लड़के पर पड़ गई, पर वह नजरअंदाज कर दिया. लेकिन कोच यह देखा कि कुछ भी हो जाए, वह अभ्यास नहीं छोड़ता. एक दिन कोच देखा कि उसके नगें पैर में खून आ गए, फिर भी दौड़ा जा रहा है. प्रभावित होकर कोच उस लड़के को बुलाया, जूते और ड्रेस देकर कहा- अब से तुम मेरे देख-रेख में अभ्यास करोगे. आने वाले दिन में यही लड़का 500 मीटर की दौड़ में स्टेट टॉपर बन गया. जीत के बाद जब पत्रकारों ने उससे सफलता का राज जानना चाहा तो उसने सारा श्रेय कोच को देते हुए सिर्फ इतना कहा- " मैंने कहीं पढा था, पानी से नहाने वाले सिर्फ लिबास बदल सकते हैं. लेकिन पसीने से नहाने वाले इतिहास बदल सकते हैं."



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल : लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें सुधार पर

# जीत की लय जारी रखने उतरेगी लखनऊ की टीम



भाषा । लखनऊ

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई को शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी. एलएसजी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही हैं और सभी विभागों में अच्छा कर रही हैं, हालांकि 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव के पेट की चोट के कारण इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं है. इस 21 साल के खिलाड़ी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक ओवर डाला था जिसक बाद वह मैदान से चले गये थे. यादव की अनुपस्थिति में एक और युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट अपनी झोली में डाले. उनके अलावा नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं.

एलएसजी के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी मौजूद है. दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं लेकिन कप्तान अभी तक अपनी शुरूआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके हैं. निकोलस पूरन भी शानदार फॉर्म में हैं जो पारी के अंत में लखनऊ की टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद कर रहे हैं.

**पडीक्कल की फॉर्म एलएसजी के लिए चिंता का विषय :** एलएसजी के लिए सबसे बड़ी चिंता देवदत्त पडीक्कल की फॉर्म बनी हुई है जो अभी तक दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके हैं. वहीं मेहमान टीम के लिए ऐसा लगता है कि उसके पास 'प्लान बी' की कमी है जो कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली 106 रन की हार से साफ दिखायी दिया. हाल में एक और जूझ रही टीम मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स -1.370 के खराब नेट रन रेट से अंक तालिका में निचले स्थान पर पहुंच गई.

### दिल्ली के गेंदबाजों ने अब तक किया है निराश

दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी तेज गेंदबाजी इकाई है, जिसमें जरा भी धार नहीं दिखती. अब एलएसजी के खिलाफ मैच में जिम्मेदारी फिर खलील अहमद और उम्रदराज ईशांत शर्मा पर होगी जो लगातार अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं. मुकेश कुमार के चोट से वापसी की उम्मीद है लेकिन वह भी अपने प्रदर्शन से धमाल नहीं कर पाये हैं. मध्यम गति के गेंदबाज सुमित कुमार और रसिक डार की गेंदबाजी पर डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और पूरन रनों का अंबार लगा सकते हैं. साथ ही तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट से वापसी के बाद धारदार गेंदबाजी नहीं कर सके हैं और चार मैच में उन्होंने 13.43 के इकोनॉमी से रन लुटाये हैं. कप्तान ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स को छोड़ दें तो दिल्ली कैपिटल्स इस सत्र में. अभिषेक पोरेल को छोड़ दें तो किसी भी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखाया है.

#### टीमें

- **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स.
- **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान.

- अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है लखनऊ
- अंक तालिका में आखिरी स्थान पर है दिल्ली
- चोट के कारण बाहर रह सकते हैं मयंक यादव
- मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा



## राशिद की प्रतिबद्धता उन्हें पसंदीदा बनाती है: गावस्कर

भाषा । नयी दिल्ली



पूर्व महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि खेल के सभी पहलुओं के प्रति प्रतिबद्धता राशिद खान को दुनिया भर की टी-20 लीग में सबसे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक बनाती है. गुजरात टाइटंस को बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के लिए अंतिम ओवर में 15 और अंतिम गेंद पर दो रन की जरूरत थी और अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद ने 11 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी. उन्होंने अपने चार ओवर में 18 रन देकर एक विकेट भी चटकाया. गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव' से कहा कि जब जरूरत थी तब उसने (राशिद) ने बल्ले से योगदान दिया. उन्होंने कहा कि यही कारण है कि उसकी दुनिया भर की फ्रेंचाइजी के बीच इतनी मांग है. वे उसे चाहते हैं क्योंकि उन्हें उसकी प्रतिबद्धता, बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण नजर आता है. गेंदबाजी और बल्लेबाजी के अलावा राशिद शानदार क्षेत्ररक्षक भी हैं. गावस्कर ने कहा कि देखिए किस तरह वह क्षेत्ररक्षण में अपना सब कुछ झोंक देता है. गेंदबाज कभी कभी गेंद को रोकने के लिए अपनी गेंदबाजी वाली बांह की तरह कूदने को लेकर चिंतित होते हैं कि अगर उनका कंधा खिसक गया तो करियर पर खतरा बन सकता है. उन्होंने कहा कि राशिद खान के साथ ऐसा नहीं है. वह अपना शत प्रतिशत देना चाहता है. गावस्कर ने राशिद की तुलना इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के साथ की जो इस साल आईपीएल में नहीं खेल रहे.

टेनिस टूर्नामेंट

## बिली जीन किंग कप : भारत ने चीनी ताइपे को हराया

भाषा । नयी दिल्ली

रूतुजा भोसले ने एकल मैच जबकि प्रार्थना थोम्बरे और अंकिता रैना ने युगल मुकाबला जीता, जिससे भारत ने गुरुवार को चीन के चांगशा में बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के एशिया ओसनिया ग्रुप-1 मुकाबले में चीनी ताइपे को 2-1 से हराया. भारत अभी पूल ए में दो जीत और एक हार से तीन मुकाबलों के बाद तीसरे स्थान पर बना हुआ है. चीन और दक्षिण कोरिया अपने सभी तीन मैच जीतकर क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं. भोसले ने हाओ चिंग चान को सीधे सेट में 6-3, 6-2 से मात दी जबकि रैना दूसरे एकल में एन शुओ लियांग से 6-2 4-6 4-6 से हार गयी.

निर्णायक युगल मुकाबले में थोम्बरे ने रैना के साथ मिलकर हाओ चिंग चान और एन शुओ लियांग की जोड़ी पर 4-6 6-1 (15-13) से जीत दर्ज कर मुकाबला भारत के नाम कर दिया. बुधवार को चीन ने भारत को 3-0 से हरा दिया था. लेकिन टूर्नामेंट के लीग चरण में भारत ने पैसिफिक ओसनिया को 3-0 से मात दी थी. छह टीम के एशिया ओसनिया ग्रुप एक में शीर्ष दो टीम प्लेऑफ में खेलेंगी जबकि निचली दो टीम 2025 में ग्रुप दो में रेलीगेट हो जायेंगी. चीनी ताइपे और पैसिफिक ओसनिया पूल तालिका में निचले स्थान पर चल रही हैं क्योंकि वे अपने तीन में से कोई भी मैच जीत नहीं पायी हैं. भारत अब शनिवार को कोरिया से भिड़ेगा.

**खास बातें**

- भारत ने चीनी ताइपे को 2-1 से पराजित किया
- पूल ए में दो जीत के साथ तीसरे स्थान पर है भारत
- भारत का अगला मुकाबला शनिवार को कोरिया से होगा

## पहला स्वर्ण जीतने से एक कदम दूर हैं पहलवान उदित

सीनियर एशियाई चैंपियनशिप

भाषा । बिश्केक (किर्गिस्तान)

पहलवान उदित पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में पहुंचकर सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना पहला खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं जबकि तीन अन्य भारतीय कांस्य पदक प्लेऑफ मुकाबले में पहुंचे. उदित फाइनल में जापान के केंटो युमिया से भिड़ेंगे. मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैंपियन उदित ने सुनिश्चित किया कि देश का इस वर्ग में रिकॉर्ड अच्छा रहे, जिसमें रवि दहिया और अमन सेहरावत जैसे पहलवान पिछले कुछ वर्षों में बेहतर करते रहे हैं. भारत ने 57 किग्रा वर्ग में लगातार चार एशियाई खिताब जीते हैं, जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि ने 2020, 2021 और 2022 में तथा अमन ने 2023 में स्वर्ण पदक अपने नाम किये. यह सीनियर स्तर पर उदित का दूसरा पदक होगा. उन्होंने 2022 में ट्यूनीशिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज में रजत पदक जीता था. उदित के लिए पहले दौर का यह मुश्किल मुकाबला रहा, जिसमें उन्होंने ईरान के प्रतिद्वंद्वी इब्राहिम माहदी खरी को 10-8 से शिकस्त दी. इसके बाद उन्होंने स्थानीय प्रबल दावेदार अल्माज समानबेकोव को 6-4 से हराने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया के कुम हयोक किम पर 4-3 से जीत हासिल की. ट्रायल्स में बजरंग पूनिया को हराने वाले रोहित कुमार (65 किग्रा), अभिमन्यु (70 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) अपने सेमीफाइनल हारने के बाद कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे. परविंदर सिंह एकमात्र भारतीय पहलवान थे जो गुरूवार को पदक दौर में नहीं पहुंच सके. वह 79 किग्रा स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में जापान के रियुनोसुके कामिया से 3-0 से हारकर बाहर हो गये.

**खास बातें**

- फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में पहुंचे उदित
- फाइनल में जापान के केंटो युमिया से भिड़ेंगे उदित

## इंडियन सुपर लीग फाइनल चार मई को

**मुंबई ।** इंडियन सुपर लीग 2023-24 सत्र का फाइनल चार मई को खेला जाएगा, जबकि इस फुटबॉल लीग के प्ले ऑफ मुकाबले 19 अप्रैल से शुरू होंगे. लीग के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने बताया कि फाइनल के स्थल की घोषणा जल्द की जाएगी. आईएसएल ने बयान में कहा सेमीफाइनल मुकाबले अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मैचों के प्रारूप में खेले जाएंगे. लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी.

## संजू सैमसन पर 12 लाख का जुर्माना

**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान उनकी टीम के धीमी ओवर गति से गेंदबाजी करने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स की चार मैच की जीत की लय तोड़ते हुए बुधवार को अंतिम गेंद के रोमांच में तीन विकेट से पराजित किया था.

### तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा-

## ओलंपिक से पहले 90 मी भाला फेंक सकता हूं

भाषा । नयी दिल्ली

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाया हैं और उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह किसी भी समय हो सकता है. चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था. ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाये हैं. पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले नीरज ने गुरुवार को कहा कि मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा. उम्मीद करता हूं कि यह पेरिस ओलंपिक से पहले हो जाये. वैसे अभी हर चीज सही दिशा में आगे बढ़ रही है इसलिये लोगों को शायद ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़े और यह इससे पहले ही हो जाये. तैयारियां अच्छी चल रही हैं. मौजूदा विश्व चैंपियन के लिए सत्र से इतर अभ्यास अच्छा रहा है, जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर ध्यान लगाया है. उन्होंने कहा कि सत्र के शुरू में ध्यान फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर था, जिसमें भाला फेंकने की कोई विशेष ट्रेनिंग नहीं थी. मुझे लगता है कि इससे मेरी तकनीक में काफी सुधार हुआ. साथ ही दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में भी 'स्ट्रेंथ' एंव अनुकूलन ट्रेनिंग अच्छी रही. चोपड़ा ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक की सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है, जिससे उन्हें पेरिस ओलंपिक में काफी मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि यह मेरा दूसरा ओलंपिक है इसलिये इस बार मैं पेरिस के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार हूं. जहां तक मानसिक ट्रेनिंग की बात है तो मैंने ज्यादा कुछ नहीं किया है, लेकिन मैं जानता हूं कि यह मेरा दूसरा ओलंपिक है.

**खास बातें**

- नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर का है
- ट्रेनिंग के दौरान 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं नीरज



### ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एथलीट को पुरस्कार राशि देना अच्छा कदम

नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स के पेरिस ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को 50,000 डॉलर का पुरस्कार देने के फैसले की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि वह चाहेंगे कि अन्य वैश्विक प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह का प्रोत्साहन मिले. ओलंपिक खेलों में पहली बार होगा कि इस साल पेरिस खेलों की 48 एथलेटिक्स स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स द्वारा भारी राशि दी जायेगी. विश्व एथलेटिक्स ने अपने इस दायरे को बढ़ाने का वादा किया है कि 2028 लास एंजिल्स चरण में सभी तीनों पदक विजेताओं को शामिल किया जायेगा. नीरज ने कहा कि पैसे के मामले में एथलेटिक्स में उस तरह की राशि नहीं है जैसे टेनिस या फुटबॉल और अन्य खेलों में है. उन्होंने कहा कि विश्व एथलेटिक्स का पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एथलीटों के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा करने का फैसला अच्छी शुरूआत है. यह अच्छा फैसला है.

## हर कोई देख सकता है पराग की काबिलियत : कुमार संगकारा

**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने फॉर्म में चल रहे रियान पराग की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि उसकी काबिलियत हर कोई देख सकता है. लेकिन यह नहीं कह सके कि यह युवा भारतीय टी-20 विश्व कप की टीम में जगह हासिल करने का हकदार है. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों की सूची में 22 वर्षीय पराग सिर्फ विराट कोहली से पीछे हैं, उन्होंने 261 रन बनाये हैं, जिसमें उनका शीर्ष स्कोर नाबाद 84 रन रहा. हालांकि बीती रात पराग की 48 गेंद में 76 रन की पारी बेकार चली गयी क्योंकि गुजरात टाइटंस ने 196 रन का लक्ष्य अंतिम गेंद में हासिल कर राजस्थान रॉयल्स की लगातार चार मैच से चली आ रही जीत की लय तोड़ दी. यह पूछने पर कि क्या असम का यह क्रिकेटर इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह की दौड़ में शामिल हो सकता है तो संगकारा ने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई उसकी काबिलियत देख सकता है.

कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट

### डी गुकेश ने छठे दौर में ड्रॉ के बाद कायम रखी संयुक्त बढ़त

## प्रज्ञानांनदा और विदित ने हासिल की महत्वपूर्ण जीत

भाषा । टोरंटो

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानांनदा और विदित गुजराती ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि डी गुकेश ने भारतीय पुरुष टीम के लिए छठे दौर में ड्रॉ से संयुक्त शीर्ष स्थान बरकरार रखा. प्रज्ञानानंदा ने अजरबेजान के निजात अबासोव पर जीत दर्ज की जबकि गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को पराजित किया. गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रॉ खेला. अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं. 17 साल के गुकेश और इयान नेपोमनियाच्ची ने पुरुष वर्ग में चार चार अंक से संयुक्त बढ़त बनाये रखी है. फिडे के ध्वज के अंतर्गत खेल रहे रूस के नेपोमनियाच्ची ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला.

हालांकि महिला वर्ग में भारत को निराशा मिली क्योंकि आर वैशाली को रूस की कैटेरिना लाग्नो से हार का सामना करना पड़ा. प्रज्ञानांनदा की बड़ी बहन वैशाली को अगर वापसी करनी है तो उन्हें काफी बेहतर खेल दिखाना होगा. कोनेरु हम्पी को भी हार झेलनी पड़ी, उन्हें चीन की टिंग्जी लेई ने मात दी जबकि बुल्गारिया की नुरग्युल सालिमोवा को रूस की एलेक्सांड्रा गोरयाचिकिना से हार मिली. प्रज्ञानानंदा और कारूआना 3.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुजरात और नाकामुरा तीन तीन अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर बने हुए हैं.अलीरेजा और निजात अबासोव साल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के मध्य चरण में 1.5 अंक लेकर जूझ रहे हैं. महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी टान ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक पर जीत हासिल की. उनके छह मैच में 4.5 अंक हैं और उनसे आधा अंक पीछे गोरयाचिकिना दूसरे स्थान पर हैं. कैटरीना लाग्नो 3.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं और लेई से आधा अंक आगे हैं.





- प्रज्ञानांनदा ने निजात अबासोव पर दर्ज की जीत
- विदित ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया
- 3.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं प्रज्ञानानंदा
- विदित तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है

## प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं सिंधू

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

भाषा । निंगबो (चीन)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान युए को कड़ी चुनौती देने के बावजूद हार गयीं. पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौटने की कोशिश में जुटी सिंधू ने एक घंटे और नौ मिनट तक कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंत में युए से 18-21 21-13 17-21 से हार गयी जबकि गुरुवार को मुकाबले से पहले उसके खिलाफ इस भारतीय का जीत का रिकॉर्ड 5-0 था. अन्य भारतीयों में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की युगल जोड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की तीसरी वरीय जोड़ी से 17-21 12-21 से पराजित हो गयीं. सिंधू ने पहले गेम में अच्छी शुरूआत की और अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए 8-4 से बढ़त ले ली और इसे 14-8 तक बढ़ा दिया. पर चीन की खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और सिंधू ने गलतियां करनी शुरू कर दी. युए ने सिंधू को लंबी रैलियों में उलझाकर थका दिया और 15-15 से बराबरी पर पहुंच गयीं. युए ने इसके बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया. दूसरे गेम में सिंधू ने आक्रामक रूख अख्तियार किया और अपने अनुभव की बदौलत 16-8 से बढ़त बना ली. युए ने वापसी की सर्वश्रेष्ठ कोशिश की लेकिन सिंधू ने कोई मौका नहीं दिया और दूसरा गेम अपने नाम कर 1-1 से बराबरी हासिल कर ली. निर्णायक गेम में सिंधू 8-4 की बढ़त से अच्छी शुरूआत के बाद लय खो बैठीं.

चीन की खिलाड़ी ने तेज और आक्रामक खेल से भारतीय खिलाड़ी को लंबी रैलियों में फंसाकर थका दिया, जिससे सिंधू गलतियां करने लगीं. इसके बाद 10-10 से युए 17-10 से आगे हो गयीं. सिंधू ने हालांकि कुछ अंक जुटाकर अंतर 20-17 किया. सिंधू ने दो गेम प्वाइंट बचाये लेकिन अंत में उनकी प्रतिद्वंद्वी ने क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया.



- रोमांचक मुकाबले में चीन की हान युए से हारीं सिंधू
- हान ने सिंधू को 18-21, 21-13, 17-21 से हराया

## मीसा भारती ने पीएम को लेकर दिया विवादित बयान, बोलीं-इंडिया ब्लॉक को मौका मिला तो

# पीएम समेत सारे भाजपा नेता होंगे जेल के अंदर

**डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बोले-चुनाव के बाद पता चलेगा कौन जेल में होगा**

**संवाददाता। पटना**

राजद नेत्री और पाटलिपुत्र से लोकसभा प्रत्याशी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित बयान दिया है. मीसा भारती ने कहा कि चुनाव के बाद जनता ने अगर इंडिया ब्लॉक को मौका दिया तो पीएम समेत सारे बीजेपी नेता जेल के अंदर होंगे. भारती के इस बयान के बाद बिहार में सियासी तापमान बढ़ गया है. डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने भारती के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यही लोग हैं जो कभी चपरासी क्वार्टर में रहते थे. आज बड़े-बड़े महलों के मालिक हैं. आखिर चपरासी क्वार्टर में रहने वाले लोग इतनी बड़ी संपत्ति के मालिक कैसे बन गये? उन्होंने कहा कि एक-एक चीज का हिसाब देना होगा. कौन जेल में होगा यह चुनाव के बाद पता चलेगा. डिप्टी सीएम ने कहा कि इतना तो साफ है कि यह डरे हुए लोगों की आवाज है.



### इंडिया गठबंधन 30 लाख रोजगार दे रहा है, उनको तुष्टीकरण दिख रहा है

दरअसल, मीसा भारती मनेर में चुनाव प्रचार कर रही थीं. इस दौरान मीडिया ने भारती से पीएम मोदी के इंडिया ब्लॉक पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप लगाने पर सवाल किया. जिसपर भारती ने जवाब दिया कि जो इंडिया गठबंधन है वो 30 लाख रोजगार दे रहा है, उसमें उनको तुष्टीकरण दिख रहा है. किसानों की आय दोगुनी करने और एमएसपी लागू करने की बात कर रहे हैं तो इनको तुष्टीकरण लग रहा है. आज बेटे के लिए वोट मांगने गये थे. परिवारवाद पर क्यों नहीं बोले हैं? मुंह बंद हो गया प्रधानमंत्री जी का? इलेक्टोरेल बॉन्ड पर कौन जवाब देगा? आगे कहा कि जब बिहार आते हैं वो हमारे परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं. जानते हैं कितना बड़ा भ्रष्टाचार है? अगर देश की जनता ने कहीं हमें ( इंडिया गठबंधन को) मौका दे दिया तो प्रधानमंत्री से लेकर जितने भी भाजपा नेता हैं, वे सभी जेल के अंदर बंद होंगे.

## ब्रीफ खबरें

### अवैध शराब समेत 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**बगहा।** बगहा पुलिस जिला की पुलिस ने विगत 24 घंटे में कुल 10 गिरफ्तारी के साथ कुल 05 अजमानतीय वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया है. उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी कर दी. उन्होंने बताया कि नौरंगिया थाना, रामनगर, धनहा, वाल्मीकिनगर, चौतरवा थाना द्वारा शराब कांड एवं वारंट और हत्या के प्रयास में कुल 10 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. इस दौरान 24 लीटर देसी शराब और एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू लदा हुआ जब्त किया गया है.

### नाबालिग ने महिला थाने में केस दर्ज कराया

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज में एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर नेपाल ले जाने और वहां दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. पीड़िता ने किशनगंज महिला थाना में आवेदन देकर आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. ठाकुरगंज थाना क्षेत्र की एक नाबालिग ने गांव के युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार एक वर्ष पूर्व पास के गांव का रहने वाला युवक नजरुल इस्लाम नाबालिग को काम दिलाने के नाम पर नेपाल जाने की बात कह कर शादी का झांसा देकर नेपाल ले गया. जहां उसने दुष्कर्म किया.

### चोरी का छड़ लदा ट्रक सहित चार गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पीपरा थाना पुलिस ने सघन वाहन जांच व नाकाबंदी करते हुए एनएच-27 पर स्वागत पेट्रोल पंप के समीप चार अपराधी को चोरी की गये लोहे का छड़ लदा हुआ ट्रक के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों की पहचान विश्वजीत महतो, मुन्ना कुमार, शंकर कुमार व रोहित कुमार के रूप हुई है. पुलिस ने इनके पास से एक ट्रक, एक कार, 15 क्विंटल लोहे का छड़ व 3 मोबाइल बरामद किया है.

## परिजनों ने थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी

# पत्नी की हत्या कर बर्फ के डिब्बे में पैक कर शव को नदी में फेंका

**संवाददाता। पूर्णिया**

पूर्णिया में शादी और हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आयी है. यहां पहले से शादीशुदा शख्स अजय कुमार ने पुतुल नामक युवती के परिवार वालों को धोखे में रखकर शादी कर ली. शादी के कुछ ही दिनों बाद लड़की को पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं. ऐसे में वह खुद को ठगा महसूस कर रही थी. जब पुतुल मायके आयी तो उसने यह बात परिजनों और अन्य लोगों को बतायी. इसके बाद परिजनों ने उसे वापस ससुराल जाने से मना किया था, लेकिन वह नहीं मानी. पुतुल ने कहा कि वह अब अपने पति के साथ ही रहेगी, क्योंकि उसकी शादी हो चुकी है. मृतका पुतुल देवी के परिजनों ने बताया कि इसी साल 11 मार्च को ही पुतुल की शादी कटिहार जिले के समेली-चांदपुर के रहने वाले अजय के साथ धूमधाम से हुई थी. उन्हें इस बात का पता नहीं था कि अजय पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं. पुतुल के परिजनों ने बताया कि अजय की पहली पत्नी के मायके वालों ने पुतुल को धमकी दी थी कि वह अजय को छोड़कर चली जाये, नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा.



**बर्फ बेचनेवाले डिब्बे में पैक किया शव और नदी में फेंक दिया**

जानकारी के अनुसार, अजय बर्फ के व्यापार से जुड़ा हुआ था. मृतका के परिजनों का आरोप है कि अजय ने पुतुल की हत्या कर शव बर्फ के डिब्बे में डालकर कोसी नदी में फेंक दिया. घटना के बाद आरोपी अजय पूरे परिवार के साथ फरार है. मृतका के परिजनों ने थाने में मामला दर्ज करा दिया है. इसके बाद पुलिस हरकत में आयी और अजय की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

### पत्नी से विवाद में एक साल के बच्चे को मार डाला

**नवादा।** नवादा जिले के परना डाबर थाना इलाके में पिता ने अपने ही एक साल के मासूम पुत्र की निर्मम तरीके से हत्या कर दी. घर में सोए बेटे को पिता ने उठाया और कमरे में बंद कर सिलबट्टा (मसाला पीसने वाला लोढ़ी-पाटी) पर उसका सिर रखकर कूच दिया. इतना ही नहीं, लोहे के सरिया से भी जमकर प्रहार किया. घटना सामने आने के बाद इलाके के लोग भौंचक रह गए. घटना की सूचना मिलते ही परना डाबर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है. पत्नी से विवाद में इस घटना को पति ने ससुराल पहुंचकर अंजाम दिया. मौके पर पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया.

### ट्रक व ट्रैक्टर में टक्कर दो की मौत, 23 घायल

**रोहतास।** रोहतास में भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. वहीं 23 लोग घायल हो गए. घटना चेनारी थानाक्षेत्र के टेकारी इलाके के एनएच-दो पर चेनारी के टेकारी के पास की है. मृतक बंधन कुमार तथा अनिल बारी कैमूर गांव के उमापुर के रहने वाले थे. घायल कैमूर जिले उमापुर गांव के बताए जा रहे हैं. घायल कैमूर जिले उमापुर गांव के बताए जा रहे हैं. सदर अस्पताल सासाराम के डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया. सभी महुआ धाम जा रहे थे. इसी दौरान हादसा हुआ. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, हथियार बरामद

**सहरसा ।** जिला पुलिस की सक्रियता के कारण बहुत बड़ी कामयाबी हासिल हुई है. पुलिस की कार्रवाई में जहां एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री के साथ-साथ गन बनाने की मशीन अर्द्ध निर्मित अवैध हथियार एवं भारी मात्रा में गोली बरामद किया. संचालक पिता पुत्र सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. इस संबंध में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लक्ष्मनियां नियाजी महदूम आलम के घर पर छापेमारी कर 11 अवैध देसी आग्नेयास्त्र एंव 152 जिंदा कारतूस बरामद किया गया.

## 50 हजार के इनामी कुख्यात नियाज को किया गिरफ्तार

**संवाददाता। बेगूसराय**

**खास बातें**

- पुलिस-एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता
- लंबे समय से चल रहा था फरार, हथियार बरामद

बेगूसराय में 50 हज़ार रूपये के इनामी कुख्यात मोहम्मद नियाज को चेरिया बरियारपुर थाने की पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया गया है. आपको बता दें की बेगूसराय जिले के नागमणि महतो गैंग के सक्रिय सदस्य जो कि पुलिस से फरार चल रहे थे. अपराधी मोहम्मद नेयाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

घटना के संबंध में डीएसपी मंझौल के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया. साथ में एसटीएफ की भी संयुक्त कार्रवाई की गई. एक देसी कट्टा , दो जिंदा कारतूस के साथ मोहम्मद नेयाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मोहम्मद नेयाज पर हथियार के बल पर चोरी, लूट, हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट जैसी कई घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है. पुलिस ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंझौल नवीन कुमार के नेतृत्व में चेरिया बरियारपुर थाने की पुलिस टीम जिला सूचना इकाई बेगूसराय एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में चेरीया बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी दुर्गा स्थान से मोहम्मद नेयाज को गिरफ्तार कर लिया गया.

## ट्रक की चपेट में आने से एक महिला समेत नवजात की मौत

**संवाददाता। पटना**

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-छपरा राष्ट्रीय उच्च पथ पर गुरुवार को बालू लदे ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक महिला और उसके दो माह के बच्चे की मौत हो गई. मृतकों में पटना जिला के पुनपुन निवासी धनंजय कुमार की 25 वर्षीय पत्नी तेतर देवी और दो माह का पुत्र कारण शामिल है. दुर्घटना में धनंजय और उनका बड़ा पुत्र तीन वर्षीय चंदन भी घायल हो गए. दुर्घटना में मौत के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गए और आरा-छपरा फोरलेन को जाम कर विरोध-प्रदर्शन करते हुए ट्रक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. चालक मौके से फरार हो गया है.

## कारोबार

## चीन में सरकार का घाटा 2024 में बढ़कर जीडीपी का 7.1% पहुंच सकता है

# चीन की क्रेडिट रेटिंग को किया डाउनग्रेड

**भाषा। नयी दिल्ली**

**5.8** प्रतिशत था चीन में सरकार का घाटा पिछले साल

**30%** हिस्सा है चीन की जीडीपी में रियल एस्टेट का

आर्थिक मोर्चे पर जो चीन कभी दुनिया के लिए मॉडल हुआ करता था, उसके लिए अब वैश्विक मंच पर मजबूती के साथ बने रहना संघर्षपूर्ण होता जा रहा है. इस पर वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भी सवाल उठाना शुरू कर दिया है. जहां एक ओर भारत दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ है, वहीं चीन की इकोनॉमी को एक के बाद एक झटका लगता जा रहा है. कई दशक तक ग्लोबल इकॉनमी का इंजन रहे चीन की इकॉनमी का दम फूलने लगा है. देश की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है. दरअसल, ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने देश में रियल एस्टेट सेक्टर समेत अन्य क्षेत्रों में जोखिमों का हवाला देते हुए चीन के लिए अपने आउटलुक में बदलाव किया है. उनका कहना है कि चीन कई तरह की आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और उसके वित्तीय स्थिति को लेकर जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है. फिच ने चीन के आउटलुक को स्टेबल से निगेटिव कर दिया है. यानी फिच ने भी चीन की क्रेडिट रेटिंग को डाउनग्रेड कर दिया है. हालांकि फिच ने अभी चीन के सॉवरेन बॉन्ड्स की रेटिंग को ए पर बरकरार रखा है. चीन लंबे समय से रियल एस्टेट के संकट से जूझ रहा है जिससे पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है.

फिच ने एक बयान में कहा कि क्रेडिट रेटिंग में बदलाव इस बात को दर्शाता है कि चीन में पब्लिक फाइनेंस आउटलुक को लेकर जोखिम लगातार बढ़ रहा है. देश प्रॉपर्टी पर निर्भर ग्रोथ से सस्टेनेबल ग्रोथ मॉडल की तरफ जा रहा है जिससे आगे इकॉनमी का भविष्य को लेकर अनिश्चतता है. चीन की सरकार रियल एस्टेट पर निर्भरता कम करने के लिए दूसरे सेक्टर्स पर फोकस कर रही है. देश की जीडीपी में रियल एस्टेट की करीब 30% हिस्सेदारी है. लेकिन पिछले कुछ साल से यह गहरे संकट में है और इस कारण देश की पूरी इकॉनमी के चौपट होने की आशंका जताई जा रही है.

फिच का अनुमान है कि चीन में सरकार का घाटा 2024 में बढ़कर जीडीपी का 7.1% पहुंच सकता है जो पिछले साल 5.8% था. यह घाटा 2020 के बाद सबसे ज्यादा होगा जब कोरोना महामारी के कारण लगाई गई पाबंदियों से सरकार का खजाना बुरी तरह प्रभावित हुआ था. हालांकि चीन की सरकार ने फिच के इस कदम पर अफसोस जताया है. सरकार का कहना है कि उसने फिच रेटिंग्स की टीम के साथ शुरुआती चरण में पूरी संजीदगी के साथ बातचीत की थी और यह रिपोर्ट चीन की असली तस्वीर बयां नहीं करती है. इसमें इकनॉमिक ग्रोथ में फिस्कल पॉलिसी के पॉजिटिव रोल के बारे में नहीं बताया गया है.



**प्रॉपर्टी सेक्टर गहरे संकट में है**

चीन ने कहा कि लॉन्ग टर्म में इससे इकॉनमी को काफी फायदा होगा. इससे पहले दिसंबर में रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी चीन की क्रेडिट रेटिंग को स्टेबल से निगेटिव कर दिया था. उसका कहना था कि प्रॉपर्टी सेक्टर गहरे संकट में है और इस कारण पूरी इकॉनमी के प्रभावित होने की आशंका है. अमेरिका के बाद चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है. लेकिन पिछले कुछ समय से चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है. मंदी की आशंका के कारण लोग खर्च करने से बच रहे हैं. इससे घरेलू खपत प्रभावित हुई है. साथ ही अमेरिका के साथ रिश्तों में तनाव बना हुआ है. देश का एक्सपोर्ट गिर रहा है जबकि विदेशी निवेशक भी मुंह मोड़ने लगे हैं.

### भारती का शेयर आज होगा सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली।** भारती समूह की कंपनी भारती हेक्साकॉम का शेयर आज शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा. कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पिछले सप्ताह सफलतापूर्वक पूरा हुआ था. भारती हेक्साकॉम के आईपीओ को निर्गम के अंतिम दिन 29.88 गुना अभिदान मिला था. बीएसई की तरफ से बुधवार को जारी सूचना के मुताबिक, 12 अप्रैल को भारती हेक्साकॉम लिमिटेड के इक्विटी शेयरों को सूचीबद्ध किया जाएगा और प्रतिभूतियों के 'बी' समूह की सूची में एक्सचेंज पर लेनदेन के लिए स्वीकार किया जाएगा.

### सीबीडीटी ने अंतरिम कार्ययोजना जारी की

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक अंतरिम कार्य योजना लेकर आया है. इसमें अभियोजन के संभावित मामलों जैसे टीडीएस के कम भुगतान की पहचान करना तथा अपीलों का तेजी से निपटान शामिल है. कार्य योजना रिफंड की मंजूरी, उन मामलों की पहचान करने के लिए समय सीमा भी निर्धारित करती है जिनमें जब्त की गई संपत्ति रिलीज होने वाली है, उन्हें 30 जून 2024 तक रिलीज किया जाए. इसमें 31 मार्च 2024 तक लंबित कंपाउंडिंग प्रस्तावों को अंतिम रूप देने का आह्वान किया है.

### दूरसंचार शुल्क में होगी 15-17% की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली।** आम चुनाव के बाद दूरसंचार उद्योग में 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी का अनुमान है. एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है. देश में 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में आम चुनाव होंगे. चार जून को मतगणना की जाएगी. एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में शुल्क वृद्धि आसन्न है और भारती एयरटेल को इसका सबसे ज्यादा फायदा हो सकता है. रिपोर्ट में कहा गया, हमें उम्मीद है कि चुनाव के बाद उद्योग 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी करेगा. आखिरी बार दिसंबर, 2021 में शुल्क करीब 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी.

**पान मसाला कंपनियों का मामला**

### रिटर्न फाइलिंग की सीमा 15 मई की

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल करने के लिए विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी है. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इससे पहले नई पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल प्रक्रिया एक अप्रैल 2024 से क्रियान्वित करने की जनवरी में घोषणा की थी. ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण, रिकॉर्ड रखना और मासिक जानकारी में आमूलचूल बदलाव के कदम का मकसद पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के जीएसटी अनुपालन में सुधार करना था. वित्त विधेयक 2024 के जरिए जीएसटी कानून में भी संशोधन किया गया. इसमें कहा गया कि पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं को एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा, यदि वे एक अप्रैल से अपनी पैकिंग मशीनरी को जीएसटी अधिकारियों के साथ पंजीकृत करने में विफल रहते हैं. सीबीआईसी ने एक अधिसूचना के जरिए इस विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की तारीख 45 दिन बढ़ाकर 15 मई तक कर दी है.

## एनसीएलएटी ने डेवलपर्स की दिवालिया याचिका खारिज की




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने पार्श्वनाथ लैंडमार्क डेवलपर्स की अनुषंगी कंपनी के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने के लिए पार्श्वनाथ लैंडमार्क डेवलपर्स के चार इकाई खरीदारों द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है. अपीलीय न्यायाधिकरण ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रधान पीठ के आदेशों को बरकरार रखा, जिसने 17 अक्टूबर 2023 को तकनीकी आधार पर उनकी याचिका खारिज कर दी थी क्योंकि याचिकाकर्ताओं की संख्या केवल चार थी, जबकि पार्श्वनाथ लैंडमार्क द्वारा आवंटितों की कुल संख्या 488 है. मामला रियल एस्टेट कंपनी के दिल्ली स्थित प्रोजेक्ट ला ट्रॉपिकाना खैबर पास से जुड़ा है. इसके अलावा, अपीलीय न्यायाधिकरण ने फ्लैट खरीदारों की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि वे एक अलग वर्ग के हैं और दिल्ली रेरा के एक आदेश में डेवलपर को 22 अक्टूबर 2022 को ब्याज के साथ राशि वापस करने का निर्देश दिया गया था. डेवलपर्स पर आदेश के 45 दिन के भीतर राशि वापस करने का दायित्व था, लेकिन किसी राशि का भुगतान नहीं किया गया. इस प्रकार उसने प्रत्येक याचिकाकर्ता को 10 प्रतिशत ब्याज के साथ 24.14 करोड़ रुपये वापस नहीं करके चूक की थी. उनके अनुसार वे रियल एस्टेट आवंटियों की श्रेणी में वित्तीय ऋणदाता नहीं हैं, लेकिन डिक्री धारकों की श्रेणी में वित्तीय ऋणदाता हैं. हालांकि, एनसीएलएटी ने उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का हवाला देते हुए दलीलों को खारिज कर दिया.

**मजबूत** एडीबी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लगाया अनुमान

# भारत की जीडीपी की वृद्धि दर बढ़ाकर 7% किया गया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



**खास बातें**

- इससे पहले वृद्धि दर 6.7% रहने का अनुमान लगाया था
- विनिर्माण में मजबूत गति के साथ अर्थव्यवस्था में होगी वृद्धि

एशियाई वृद्धि बैंक (एडीबी) ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष 2024-25 की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान गुरुवार को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया. इससे पहले उसने वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था. एडीबी के अनुसार, सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की निवेश और उपभोक्ता मांग से मजबूत वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा. एडीबी ने एशियन डेवलपमेंट आउटलुक के अप्रैल संस्करण में कहा कि भारत, एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख वृद्धि इंजन बना रहेगा. वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एडीबी ने भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 में नरमी के बावजूद वृद्धि मजबूत रहेगी. हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 का वृद्धि अनुमान 2022-23 वित्त वर्ष के अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है. मनीला स्थित बहुपक्षीय संस्थान ने पिछले साल दिसंबर में वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था. इसमें कहा गया, वित्त वर्ष 2022-23 में विनिर्माण व सेवाओं में मजबूत गति के साथ अर्थव्यवस्था में जोरदार वृद्धि हुई. यह तेजी आगे भी जारी रहेगी. वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत निवेश और उपभोग मांग में सुधार से प्रेरित होगी. वैश्विक रुझानों के अनुरूप मुद्रास्फीति में गिरावट का रुख जारी रहेगा.

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते कहा था कि मानसून के सामान्य रहने पर मुद्रास्फीति के दबाव में कमी और विनिर्माण व सेवा क्षेत्रों में निरंतर गति से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है. भारत के लिए एडीबी के 'कंट्री डायरेक्टर' मियो ओका ने कहा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग तथा सहायक नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है. एडीबी की स्थापना 1966 में की गई. अत्यधिक गरीबी उन्मूलन के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए एडीबी एक समृद्ध, समावेशी, जुझारू व टिकाऊ एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. एडीबी के 68 सदस्य देश हैं, जिनमें से 49 एशिया और प्रशांत क्षेत्र से हैं.

## खराब समय अब पीछे छूट चुका है, परिचालन अब स्थिर : सीईओ

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विस्तारा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने हाल ही में उड़ान व्यवधानों का सामना करने के बाद एयरलाइन के कर्मचारियों से गुरुवार को कहा कि अब सबसे खराब स्थिति पीछे छूट गई है और परिचालन स्थिर हो चुका है. पायलटों की समस्याओं ने टाटा समूह की एयरलाइन को अस्थायी रूप से क्षमता में 10 प्रतिशत या प्रतिदिन 25-30 उड़ानों की कटौती करने के लिए मजबूर कर दिया था. कन्नन ने कहा कि नए वित्त वर्ष की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही है. एयरलाइन को 31 मार्च से दो अप्रैल तक महत्वपूर्ण परिचालन व्यवधान का सामना करना पड़ा. यह स्वीकार करते हुए कि चीजों की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी, कन्नन ने कहा कि इससे काफी कुछ सीखने को मिला. उन्होंने कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, हमारे ग्राहकों द्वारा महसूस की गई चिंता तथा हताशा उस दर्द के बराबर है जिसे हमने अपने बहुचर्चित ब्रांड की विभिन्न हलकों में होती नकारात्मक टिप्पणी सुनकर महसूस किया. मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सबसे खराब स्थिति अब पीछे छूट गई है और नौ अप्रैल 2024 को हमारे ऑन-टाइम प्रदर्शन (ओटीपी) के बढ़कर 89 प्रतिशत होने के साथ ही हमारा परिचालन स्थिर हो गया. एयरलाइन के बेड़े में 70 विमान हैं. उसे मौजूदा ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में हर दिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करनी हैं.

## ब्रीफ खबरें

### बस खाई में गिरी, 17 तीर्थयात्रियों की मौत

**कराची ।** पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के एक सीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए. तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी बुधवार को हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई. जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है. गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की.

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त दो पायलट की मौत

**मनीला ।** फिलीपींस की नौसेना का एक प्रशिक्षण हेलीकॉप्टर गुरुवार को राजधानी के दक्षिण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार दो पायलट की मौत हो गई. सेना के एक अधिकारियों के मुताबिक रॉबिन्सन आर22 हेलीकॉप्ट मनीला के दक्षिण में स्थित कैविटे शहर के मैदानी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि इस हादसे में कोई स्थानीय नागरिक हताहत हुआ है या नहीं.

### भीड़ पर गोलीबारी, एक की मौत, पांच घायल

**वाशिंगटन ।** अमेरिका की राजधानी में बुधवार को गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि वॉशिंगटन के कार्वर लैंगस्टन में शाम छह बजे के बाद गोलीबारी हुई थी. जांचकर्ताओं के अनुसार, कुछ संदिग्ध व्यक्ति एक वाहन से बाहर आये, फिर उन्होंने सड़क पर खड़े लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी. स्मिथ ने बताया कि इस गोलीबारी में एक की मौत हो गई जबकि दो पुरुष, एक महिला और नौ वर्षीय एक बच्चा घायल हो गये.

### तालाब में डूबने से चार बच्चों की हो गयी मौत

**आजमगढ़ (उप्र) ।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के कुशलगांव में तालाब में नहाते समय डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम उस समय हुई जब चार बच्चे तालाब में नहाने गए थे. बच्चों की उम्र सात से दस वर्ष के बीच है. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने इन बच्चों के कपड़े देखे, इसके बाद उन्हें तालाब से बाहर निकाला गया.

### 18 माह की बच्ची की हत्या कर दफनाया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक दंपती द्वारा अपनी 18 महीने की बच्ची की कथित तौर पर हत्या किए जाने और शव को चुपचाप एक कब्रिस्तान में दफनाने की घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्र से बाहर निकाला और पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने बताया कि पुलिस को किसी अनजान व्यक्ति ने पत्र भेज कर घटना की जानकारी दी थी. उन्होंने बताया कि शहर के मुंब्रा में रहने वाले जाहिद शेख और उसकी पत्नी नूरामी को 18 मार्च को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया.



### दिल्ली में मनाई गई ईद, जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने अदा की नमाज

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी में मुस्लिम समाज के लोगों ने गुरुवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की. ईद-उल-फितर पर्व रमज़ान महीना संपन्न होने पर मनाया जाता है. जामा मस्जिद में गुरुवार सुबह की नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और एक दूसरे के गले मिलकर बधाई दी. चांदनी चौक, मीना बाजार और दरीबा कलां सहित जामा मस्जिद के आसपास के बाजारों में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने त्योहार के लिए जमकर खरीदारी की. केरल और लद्दाख में बुधवार को ईद मनाई गई, जबकि देश के बाकी हिस्सों में यह 11 अप्रैल को मनाई जा रही है.

## सीबीआई ने आबकारी 'घोटाले' से जुड़े मामले में कविता को किया गिरफ्तार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया. एक अधिकारी ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं. सीबीआई ने उन्हें वहीं गिरफ्तार किया. सीबीआई के अधिकारियों ने हाल में एक विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद जेल के अंदर कविता से पूछताछ की थी. बीआरएस नेता से सह-आरोपी बुच्ची बाबू के फोन से बरामद व्हाट्सऐप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी. आप को कथित तौर पर आबकारी नीति में बदलाव के लिए रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये दिए गए थे. सूत्रों ने बताया कि इन पहलुओं पर कविता से पूछताछ के लिए सीबीआई अधिकारी शनिवार को तिहाड़ जेल गए थे. ईडी ने कविता (46) को 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था.

### ऋषिकेश में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी बोले-

# कांग्रेस ने राम के अस्तित्व पर सवाल उठाये, जनता देगी जवाब

**एजेंसी । ऋषिकेश**

प्रधानमंत्री मोदी ने आज गुरुवार कांग्रेस पर हिंदू धर्म को तबाह करने का प्रयास करने का आरोप लगाया. कहा कि इसके लिए जनता उसे सबक सिखा कर रहेगी. उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पूर्व ऋषिकेश में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास और विरासत दोनों की विरोधी है. उन्होंने कहा, कोई भी नहीं भूल सकता कि कांग्रेस पार्टी ने प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाये हैं. यह कांग्रेस ही है जिसने पहले राम मंदिर का विरोध किया, जितने अड़ंगे डाल सकते थे, डाले और अदालत में भी रूकावटें डालने को कोशिश कीं.

उन्होंने कहा, राम मंदिर बनाने वालों ने कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर उनके घर जाकर उन्हें मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण भेजा, लेकिन उन्होंने उसका भी बहिष्कार कर दिया. मोदी ने कहा कि अब तो कांग्रेस ने सार्वजनिक रूप से घोषणा कर प्रण लिया है कि हिंदू धर्म में निहित शक्ति का विनाश करेंगे..



**संस्कृति की रक्षा करना हमारा दायित्व है**

उन्होंने कहा, 'यह कांग्रेस शक्तिस्वरूपा मां धारी देवी, मां चंद्रबदनी देवी, मां ज्वाल्पा देवी की शक्ति को खत्म करना चाहती है. उत्तराखंड की आस्था को तबाह करने की साजिशें चल रही हैं और कांग्रेस की ये बातें आग में घी डालने का काम करेंगी. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आप सभी को भूलना नहीं है कि यह वही कांग्रेस है जो कहती रही है कि हर की पौड़ी मां गंगा के किनारे नहीं है, वह एक नहर के किनारे बसी है. ये गंगा जी के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं

**धारा 370 खत्म की**

मोदी ने कहा कि उनकी मजबूत सरकार ने सात दशकों बाद जम्मू-कश्मीर से धारा 370 खत्म की, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण दिया और पूर्व सैनिकों को ओआरओपी (वन रैंक, वन पेंशन) का लाभ दिया.

● **कांग्रेस को उत्तराखंड के लोग सबक सिखा कर रहें :** कांग्रेस को उत्तराखंड के लोग सबक सिखा कर रहेंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली स्थिर सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पहले के मुकाबले देश को बहुत मजबूत किया है. उन्होंने कहा कि उससे पहले जब तक देश में कमजोर और अस्थिर सरकारें रहीं, तब तक भारत में आतंकवाद ने पैर पसारे लेकिन उनकी मजबूत सरकार में आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा जाता है.

### 2020 में हुए दंगे के 11 आरोपियों को बरी किया

**नयी दिल्ली ।** अदालत ने वर्ष 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में शामिल 11 आरोपियों को बरी कर दिया. अदालत ने कहा कि आरोपी संदेह के लाभ के हकदार हैं क्योंकि उनके खिलाफ आरोप उचित संदेह से परे साबित नहीं हुए. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने इन 11 आरोपियों के खिलाफ एक मुकदमे की सुनवाई की जिन पर दंगे के दौरान 24 फरवरी 2020 को गंगा विहार में एक संपत्ति को आग लगाने और चोरी करने वाले समूह में शामिल होने का आरोप था. न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा, मैंने पाया कि इस मामले में आरोपी व्यक्तियों पर लगाए गये आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं किया जा सका.

### भारत से छह हजार मजदूर इजराइल जायेंगे

**नयी दिल्ली ।** इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच देश के निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों की कमी पूरा करने के लिए 6,000 से अधिक भारतीय श्रमिक अप्रैल और मई में इजराइल पहुंचेंगे. इजराइली सरकार ने एक बयान में कहा गया है कि इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्रालय और निर्माण एवं आवास मंत्रालय ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है कि इन श्रमिकों को रियायती विशेष विमान से लाया जायेगा. बयान के अनुसार इस निर्णय के बाद भारत से कामगारों को एयर शटल से लाया जायेगा. बता दें कि कि इजराइल का निर्माण उद्योग विशिष्ट क्षेत्रों में कामगारों की भर्ती करता है, जहां इजराइली कामगारों की भारी कमी है.

## न्यूज अपडेट

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता रोहन

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए. उन्होंने कांग्रेस पर अपमान और चरित्र हनन का आरोप लगाते हुए पिछले महीने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था. यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में गुप्ता ने भाजपा में शामिल हो गए. कांग्रेस ने रोहन को अहमदाबाद पूर्व लोस सीट से टिकट दिया था लेकिन उन्होंने अपने पिता की खराब सेहत का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया था.

### बसपा सांसद मलूक नागर ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**बिजनौर (उप्र) ।** बसपा को झटका देते हुए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. पार्टी ने नागर को बिजनौर से टिकट देने से मना कर दिया था. नागर ने बसपा प्रमुख मायावती को अपने इस्तीफे के संबंध में एक पत्र लिखा है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए गए अपने पत्र में नागर ने कहा कि राजनीतिक कारणों से मैं बसपा की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं. मलूक नागर का बिजनौर और इसके आसपास के क्षेत्रों में अपने समुदाय के मतदाताओं पर खासा प्रभाव माना जाता है.

### भाजपा विधायक के बेटे विवेक कांग्रेस में शामिल

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक में भाजपा विधायक अरबैल शिवराम हेब्बार के बेटे विवेक हेब्बार गुरुवार को उत्तर कन्नड़ जिले के बनवासी में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए. भाजपा छोड़ने के बाद, विवेक हेब्बार कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी इवान डिसूजा और अन्य स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए. उनके पिता एवं येल्लापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक शिवराम हेब्बार के भी कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं.



**लखनऊः** यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को लखनऊ में ईद-उल-फितर त्योहार के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए.

### भाजपा ने भदोही से विनोद को उम्मीदवार बनाया

**नयी दिल्ली ।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश के भदोही के वर्तमान सांसद रमेश बिंद का टिकट काटकर उनके स्थान पर मिर्जापुर के मझवां से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद को अपना उम्मीदवार घोषित किया. पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की 11वीं सूची में यह घोषणा की गई. उत्तर प्रदेश में निषाद पार्टी का भाजपा के साथ गठबंधन है. साल 2022 के उत्तर प्रदेश विस चुनाव में बिंद ने मझवां से निषाद पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी. गठबंधन के तहत वह इस बार भाजपा के चुनाव चिह्न पर भदोही से लोस चुनाव लड़ेंगे.

### भाजपा के घोषणा पत्र में सुरक्षा देने का वादा

**गंगटोक ।** भाजपा ने गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के सिक्किम प्रभारी दिलीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष डीआर थापा और अन्य नेताओं की उपस्थिति में सिक्किम विधानसभा के लिए पार्टी का चुनाव घोषणापत्र जारी किया. नड्डा ने कहा, बस, बहुत हो गया. सिक्किम के मुख्यधारा से जुड़ने का वक्त आ गया है. भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हम चाहते हैं कि पहाड़ में भी कमल खिले. हमारा घोषणापत्र यह सुनिश्चित करता है कि नागरिकों को दी जा रही योजनाओं और नीतियों से प्रत्येक सिक्किमवासी को सर्वोत्तम लाभ मिले.

### माकपा नेता एम.स्वराज की याचिका खारिज

**कोच्चि ।** केरल उच्च न्यायालय ने गुरुवार को माकपा नेता एम. स्वराज की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव में थ्रिप्पुनिथुरा सीट से कांग्रेस नेता और केरल के पूर्व मंत्री के. बाबू के चुनाव को अमान्य करने की अपील की थी. स्वराज ने अपनी याचिका में यह आरोप लगाया था कि बाबू ने अपने पक्ष में मत पाने के लिए चुनाव प्रचार के दौरान धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल किया था, लेकिन न्यायमूर्ति पी.जी. अजीत कुमार ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया.

## हरियाणा में स्कूल बस पलटने से छह बच्चों की मौत, 20 घायल

**एजेंसी । चंडीगढ़**

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही एक बस के पलट जाने से छह बच्चों की मौत हो गयी और 20 घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. बताया जाता है कि महेंद्रगढ़ में किसी वाहन से आगे निकलने की कोशिश के दौरान बस पलट गयी. महेंद्रगढ़ के पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने पीटीआई-भाषा को फोन पर जानकारी दी कि बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्होंने कहा, चालक की मेडिकल जांच की जा रही है, जिसके बाद हम पुष्टि कर पायेंगे कि वह नशे में था या नहीं, एसपी ने कहा कि कुछ खबरों में यह



भी दावा किया जा रहा है कि बस चालक ने लापरवाही से गाड़ी चला रहा था. उन्होंने बताया कि घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा महेंद्रगढ़ के लिए रवाना हो गयीं

### जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर ।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है. मौके पर से उनके कब्जे से तीन हथगोले भी बरामद किये गये हैं. एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें पुख्ता जानकारी मिली थी कि प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े कुछ अज्ञात आतंकवादी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के इरादे से बारामूला शहर में घूम रहे हैं. प्रवक्ता ने कहा कि तीनों की पहचान ओवैस अहमद वाजा, बासित फयाज कालू और फहीम अहमद मीर के रूप में हुई है जो कथित तौर पर सुरक्षा बलों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दे रहे थे. उन्होंने कहा कि उनका इरादा आगामी चुनावों के मद्देनजर बारामूला में शांति भंग करना था.

## चीन पर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया 'निष्प्रभावी और कमजोर' : रमेश

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने सीमा उल्लंघन को लेकर चीन को 'निष्प्रभावी और कमजोर'



प्रतिक्रिया देने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए मांग की कि वह अपने जून 2020 के उस बयान के लिए 140 करोड़ भारतीयों से माफी मांगें जिसमें उन्होंने दावा किया था कि न तो किसी ने भारत में प्रवेश किया और न ही किसी चौकी पर कब्जा किया गया है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यूजवीक पत्रिका को दिए गए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया बेहद कायरतापूर्ण है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारतीय संप्रभुता का चीन द्वारा बार-बार उल्लंघन किए जाने पर प्रधानमंत्री की एकमात्र टिप्पणी यह थी कि भारत-चीन सीमा स्थिति पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ताकि द्विपक्षीय संवादों में असामान्यता को दूर किया जा सके. रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री के पास चीन को एक शक्तिशाली संदेश भेजने का अवसर था. लेकिन उनकी निष्प्रभावी और कमजोर प्रतिक्रिया से भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा जताने के लिए चीन का हौसला और बढ़ सकता है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# न्यूक्लियर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर

**रजनीश प्रसाद**

न्यूक्लियर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम, एक ऐसा पाठ्यक्रम है, जिसकी पढ़ाई का उपयोग पनडुब्बियों, जहाजों और अंतरिक्षयान बनाने सहित उसके मेंटेनेंस में कर सकते हैं. खासकर बिजली संयंत्रों में बिजली त्पादन में भी न्यूक्लियर इंजीनियरिंग का उपयोग कर सकते हैं. यह सबएटॉमिक साइंस है, जिसमें एटॉमिक न्यूक्लियस का विस्तृत अध्ययन शामिल है. यह आगे न्यूक्लियर फिजिक्स में टूट जाता है, जो न्यूक्लियर, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन जैसी सुविधाओं की तलाश करता है. यह चिकित्सा इमेजिंग, न्यूक्लियर फ्रैगमेंटेशन रिएक्टर, अल्ट्रासेंसिटिव कंट्राबेंड डिटेक्टर व फ्यूजन रिएक्टर कंपोनेंट्स पर ध्यान केंद्रित करता है.

### न्यूक्लियर इंजीनियरिंग से आप क्या समझते हैं

न्यूक्लियर इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की वह शाखा है, जिसमें एटॉमिक न्यूक्लियस का विस्तृत अध्ययन शामिल है. इसके तहत परमाणु और विकिरण प्रक्रियाओं से संबंधित प्रयोग शामिल होते हैं. न्यूक्लियर इंजीनियरिंग के लिए ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स मौजूद हैं.



### भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- देश के सभी आईआईटी
- आंध्र यूनिवर्सिटी : कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशाखापत्तनम
- एनआईटी सुरथकल : नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक
- इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
- सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- वेल्स विश्वविद्यालयः वेल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज
- श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
- शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुरी
- इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- पार्क कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- समुंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मैरीटाइम स्टडीज, पुणे
- जीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई

### न्यूक्लियर इंजीनियर बनने के लिए जरूरी स्किल

- डिजाइन एलिमेंट्स की सेल्फ टेस्टिंग और पहचान करें.
- न्यूक्लियर साइंस की बारीकियों को समझने की क्षमता होनी चाहिए.
- लॉजिकल थिंकिंग एबिलिटी होनी चाहिए.
- इनोवेटिव आइडिया होने चाहिए.
- एडवांस मैथ्स में विशेषज्ञता होनी चाहिए.
- रीजनिंग और प्रॉब्लम्स सॉल्विंग एबिलिटीज होनी चाहिए.

### न्यूक्लियर इंजीनियरिंग में पढ़ाये जानेवाले विषय

- इंग्लिश
- केमिस्ट्री
- वैल्यू एजुकेशन
- मैथेमैटिक्स
- एनवायरमेंटल साइंस
- फिजिक्स
- न्यूक्लियर फ्यूज़न
- प्लाज्मा फिजिक्स
- बेसिक इंजीनियरिंग
- बायोलॉजिकल इफेक्ट ऑफ रेडिएशन
- मैटेरियल साइंस
- न्यूक्लियर रेडिएशन
- न्यूक्लियर-थर्मल हाइड्रोलिक
- रिएक्टर थ्योरी एंड काइनेटिक
- लैंग्वेज
- एप्लाइड रेडियो केमिस्ट्री
- फ्लूइड डायनामिक्स
- न्यूक्लियर रिएक्टर थ्योरी
- न्यूक्लियर रेडिएशन मेजरमेंट
- मैकेनिक्स ऑफ मेटेरियल
- मॉलिक्यूलर एंड सेल बायोलॉजी
- क्वांटम मैकेनिक्स
- इंजीनियरिंग इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट
- न्यूक्लियर फ्यूल सिस्टम
- थर्मोडायनामिक
- न्यूक्लियर पावर इंजीनियरिंग
- न्यूट्रॉन फिजिक्स
- न्यूक्लियर वेस्ट मैनेजमेंट
- इंजीनियरिंग मैकेनिक्स एंड फ्लूइड मैकेनिक्स



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)